






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 300
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews   janexpresslive   janexpresslive   www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 14 अगस्त, 2024


## सीएम योगी ने 1036 अभ्यर्थियों को बांटे नियुक्ति पत्र, विपक्ष पर बोले हमला

# खटाखट वाले फिर निकल गए पिकनिक मनाने: योगी

### योगी बोले, 2017 से पहले चाचा-भतीजे में होड़ लगती थी कि कौन कितनी भर्ती करवाएगा



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 1036 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटें। इस दौरान एक अभ्यर्थी की बात-चीत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को नियुक्ति पत्र बंट रहा है यही असली खटाखट है। वह नहीं जो अप्रैल-मई में सुनने को मिल रहा था। ना महीने के 8500 मिले और ना साल के 1 लाख। खटाखट वाले पिकनिक मनाने निकल पड़े हैं। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में अलग-अलग विभागों के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के बाद सीएम ने कहा कि पिकनिक मनाने वाले निकल लोग जब मौसम आएगा तो फिर समाज को विभाजित करने, अराजकता फैलाने आ जाएंगे। अगर धोखे से कहीं लॉटरी लग गई तो प्रदेश को नोच खाएंगे। ये वही लोग हैं, जिन्होंने प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। कारनामे वहीं हैं, बस हुलिया बदलकर फिर के आपके सामने बहकाने आ गए हैं।

### इनको मिली नियुक्ति

योगी ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 536 सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी), 235 सहायक सांख्यिकीय अधिकारी, 213 कनिष्ठ सहायक, लेखा लिपिक, मंडी पर्यवेक्षक श्रेणी-2, मंडी निरीक्षक, 15 नक्शानवीस/मानचित्रक और 37 मानचित्रकार सहित कुल 1036 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इन युवाओं को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पर्यावरण, वन, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन, मंडी परिषद, मत्स्य विभाग, अर्थ एवं संख्या प्रभाग, सहकारिता विभाग, नगर एवं ग्राम्य नियोजन, पर्यटन विभाग, लघु सिंचाई और संस्थागत वित्त में नियुक्ति मिली है।

### इन पदों पर मिले कार्मिक

**536** सहायक शोध अधिकारी

**235** सहायक सांख्यिकी अधिकारी

**213** कनिष्ठ सहायक, मंडी निरीक्षक

**15** नक्शानवीस

**37** मानचित्रकार

### अब बिना किसी सिफारिश और लेन-देन के मिल रही नौकरी

उन्होंने कहा कि अब बिना किसी सिफारिश और लेन-देन के उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी प्राप्त करना संभव है। विगत साढ़े सात वर्ष से हमारी सरकार आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा चयन आयोग के द्वारा 2012 से 2017 के बीच 26394 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया संपन्न हुई थी। इसमें 13469 पदों पर सामान्य, 6966 पदों पर ओबीसी, 5634 पदों पर एससी और 327 पदों पर एसटी वर्ग के युवाओं का चयन हुआ था। इसमें ओबीसी का जो प्रतिशत है, वह केवल 26.38 प्रतिशत था। वहीं हमारी सरकार में उत्तर प्रदेश लोक सेवा चयन आयोग के माध्यम से 46,675 भर्तियां हुईं। इसमें ओबीसी के कुल 17929 अभ्यर्थी चयनित हुए, जिनका प्रतिशत 38.41 है। ओबीसी, एससी और एसटी के प्रतिशत को अगर जोड़ लिया जाए तो डबल इंजन सरकार में 60 प्रतिशत से ज्यादा अभ्यर्थियों का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा चयन आयोग के माध्यम से हुआ है।

### अफवाह फैलाने वाले गिरोह संदेह पैदा कर रहे

सीएम ने कहा कि जिनके पास कोई काम नहीं है उनके पास अफवाह फैलाने के अलावा कोई दूसरा चारा नहीं है। जब जनता ने मौका दिया तो कुछ नहीं किया। आज उन्हें इस बात का मलाल रहता है कि यह सरकार युवाओं के लिए कैसे कदम उठा रही है। इसलिए, अपने गिरोह को आगे करके किसी न किसी प्रकार से अफवाह पैदा कर रहे हैं। समाज में अनावश्यक तौर पर माहौल खराब करने और संदेह पैदा करने की की कोशिश कर रहे हैं। आज, युवाओं के लिए किए जाने वाले रिफॉर्म में यूपी अग्रणी है। आज कहीं भी यूपी का नाम लेने पर लोग सम्मान देते हैं। यह पहचान आसानी से नहीं बदली है। कठोर से कठोर निर्णयों के लिए भी जनता के आशीर्वाद से यह संभव हुआ है। योगी ने कहा कि यूपी से बाहर गए लोग भी अब प्रदेश में ही लौटकर नौकरी कर रहे हैं। सीएम कॉन्क्लेव में कई राज्यों के सीएम ने मुझसे कहा कि यूपी के लोगों के वापस लौटने से हमारे उद्योगों के लिए संकट खड़ा हो रहा है।

### गलत कितना भी चालाक हो पर्दाफाश होगा

सीएम ने अभ्यर्थियों से कहा कि पारदर्शिता से नौकरी मिली है तो काम भी ईमानदारी से करें। अगर चयन के बाद घर बैठ गए तो वहीं से लुढ़कना शुरू हो जाता है। व्यक्ति भटकाव की स्थिति में आता है तो रिटायरमेंट के पहले ही घर जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। समाज के सामने मुंह दिखाने की स्थिति में नहीं होता। कोई कितना भी चालाक हो, अगर गलत है तो उसका एक दिन पर्दाफाश जरूर होगा। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, मयंकेश्वर शरण सिंह, अरुण कुमार, राज्यमंत्री रामकेश निषाद, केपी मलिक भी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री योगी ने तिरंगा यात्रा को किया रवाना

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग से भारतीय जनता पार्टी की ओर से निकाली गई तिरंगा यात्रा को रवाना किया। यात्रा निकालने वाले उत्साही कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं दी और भरोसा जताया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी घरों पर तिरंगा लहराया जाएगा। उनके साथ इस मौके पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह समेत भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। यात्रा रवाना करने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि दो वर्ष पहले आजादी के अमृत महोत्सव से जुड़कर पंच प्रण का संकल्प लिया था। हर घर तिरंगा के माध्यम से भारत के आन, बान, शान का प्रतीक तिरंगा लहराने का काम किया था। मुझे प्रसन्नता है कि 2022-23 में उत्तर प्रदेश में 5 करोड़ से अधिक घरों पर तिरंगा लहराने का कीर्तिमान स्थापित किया था। गत वर्ष भी अमृत कल के प्रथम वर्ष में उत्तर प्रदेश में लगभग साढ़े चार करोड़ घरों पर तिरंगा लहराया गया था।

### पहले अराजकता का तांडव होता था

योगी ने कहा- सपा सरकार से ज्यादा हमारी सरकार में ओबीसी आरक्षण दिया। यह वही प्रदेश है, जहां पहले दंगे होते थे। न बेटी सुरक्षित थी, न ही व्यापारी। अराजकता का तांडव होता था। इसका परिणाम यह हुआ कि दूसरे प्रदेशों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। जिन लोगों के पास कोई काम नहीं है। वह अफवाह फैलाकर युवाओं को गुमराह कर रहे हैं।

### खटाखट स्कीम वालों का देश में अता-पता नहीं

उन्होंने कहा- लोकसभा चुनाव के दौरान अप्रैल-मई के महीने में खटाखट स्कीम के बारे में सुना होगा। लोगों से एक-एक लाख रुपए के बॉन्ड भरवाए गए थे। हर महीने 8500 रुपए भेजने का वायदा किया गया था, लेकिन खटाखट स्कीम वालों का देश में अता-पता नहीं है।

### 2017 में हमने तय किया था सजा ऐसी देंगे कि नजीर बनेगी

सीएम ने कहा- 2017 में शपथ ग्रहण के तुरंत बाद हमने संकल्प लिया था कि अगर किसी ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया तो उसको हम सजा देंगे, जो देश और दुनिया के लिए की नजीर बनेगी। तब से यह लागू है। आज उन लोगों (विपक्ष) को यह मलाल रहता है कि हम कुछ नहीं कर पा रहे थे। यह सरकार कैसे कर रही है, इसलिए अपने गिरोह को आगे कर समाज में माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके माध्यम से लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। वह लोगों के मन में इस तरह भाव कर रहे हैं कि उनके साथ अन्याय हुआ है। प्रदेश सरकार ने तमाम प्रयास किए हैं। आज उसके परिणाम सामने आ रहे हैं। प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए अभ्युदय कोचिंग की प्रणाली लागू की।

### यूपी में 40 लाख करोड़ का निवेश आया

सीएम ने कहा- उत्तर प्रदेश देश के किसी भी राज्य के तुलना में सबसे अच्छी आर्थिक प्रगति करने वाला राज्य है। यूपी में 40 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश आया। मेरे पास 8 से 10 ऐसे बड़े-बड़े उद्योगों के प्रस्ताव आए हैं, जो कहते हैं वर्चुअल ही उद्घाटन कर दीजिए। उत्तर प्रदेश में सबसे अच्छा निवेश आ रहा है।

## उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने अपनी तीन भर्ती परीक्षाओं को टाला

### 23 से 31 अगस्त के बीच होने वाली पुलिस भर्ती पुनर्परीक्षा के कारण आयोग ने अपनी तीन भर्ती परीक्षाओं को आगे बढ़ाया

- तीन जून को जारी कैलेंडर में होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी 2023 और होम्योपैथिक आवासीय चिकित्साधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा 25 अगस्त को प्रस्तावित थी
- अब होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा 15 सितंबर को प्रथम एवं द्वितीय सत्र में होगी
- होम्योपैथिक आवासीय चिकित्साधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा 18 सितंबर को कराई जाएगी

**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से सिपाही भर्ती की पुनर्परीक्षा को पूरा सरकारी तंत्र बहुत गंभीरता से ले रहा है। यही कारण है कि 23 से 31 अगस्त के बीच होने वाली पुलिस भर्ती पुनर्परीक्षा के कारण उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने अपनी तीन भर्ती परीक्षाओं को टाल दिया है। आयोग के सचिव अशोक कुमार की ओर से सोमवार को नई डेट जारी की गई है। तीन जून को जारी कैलेंडर में होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी 2023 और होम्योपैथिक आवासीय चिकित्साधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा 25 अगस्त को प्रस्तावित थी। अब होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा 15 सितंबर को प्रथम एवं द्वितीय सत्र में होगी। वहीं होम्योपैथिक आवासीय चिकित्साधिकारी स्क्रीनिंग परीक्षा 18 सितंबर को कराई जाएगी।


### किस दिन कौन सी परीक्षा होगी

तीन जून के कैलेंडर में सहायक नगर नियोजक 2023 मुख्य परीक्षा 15 सितंबर को प्रस्तावित थी। अब 15 सितंबर को होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी भर्ती परीक्षा होने के कारण सहायक नगर नियोजक 2023 मुख्य परीक्षा 25 सितंबर को कराई जाएगी। चिकित्साधिकारी यूनानी 2023 स्क्रीनिंग परीक्षा पूर्व निर्धारित डेट छह अक्तूबर को होगी।

## जगदंबिका पाल होंगे वक्फ संशोधन विधेयक के लिए गठित जेपीसी के अध्यक्ष

### लोकसभा सचिवालय ने जारी की अधिसूचना

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर संसद में काफी खींचतान देखने को मिली है। संसद के दोनों सदनों में इस विधेयक को लेकर काफी हंगामा मचा और इसके बाद सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने इस विधेयक को जांच के लिए संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेज दिया। अब खबर है कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदंबिका पाल इस समिति के प्रमुख होंगे। अधिकारियों का कहना है कि जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में इस विधेयक की जांच होगी।

### संयुक्त समिति में कुल 31 सदस्य

लोकसभा में विपक्ष ने इस विधेयक के प्रावधानों को विरोध किया है। इसके बाद केंद्र सरकार ने इस विधेयक को जांच के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजा। आपको बता दें कि संसद की संयुक्त समिति में कुल मिलाकर 31 सदस्य हैं। इनमें से 21 सदस्य लोकसभा तो 10 सदस्य राज्य सभा से हैं। संसद के अगले सत्र में संयुक्त समिति द्वारा अपनी रिपोर्ट को पेश किया जाएगा। बीते शुक्रवार के संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा और राज्यसभा में वक्फ संशोधिन विधेयक को पेश किया था। अधिकारियों का कहना है कि जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में संयुक्त समिति द्वारा जल्द ही एक औपचारिक अधिसूचना जारी की जा सकती है।

### सूची में इनके नाम शामिल

**लोकसभा सदस्यः** जगदंबिका पाल, डॉ, निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, संजय जायसवाल, दिलीप शाक्य, अभिजीत गंगोपाध्याय, डी.के. अरुणा, गौरव गोगोई, इमरान मसूद, डॉ. मोहम्मद जावेद, मोहिबुल्लाह, कल्याण बनर्जी, ए. राजा, लावु श्री कृष्ण देवरायलु, दिलेश्वर कामेत, अरविंद सावंत, सुरेश गोपीनाथ, नरेश गणपत म्हस्के, अरुण भारती, असदुद्दीन ओवैसी

**राज्य सभा सदस्यः** बृज लाल, मेधा कुलकर्णी, गुलाम अली, डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, डॉ. सईद नसीर हुसैन, मोहम्मद नदीमुल हक, वी. वियसाई रेड्डी, एम. मोहम्मद अब्दुल्ला, संजय सिंह, डॉ. धर्मस्थल वीरेंद्र हेगड़े

## नहीं रुक रही नकल: आजमगढ़ में डीएलएड परीक्षा के दौरान कॉलेज पर पुलिस का छापा, 11 को लिया गया हिरासत में

**जन एक्सप्रेस । आजमगढ़**

यूपी के आजमगढ़ जनपद में चल रही डीएलएड परीक्षा में बड़े पैमाने पर नकल की बात सामने आ रही है। इसमें कुछ संगठनों द्वारा शिकायत भी की गई थी। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस ने सेठवल स्थित एक विद्यालय पर सुबह की पाली में छापामारी की। इस दौरान पुलिस ने वहां से कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। वर्तमान में पकड़े गए लोगों को सिधारी थाने में लाकर पूछताछ की जा रही है। जनपद में चल रही डीएलएड की परीक्षा में नकल होने की शिकायत लगातार हो रही थी। एबीवीपी और जन जागृति सेवा संस्थान द्वारा इसकी शिकायत की गई थी कि डीएलएड परीक्षा में बड़े पैमाने पर नकल का खेल चल रहा है। इस शिकायत को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को पुलिस की टीम ने रानी की सराय स्थित राजेंद्र स्मारक इंटर कॉलेज सेठवल में छापामारी की। इस दौरान पुलिस के वहां से 11 लोगों के उठाए जाने की बात कही जा रही है। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए लोगों से सिधारी थाने में पूछताछ की जा रही है। लोगों द्वारा इस मामले में कॉलेज के प्रधानाचार्य, लिपिक, दो शिक्षक और एक चपरासी के साथ ही बाहर घूम रहे कुछ लोगों को उठाए जाने की भी बात कही जा रही है।

## स्वतंत्रता दिवस पर आतंकी हमले की आशंका, डीजीपी ने सड़क, रेल और हवाई मार्गों पर दिए सख्ती के आदेश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आतंकी हमले की संभावना के दृष्टिगत अलर्ट रहने के लिए डीजीपी प्रशांत कुमार ने पुख्ता सुरक्षा बंदोबस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्य राज्यों की सीमाओं से सटे जिलों में आतंकी एवं अन्य संगठनों की गतिविधियों के मद्देनजर रेल, सड़क एवं हवाई आगमन पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। वहीं स्वतंत्रता दिवस के महत्वपूर्ण आयोजनों जैसे तिरंगा यात्रा, प्रभात फेरी, झांकी आदि की सुरक्षा बढ़ाने, एंटी-सैबोटॉज चेकिंग कराने, कार्यक्रम स्थलों के प्रवेश एवं निकास द्वारों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध करने, रूफ-टॉप ड्यूटी लगाने तथा ट्रैफिक प्रबंध करने के निर्देश भी दिए। मंगलवार को डीजीपी की ओर से सभी एडीजी जोन, आईजी रेंज, जिलों के कप्तानों, रेलवे आदि को पुलिसकर्मियों की ब्रीफिंग करके सचेत व सक्रिय रहने को कहा गया। वहीं रेलवे, मेट्रो, बस स्टेशन, सिनेमाहाल, मल्टीप्लेक्स, शॉपिंगमॉल, होटल, धर्मशाला, गेस्टहाउस, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश एवं जिलों के समस्त प्रवेश मार्गों पर लगातार चेकिंग के लिए चेकपोस्ट एवं बैरियर ड्यूटी को सतर्क रखने को भी कहा।


**कानपुर एक्सप्रेस**



**कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11**

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


## 53 नदियों से देश के छह राज्यों पर मंडरा रहा संकट, सभी खतरे के निशान से ऊपर, इनके लिए अलर्ट जारी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



देश के 6 राज्यों की 53 अलग-अलग छोटी-बड़ी नदियों में बाढ़ का पानी लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि यह सभी नदियां बीते 24 घंटे के भीतर ही खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई हैं। उत्तर भारत से लेकर मध्य और पूर्व से लेकर दक्षिण की इन सभी नदियों में लगातार बढ़ रहे पानी को देखते हुए केंद्र सरकार ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान संबंधित राज्यों को अलर्ट जारी किया है। फिलहाल जिन राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है उसमें असम, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश शामिल है। केंद्र सरकार की ओर से देश के अलग-अलग हिस्सों की नदियों में बढ़ रहे जलस्तर को मॉनिटर करने के लिए बनाई गई टीम के मुताबिक, अगले 24 घंटे इन सभी राज्यों के लिए और बेहद महत्वपूर्ण हैं। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने मंगलवार को देश के सभी राज्यों की नदियों में बढ़े हुए जलस्तर की मॉनिटरिंग के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में बीते 72 घंटे के दौरान सभी नदियों के जलस्तर का आकलन कर केंद्र सरकार से रिपोर्ट साझा की गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, अलग-अलग राज्यों के जिलों शहरों और इलाकों से होकर बहने वाली प्रमुख नदियों की 138 जगहों पर नदियों के जलस्तर को जांचा गया। नदियों में जलस्तर को मॉनिटर करने के लिए बनाई गई सेंट्रल कमेटी के सदस्य डॉक्टर अरविंद के गुप्ता कहते हैं कि फिलहाल देश के 6 राज्यों में बहने वाली छोटी बड़ी नदियों में जलस्तर खतरे के निशान से लगातार ऊपर बह रहा है। इसमें असम, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 22 नदियों में बढ़े हुए जलस्तर पर ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि आंध्र प्रदेश में भी एक नदी को यलो अलर्ट के तौर पर चिह्नित किया गया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे ज्यादा बिहार के अलग-अलग हिस्सों में बहने वाली प्रमुख नदियों से कई शहरों और जिलों को खतरा बना हुआ है। दूसरे नंबर पर असम की नदियों में बड़े हुए जलस्तर से स्थितियां बाढ़ के चलते बदहाल हो रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार के अलग-अलग हिस्सों से बहने वाली नदियों से 13 जिलों जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बहकर गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। इसके अलावा बिहार की 12 जिलों में सहायक नदियों में भी खतरे से ऊपर पानी बह रहा है। केंद्र सरकार को भेजी गई रिपोर्ट में लगातार बढ़ रहे पानी से इस राज्य में गंभीर स्थिति का जिक्र किया गया है।

### देश के छह अलग-अलग राज्यों में बहने वाली इन प्रमुख नदियों से बना है खतरा

| | | | |
|---|---|---|---|
| खतरा | गंडक | कुशियारा | महानंदा |
| कोसी | बूढ़ी गंडक | जियभ्राली नदी | कमला |
| बागमती | पुनपुन | धनसिरी दक्षिण नदी | कमलाबलान |
| देशांग | तुंगभद्र | दीखो नदी | सोन नदी |
| बारडेहिंग | बेकी | परमान | राप्ती |
| गंगा | ब्रह्मपुत्र | | रामगंगा |
| घाघरा | संकोष | | तीस्ता |

### सात अन्य नदियों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया

लगातार हो रही बारिश और नदियों में बड़े हुए जलस्तर से उत्तर प्रदेश की पांच नदियों के लिए केंद्र सरकार की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सात अन्य नदियों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक असम के दस अलग अलग हिस्सों में प्रमुख और सहायक नदियों से बीते 72 घंटे के असम बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश जलस्तर बढ़ा है। इस बढ़े हुए जलस्तर को देखते राज्य को इन नदियों के लिहाज से येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसी तरह पश्चिम बंगाल की दो नदियों में पानी का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। दोनों नदियों में बड़े हुए जलस्तर को देखते हुए इस राज्य को भी केंद्र सरकार की ओर से अलर्ट जारी कर बचाव के संभावित दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

### लगातार जलस्तर बढ़कर खतरनाक स्थिति

देश में नदियों के बढ़े हुए जलस्तर को मॉनिटर करने के लिए बनाई गई कमेटी के डॉक्टर अरविंद के. गुप्ता कहते हैं झारखंड और आंध्र प्रदेश की भी दो नदियों में लगातार जलस्तर बढ़कर खतरनाक स्थिति में पहुंचता जा रहा है। हालांकि, उनका कहना है कि मंगलवार को हुई बैठक में देश के किसी भी हिस्से में रेड अलर्ट तो नहीं हुआ है, लेकिन जिन राज्यों में येलो अलर्ट और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, वहां की नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। फिलहाल मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, अगले एक सप्ताह तक लगातार बारिश हो सकती है। उसी आधार पर केंद्र सरकार ने बाढ़ प्रभावित राज्यों को और ज्यादा अलर्ट रहने के दिशा निर्देश जारी किए हैं।

# जिलाधिकारी ने की रामवन गमन मार्ग के भूमि अधिग्रहण की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मंगलवार को रामवन गमन मार्ग पैकेज -5 के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति परिसंपत्तियों आदि के मूल्यांकन एवं वन विभाग को भूमि प्राप्त किए जाने की समीक्षा एवं सिटी डेवलपमेंट प्लान, डिफेंस कारीडोर, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे (लिंक एक्सप्रेसवे मार्ग) के भूमि अधिग्रहण एवं अंश निर्धारण के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने रामवन गमन मार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रगति में लेखपालों को निर्देश दिए कि जिन गांवों में किसानों द्वारा अंश निर्धारण अभी तक प्रस्तुत नहीं किया गया है, वह तत्काल अंश निर्धारण करके जमा करें ताकि किसानों से बैनामा करा कर धनराशि का भुगतान किया जा सके। उन्होंने तहसीलदार कर्वी व राजापुर को निर्देश दिए कि लेखपालों को लगाकर अंश एवं कर निर्धारण को कराया जाए। साथ ही अच्छी तरह से अंश निर्धारण का परीक्षण भी किया जाए। उन्होंने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए कि सीओ चकबंदी, एसीओ चकबंदी के पास जिन किसानों की वरासत की पत्रावली लंबित है, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को यह निर्देश दिए कि जो चकबंदी से सम्बन्धित गांव हैं, उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराया जाए, जिन गांवों के काश्तकार बाहर रहते हैं, उनसे सम्बन्धित तहसीलदार संपर्क कर भूमि अधिग्रहण कराया जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्बन्धित गांवों के लेखपालों को प्रतिदिन का काश्तकारों के अंश निर्धारण का लक्ष्य दिया जाए। प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि जो वन विभाग की भूमि रामवन गमन मार्ग में पड रही है, उसमें सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों से संपर्क करके भूमि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने डिफेंस कारीडोर की भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा करते हुए सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देश दिए कि इसमें प्रगति कराए। साथ ही एक माइक्रो प्लान बनाकर सम्बन्धित ग्रामों में शिविर भी लगाया जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि प्रतिदिन सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों व बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा करें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी व तहसीलदार कर्वी को निर्देश दिए कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के विस्तारित सडक निर्माण कार्य के लिए सम्बन्धित गांवों के काश्तकारों को चिन्हित करके भूमि का बैनामा कराया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एम एल धर्मान, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह आदि मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा युवा शक्ति की ऊर्जा का है प्रकटीकरण – अनिल यादव

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा चित्रकूट द्वारा राष्ट्रीय, प्रदेश व क्षेत्रीय नेतृत्व के आह्वान पर स्वतंत्रोत्सव के उपलक्ष्य पर मऊ-मानिकपुर विधानसभा में जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा हीरो मिश्रा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। तिरंगा यात्रा जोरवारा टोल प्लाजा से आरम्भ होकर मऊ नगर पंचायत के मुख्य चौराहों से होते हुये सम्पन्न हुई। यात्रा के बाद बलिदानी शहीदों को स्मरण करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने भावांजली अर्पित की।

कानुपर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष चित्रकूट प्रभारी अनिल यादव ने कहा कि तिरंगा यात्रा जन-जन के सहभाग से राष्ट्र के स्वतंत्रोत्सव का आयोजन है। तिरंगा यात्रा युवा शक्ति की ऊर्जा का प्रकटीकरण है। तिरंगा यात्रा में हम सब स्वतंत्रता के महत्व को समझने के लिए संकल्पित भाव से जुडे। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा जन-जन को ज्ञात अज्ञात शहीदों का बलिदान याद करायेगी। युवा शक्ति बलिदानी वीरो के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण के कार्य में संकल्पित योगदान करें। पूर्व मत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से जन-जन में राष्ट्रवाद की भावना जाग्रत होती है। पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला ने कहा कि तिरंगा जो हम सबकी शान है इसकी गरिमा की रक्षा करना हम सबका धर्म है। युवा मोर्चा अध्यक्ष हीरो मिश्र ने कहा कि हम सबको पल-पल वीरों के बलिदान को नमन करना चाहिए। यात्रा संयोजक मोहित मिश्रा ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के कार्य को गति प्रदान कर सकती है।

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख रामनगर गंगाधर शुक्ला, मऊ सुशीला वर्मा, राजेश जायसवाल, आनंद पटेल, महेन्द्र कोटार्य, मनोज तिवारी, संजय पांडेय, अभिषेक ओझा, उज्ज्वल गप्ता, महेश पांडेय, पुष्पराज सिंह, आशीष पांडेय, नागेन्द्र त्रिपाठी, अजय मिश्रा, अरविद शुक्ला, राजेन्द्र बच्चन त्रिपाठी, अतुल द्विवेदी, विकास साहू, राजीव शुक्ला, विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# तिरंगा अभियान इतिहास, स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों का कराता है स्मरण: अनिल

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित तथा दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान द्वारा हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत सीतापुर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का सभासद शुभारंभ बृजेन्द्र शुक्ला एवं निदेशक जन शिक्षण संस्थान अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। तिरंगा यात्रा के बाद गोष्ठी का आयोजन कर तिरंगा यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। निदेशक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देश के हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि नई पीढी के साथ देश के सभी नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, गौरव और सम्मान को बढाया जा सके। यह अभियान हमारे इतिहास, हमारे साझा मूल्यों और हमारी स्वतंत्रता के लिए किए गए सर्वस्व त्याग, बलिदानों का स्मरण कराता है। गर्व से तिरंगा फहराकर हम विविधता में एकता, अपनेपन की भावना, अपने राष्ट्र के प्रति सम्मान के साथ वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को मजबूत करते हैं। साथ ही इस आंदोलन से सभी समुदायों को एक साथ लाने और हर नागरिक के दिल में अपने देश के लिए गहरा प्यार पैदा करने की ऊर्जा का संचार होता है। सामाजिक विकास संस्थान की महिला काउंसलर नीलम गुप्ता ने कहा कि हम सभी विशेष रूप से मातृशक्ति को अपने अतीत पर गर्व करते हुए स्वयं को बेहतर बनाते हुए परिवार, समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में अपना सर्वोत्तम करने की भावना के साथ सदैव आगे बढ़ना होगा।

# दुरुस्त करें गौशालाओं की सफाई व्यवस्था: पाठक

जन एक्सप्रेस। मऊ, चित्रकूट



मऊ उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक ने गौशाला संचालन को लेकर खण्ड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा के साथ बैठक की। जिसमें सभी प्रधानों और सचिवों को व्यवस्थित तरीके से करने के निर्देश दिए।

उप जिलाधिकारी ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में गौशाला संचालन के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए गौवंश को पानी से बचाने की व्यवस्था रखी जाए। नियमित रूप से गौशालाओं की सफाई की जाए। जिससे गोबर और कीचड के कारण मवेशी परेशान न हों। कमजोर और बीमार गौवंश के इलाज की समुचित व्यवस्था की जाए। किसी भी हालत में अन्ना गौवंश सड़कों में नहीं घूमने चाहिए। गौवंश की देखरेख के लिए नियमित रूप से चरवाहे गौशाला में मौजूद रहें। साथ ही गौशाला में संरक्षित गौवंश की संख्या नियमित रूप से रजिस्टर में अंकित की जाए। साथ ही नोडल अधिकारियों द्वारा प्रतिमाह गौशालाओं का निरीक्षण करके सूचना उपलब्ध कराई जाए।

उप जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सचिव और प्रधान गौशालाओं में गौवंश के संरक्षण के लिए जिम्मेदार हैं। नगर पंचायत के प्रभारी रवि कुमार को निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में भी गौशाला का संचालन सही तरीके से किया जाए। जिससे मुख्य मार्गों पर मवेशी न टहलते नजर आएं। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में दूध निकालने के बाद कुछ लोग गौवंश को अन्ना छोड देते हैं। जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। साथ ही ऐसे मवेशी किसानों की फसल भी नष्ट करते हैं। ऐसे पशुपालकों को चेतावनी दी जाए। इसके बाद भी गौवंश को छोड़ने वाले पालकों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

# सर्प के काटने से किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** खेत पर काम करते समय किसान को सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला झांसी के थाना एरच क्षेत्र के ग्राम गोकल पारा निवासी रामलाल पाल का 22 वर्षीय पुत्र राकेश पाल खेती किसानी का काम करता था। वह रोज की तरह सोमवार को खेत पर गया था। तभी देर शाम उसे जहरीले सर्प ने काट लिया। इसके बाद वह खेत से घर आया और परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने कई जगह उसकी झाड़ फूंक कराई, लेकिन रात में उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ते देख परिजन घबरा गए और मेडिकल कालेज लाए। जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

# राम और राष्ट्र को समर्पित कवि सम्मेलन आज

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

**कामदगिरि पीठम में अपरान्ह 3 बजे से सजेगी कवियों की महफिल**

श्रावण झूला महोत्सव, तुलसी जयंती समारोह एवं स्वतंत्रता दिवस के महापर्व पर पावन तीर्थ क्षेत्र में कविताओं की बारिश होगी। आजादी की पूर्व संध्या आगामी 14 अगस्त को श्रीकामदगिरि पीठम के तत्वावधान में श्रीकामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र के कवि सम्मिलित होंगे।

कार्यक्रम संयोजक अर्चन ने बताया कि श्रीकामदगिरि पीठम के संत डॉ मदनगोपाल दास महाराज की प्रेरणा से राम और राष्ट्र को समर्पित इस कवि सम्मेलन में लखनऊ से वीर रस के कवि कमल आग्नेय, रीवा के गीतकार डॉ रामसरोज द्विवेदी शांतिदूत, मुंबई महाराष्ट्र के गीतकार दुर्गेश दुबे, मैहर से बघेली के कवि हेमराज हंस, बांदा से युवा कवित्री रीना सिंह रश्मि, उत्तर प्रदेश के सीतापुर से हास्य कवि एवं भक्ति भजन के लिए प्रसिद्धि प्राप्त शेखर त्रिपाठी, बलिया से कवि शंकर सिंह, मैहर से गीतकार मधु जैन, छतरपुर के युवा कवि सूरज पंडित सहित चित्रकूटधाम के गीतकार श्रीनारायण तिवारी, अर्चन एवं पं दिनेश दीक्षित रचना पाठ करेंगे।

# डीएम-एसपी ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा

जन एक्सप्रेस। उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जिला मुख्यालय पुलिस लाइन परिसर से जिला परिषद, अंबेडकर चौराहा, शहीद भगत सिंह चौराहा होते हुए टाउन हॉल तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई।जिसमें राष्ट्र ध्वज तिरंगे के रंग में रंगा था, और भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारे लगाए गए। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा का भव्य एवं विशाल कार्यक्रम 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दूस्तान हमारा' जैसे सुमधुर गीत तथा 'भारत माता की जय, 'वंदे मातरम्' जैसे नारों से देश भक्ति वातावरण से साराबोर हो गया था। जिला मुख्यालय में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, एनसीसी कैडिट, स्काउड गाइड के जवान, सफाई कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों की उपस्थिति से कार्यक्रम देश भक्ति के रंग में पूरी तरह से रंग गया था। इस विशाल तिरंगा यात्रा का शहरवासियों ने भी आत्मीय स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में चल रहे लोगों पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज से लेकर 15 अगस्त तक विभिन्न क्षेत्रों में जिला प्रशासन, पुलिस व स्वयंसेवी संगठनों आदि द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, इसी के तहत आज विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, इस तिरंगा यात्रा का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को स्वतंत्रता अपने देश को कैसे मिली उसको लेकर आत्मसात कराया गया। उन्होंने कहा कि लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत हो, साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने प्राणों को न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई उनके बलिदानों को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत समस्त जनपदवासी अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराएं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, होमगार्ड कमांडेंट राजेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद आदि सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी स्वयंसेवी मौजूद रहे।

# गृह कलह से तंग महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस। कालपी

कदौरा थाना क्षेत्र में ग्रह कलह से तंग आकर महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम जकसिया का मजरा मुश्ताक नगर निवासी रागिनी सिंह 24 वर्ष पत्नी मयंक सिंह ने मंगलवार की सुबह घर में घरेलू कलह के कारण फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फांसी के फंदे पर लटक रही पुत्रवधू के शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। तभी मौजूद परिजनों ने जानकारी पुलिस को दी। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटक रहे शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान परिजन घटना को लेकर सही जवाब नहीं दे सके। फिलहाल पुलिस ने मामले की वारिकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# डकैती कोर्ट में आरोपी को सुनाई गई 3 वर्ष की सजा, बीस हजार का लगा जुर्माना

**न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद सुनाया फैसला**

जन एक्सप्रेस। उरई

डकैती में ट्रायल पर चल रहे मामले में आरोपी को 3 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला सुनाया और 20 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया।

शासकीय अधिवक्ता महेंद्र सिंह विक्रम ने बताया की शहर कोतवाली क्षेत्र के गोपालगंज निवासी दिनेश कुमार ने 18 जून 2012 को उरई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि 18 जून को अपने घर से बाजार जा रहा था। तभी मोहल्ला चंद्र नगर संत निरंकारी आश्रम के पास दो लोगों ने रोक कर तमंचा लगाकर उसकी बाइक और मोबाइल छीन ली है। पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। जांच में गोहन थाना क्षेत्र के गोदान गांव निवासी अनूप राजपूत का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने आरोपी अनूप राजपूत को कोतवाली क्षेत्र से 27 जुलाई 2012 को गिरफ्तार कर उसके पास से लूटी हुई बाइक और मोबाइल बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया था। पुलिस ने डकैती कोर्ट में आरोपी के खिलाफ 6 अक्टूबर 2012 को आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। मंगलवार को सुनवाई पूरी हुई जिसमें दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस गवाहों के बयान और सबूतों के आधार अपर स्पेशल जज डकैती कोर्ट डॉ अवनीश कुमार ने अनुप राजपूत को दोषी पाते हुए तीन साल की सजा सुनाई। साथ ही बीस हजार रूपये अर्थदंड लगाया।

## नून नदी में डूबकर लापता हुए अधेड़ का शव दो दिन बाद पुलिस ने किया बरामद

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** नून नदी में डूब कर लापता हुए अधेड़ का शव गोताखोरों ने दो दिन बाद नदी से बरामद कर लिया। कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम उरकरा कला निवासी गयाराम प्रजापति का 40 वर्षीय पुत्र प्याले उर्फ लाले अपने चाचा मूलचरण के साथ गांव के बाहर भैंस चराने गया था। बारिश होने पर नून नदी में पानी बढ़ा तो नदी पार करते समय भैंस व उसका बच्चा नाले में बहने लगा, जिसे बचाने के लिए युवक नदी में कूद गया था। नदी का बहाव तेज होने के कारण युवक भी नून नदी में बह गया था और डूबकर लापता हो गया था। इसके बाद परिजनों ने खबर पुलिस को दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच गोताखोरों की मदद से उसकी खोजबीन शुरू करवा दी थी। लगातार दो दिनों तक नून नदी खंगालने में लगे रहे गोताखोर लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका था। सोमवार की शाम उसका शव गुढ़ा खास के पास यमुना नदी किनारे मिला। खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने खबर पुलिस को दी। जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

# शराब पीने से मना करने पर अधेड़ के साथ मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तुलसी नगर में शराब पीने से मना करने पर हमलावरों ने अधेड़ के साथ मारपीट कर लहू लुहान कर दिया। पीडित ने कोतवाली पहुंचकर आपबीती बताते हुए मामले की तहरीर पुलिस को दी। शहर कोतवाली के मोहल्ला तुलसी नगर निवासी अशोक कुमार गुप्ता पुत्र राम लखन ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया कि घर के पास ही पीड़ित का खाली बड़ा पड़ा हुआ है, जिसमें काम चल रहा था। आरोप लगाया कि वहां पर आयरन राजपूत और सुनील प्रजापति अपने चार दोस्तों के साथ वहां शराब पी रहे थे। बताया कि पीड़ित ने उन्हें शराब पीने से मना किया तो वह भड़क उठे और आप पत्थर पे मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। बताया कि घटना देखकर उसके परिजन व मोहल्ले के लोग मौके पर दौड़ पड़े। लोगों को आता देख हमलावर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया।

# गौशाला प्रबंधन व ई-घरौनी के लिए जिलाधिकारी को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। उरई



उत्तर प्रदेश शासन ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को बेहतर गौशाला प्रबंधन व शतप्रतिशत ई-घरौनी, खतौनी की सुविधा का लक्ष्य पुर्ण करने के लिये सम्मानित किया है। जिससे जनपद के अधिकारियों में उत्साह का माहौल है।

बता दे कि शासन ने प्रदेश के 75 जिलों के जिलाधिकारी को ई-घरौनी, खतौनी को सुविधा अनुसार करने तथा अस्थाई गौशाला को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी जिलाधिकारी को दी थी और सभी को निर्देश दिए थे उनके काम के अनुसार उन्हें ग्रेडिंग भी दी जाएगी। जिसको लेकर प्रदेश के सभी जिलाधिकारी द्वारा अपने अपने जनपद में काम कराया जा रहा था। जिसमें जनपद जालौन ने तय समय पर लक्ष्य पुर्ण किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय सहित प्रदेश के 7 जनपदों के जिलाधिकारी द्वारा ई घरोनी, खतौनी, अस्थाई गौशाला को बेहतर किया गया, जिससे लोगों को खतौनी और घरौनी सुविधा नियम आनुसार मिलने लगी। वही जालौन के डीएम ने जनपद में बनी अस्थाई गौशालाओं को बेहतर बनाया गया। उसमें गोवंशों को भूसे पानी तथा उनके छायादार स्थान को बनाया गया। इसके अलावा गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। जिससे इन गोवंशों को सही से निगरानी रखी जा सके। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के द्वारा किए गए बेहतर काम के लिए राजस्व परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर रजनीश दुबे द्वारा जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के साथ सहारनपुर, रामपुर, सुल्तानपुर आगरा, मिर्जापुर और उन्नाव के डीएम को भी सम्मानित किया गया है।

# अचानक कब क्या और कैसे हुआ कि कुशल तैराक का शव अगली सुबह मंदाकिनी नदी में मिला? इसकी पड़ताल में आखिर पुलिस पीछे क्यों हट रही है?

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

सिंचाई विभाग कालोनी के पीछे मंदाकिनी नदी मे 5 अगस्त की सुबह एक शव तैरता हुआ दिखने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हाउस ले गई तब वहाँ की प्रथम रिपोर्ट के मुताबिक इसे नदी मे डूबकर मरने की घटना करार दे दिया गया। मृतक नितेश मिश्रा उर्फ सोनू के भाई गुंजन मिश्रा जो पर्यावरण विद हैं और देश की राजधानी मे दिल्ली मे रहकर पर्यावरण पर विभिन्न राष्ट्रीय चैनल मे पर्यावरण के संबंध मे उपयोगी जानकारी देते हैं जब उनको सूचना मिली कि भाई की मृत्यु हो गई है तो वह दिल्ली से चित्रकूट आते हैं। गुंजन मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के नाम पत्र लिखकर कहा है कि उनका भाई नितेश मिश्रा कुशल तैराक था तो नदी मे डूबकर मरने की बात पूर्ण सत्य नही महसूस होती है एवं कारण गिनाते हुए उन्होंने कहा कि मौके पर तन पर शर्ट ना बरामद होना व नाक से खून आना और हाथ पर नीला निशान होना इस आशंका को प्रबल करता है कि उनकी हत्या की गई है। उन्होने कहा कि इस संबंध मे सीतापुर चौकी प्रभारी से व्हाट्सएप पर अनुरोध किया था कि सीसीटीवी कैमरा आदि चेक कर पता लगाने की कोशिश करें कि उनके भाई की हत्या हुई है कि नही ? किन्तु इस संबंध मे पुलिस द्वारा तनिक भी इंट्रेस्ट नही दिखाया गया।

गुंजन मिश्रा के लिखे गए प्रार्थना पत्र के अनुसार 4 अगस्त की शाम करीब 6 बजे से उनके भाई घर वापस नही लौटे थे एवं मृतक नितेश मिश्रा को आसपास के लोगों ने रात करीब 9= 30 बजे तक सिंचाई कॉलोनी मे घूमते हुए देखा था तो



अचानक कब क्या और कैसे हुआ कि नितेश मिश्रा का शव अगली सुबह मंदाकिनी नदी मे मिला ? इसकी पड़ताल मे आखिर पुलिस पीछे क्यों हट रही है ?

ऐसे तमाम पुख्ता कारणों के साथ गुंजन मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट को पत्र लिखते हुए मांग की है कि इसे नार्मल डेथ ना मानकर हत्या किए जाने की आशंका से तीव्र गति से पड़ताल की जाए तो विवेचना मे साफ हो सकता है कि यह हत्या है कि नही!

उन्होंने इस संबंध मे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ , मानवाधिकार आयोग भारत सरकार नई दिल्ली व एडीजी लॉ एंड आर्डर उत्तर प्रदेश सरकार सहित जिलाधिकारी चित्रकूट को संबोधित पत्र भी डाक द्वारा भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। खबर लिखे जाने तक कोतवाली कर्वी या सीतापुर चौकी ने एफआईआर नही दर्ज की।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनाँक 11 से 15 अगस्त, 2024 के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+2.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.0 (+0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 91 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 64 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण
वर्षा (मि0मी0) : 1.2

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# डिप्टी सीएम की हर घर तिरंगा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब








जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** मंगलवार को शहर में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हर घर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनता जनार्दन से अपने घरों पर आगामी 15 अगस्त को सबसे ऊंची जगह पर तिरंगा स्थापित कर सम्मान करने की बात कही। साथ ही साथ उनका कहना था कि देश और देश की बेटियों की ओर जिसने भी बुरी नजर से देखा उसकी आंखें फोड़ देंगे। 15 अगस्त को देश के 140 करोड़ लोगों के दो सौ अस्सी करोड़ हाथों की ताकत दिखानी चाहिए। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री को देखने के लिए सड़कों पर जनता की दीवानगी भी दिखाई दी। यात्रा में सबसे ज्यादा युवा दिखाई दिए।

शहर में एस्सेल पैलेस गेस्ट हाउस के पास से दोपहर लगभग 3:45 के करीब हजारों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। और वहीं से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अगुवाई में हर घर तिरंगा यात्रा का आरंभ हुआ। हर एक कार्यकर्ता के हाथों में तिरंगा झंडा शान से लहराता हुआ दिखाई दे रहा था। युवा बुजुर्ग और महिलाएं भी खूब उत्साहित होकर इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुईं। उप मुख्यमंत्री के साथ तिरंगा रथ यात्रा के रथ में कानपुर नगर के सांसद रमेश अवस्थी, गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी, पूर्व में आर्य नगर विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार रहे सुरेश अवस्थी, पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया, क्षेत्रिय अध्यक्ष प्रकाश पाल समेत युवा मोर्चा की महामंत्री मीनाक्षी गुप्ता सवार थे।

यात्रा की अगुवाई युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिवांग मिश्रा और उनकी टीम ने की, यात्रा शामिल सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मेरी जान तिरंगा है मेरी शान तिरंगा है, हर हर मोदी घर घर मोदी, वंदे मातरम के उद्घोष करते हुए नज़र आए। इस दौरान रथ यात्रा मरियमपुर चैन फैक्ट्री चौराहे से सरोजनी नगर, संत नगर चौराहा से गुमटी नंबर पांच के हिमांचल टाकीज वाली गली से नशीमाबाद के बाद दर्शन पुरवा स्थित सर्व धर्म चौराहे पर जाकर समाप्त हुई। सर्व धर्म चौक पर जनता और भाजपाइयों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा यात्रा का संपूर्ण देश में आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य है जन-जन के मन में तिरंगे और देश के प्रति सम्मान की भावना को भरना। इस दौरान उन्होंने जनता जनार्दन और पदाधिकारी से यह गुजारिश भी की सभी लोग 15 अगस्त के दिन अपने घर के सबसे उंचे हिस्से पर देश के राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान से फहराएं जिससे संपूर्ण विश्व में हमारे देश की एक पहचान बन सके।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के लिए आलोचना करते हुए उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के संग कुछ अच्छा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में जल्द से जल्द हिंदुओं को सुरक्षित कराए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार प्रयासरत है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि देश और देश की बहन बेटियों की ओर देखने वालों को बख्शा नहीं जाएगा उनकी आंखें फोड़ दी जाएगी।

इस दौरान रथ यात्रा में जिलाध्यक्ष उत्तर दीपू पांडे, पूर्व पार्षद राघवेंद्र मिश्र, आनन्द मिश्रा, अरविंद सिंह, वार्ष्णेय त्रिपाठी, परमजीत सिंह चंडोक उर्फ पम्मे सरदार, छोटू सरदार, प्रीती शर्मा, के साथ साथ युवा मोर्चा के कौशलेंद्र, सुयश, रजत, आकाश, तरु अग्रवाल, नीतेश, शुभम दीक्षित, बृजमोहन, राम तिवारी लक्ष्मी पंडित आदि शामिल रहे।

### युवा अधिवक्ता राकेश सिद्धार्थ ने डिप्टी सीएम को किया सम्मानित

सर्किट हाउस में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को सम्मानित करने के लिए कई संगठन के लोग पहुंचे हुए थे। इस दौरान युवा सामाजिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष अधिवक्ता राकेश सिद्धार्थ ने भी उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के गले में भगवा पटका पहनाकर उन्हें सम्मानित किया।

## दस दिन अवनीश दीक्षित रहेंगे पुलिस रिमांड में, कोर्ट ने दी मंजूरी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

नजूल की जमीन पर किए गए कब्जे के मामले में आरोपित बनाकर जेल भेजे गए पत्रकार अवनीश दीक्षित की पुलिस कस्टडी रिमांड दस दिन के लिए न्यायालय के द्वारा स्वीकृत की गई है। आज सुबह से पुलिस कस्टडी रिमांड की अवधि चालू होगी। अवनीश दीक्षित के जमानती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई अब फिलहाल 17 अगस्त तक के लिए टल गई है। वहीं दूसरी ओर शहर में यह भी चर्चा रही कि अब पुलिस के सामने अवनीश दीक्षित रिमांड के दौरान किस किस का नाम खोलेंगे यह तो ऊपर वाला ही जानता है।

आपको बताते चलें कि बीती 28 जुलाई को थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित हैडर्ड स्कूल के सामने ईसाई मिशनरी के स्कूल की जगह पर कब्जे के विवाद को लेकर पत्रकार अवनीश दीक्षित समेत लगभग ढाई दर्जन लोगों पर गंभीर धाराओं में दो मुकदमे पंजीकृत किए गए थे। सायं काल के समय पत्रकार अवनीश दीक्षित को कोतवाली पुलिस क्रिस्टल पार्किंग से उठाकर कोतवाली लाई और उन्हें भोर के समय ही सोमवार को जेल भेज दिया गया। अवनीश दीक्षित के जेल जाने के बाद उनके विरुद्ध लगभग पांच और मुकदमे शहर के विभिन्न थानों में दर्ज किए गए हैं। कोतवाली थाने में दर्ज मुकदमों की विवेचना कर रहे स्वयं थानाध्यक्ष कोतवाली के द्वारा अवनीश दीक्षित गैंग की जड़ तक पहुंचने के लिए कोर्ट में पुलिस कस्टडी रिमांड के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। पुलिस कस्टडी रिमांड के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को निचली अदालत ने पत्रकार अवनीश दीक्षित की 10 दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड पर स्वीकृति प्रदान कर दी है। अवनीश दीक्षित के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया है कि अवनीश दीक्षित की पुलिस कस्टडी रिमांड दस दिन के लिए स्वीकृत हुई है और उनके जमानत प्रार्थना पत्रों पर अब 17 अगस्त को सुनवाई होगी। वहीं दूसरी ओर एडीजीसी विनोद त्रिपाठी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि अवनीश दीक्षित की ओर से बचाव पक्ष ने दो जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किए थे जिनपर सुनवाई के लिए 17 अगस्त तारीख नियत कर दी गई है। साथ ही साथ एडीजे 16 से एक अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र आया है इसमें वादी मुक़दमा मुफीद खान हैं, और एक अधिवक्ता के द्वारा कोतवाली में दर्ज मुकदमे में अंतरिम जमानत प्रार्थनापत्र दाख़िल किया गया।

## अधिवक्ता के हमलावर की जमानत खारिज होने से वकीलों में खुशी की लहर

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** न्यायालय द्वारा अधिवक्ता के प्राणघातक हमलावर की जमानत खारिज करने पर खुशी की लहर है। अधिवक्ता पर हमला करने वाले हमलावर की जमानत पर बोलते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दीक्षित पूर्व उपाध्यक्ष बार एसोसिएशन ने बताया कि अधिवक्ता राम नवल कुशवाहा पर दीपावली की रात अपराधियों ने जानलेवा हमला किया था जिसकी एफ आई आर अधिवक्ता की पत्नी ने लिखाई थी। प्राणघातक हमले के बाद भी जूही पुलिस ने 147, 352, 504, 506 जैसी साधारण धाराओं में मुकदमा लिखा। अधिवक्ताओं के द्वारा धरना प्रदर्शन करने और पुलिस आयुक्त से मिलने पर धारा 307 बढ़ाई जिसे दो दिन बाद हटा दिया गया था हमले मे अधिवक्ता के दो दांत टूट गए थे जिस पर धारा 326 की बढ़ोतरी की गई। किंतु अभियुक्त पकड़ में नहीं आ रहे थे जिस पर अभियुक्तों के विरुद्ध कुर्की का आदेश हुआ। कुर्की के भय से अभियुक्त जतिन सरोज उर्फ गोलू ने अग्रिम जमानत याचिका डाली जिसे खारिज कराया फिर जतिन उच्च न्यायालय गया वहां से भी कोई रिलीफ न मिलने पर आत्म समर्पण किया न्यायालय ने हिरासत में लेकर जेल भेजा। अभियुक्त जतिन सरोज उर्फ गोलू ने जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया जिसे जनपद न्यायाधीश कानपुर नगर पी के सिंह द्वारा अपर सेशन न्यायाधीश कक्ष संख्या 9 कानपुर नगर को स्थानांतरित किया जमानत प्रार्थनापत्र पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश शेष बहादुर निषाद द्वारा अभियुक्त जतिन का जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया गया। जमानत प्रार्थना पत्र खारिज होने पर अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं पर हमला करने वालों को हर संभव विधिक रूप से दंडित कराया जाएगा। प्रसन्नता व्यक्त करने वालों में पंडित रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन, सत्येंद्र राय, राम नवल कुशवाहा, सुनील त्रिवेदी, अजय गुप्ता, महावीर बाथम, शंभू नाथ मिश्र, राजुल श्रीवास्तव, संजीव कपूर, शिवम गंगवार, इंद्रेश मिश्रा आदि रहें।

## विश्वविद्यालय मे तिरंगा दौड़ का किया गया आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग मे तिरंगा दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय परिसर के छात्र छात्राओं, शिक्षकों एवं खेल प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। तिरंगा दौड़ का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण नीरज कुमार सिंह, डीन एडमिनिस्टेशन प्रो.सुधान्शू पाण्डिया एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.श्रवण कुमार यादव द्वारा किया गया। यह दौड़ विश्वविद्यालय स्टेडियम से मूल्यांकन भवन होते हुए वापस मेन गेट से अमृत सरोवर से होते हुए एस.एस.सी. से स्टेडियम तक करायी गयी। लगभग 4 कि.मी. की इस दौड़ में शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र पुनीत कुमार, बी.पी.ई.एस प्रथम स्थान पर, रूद्र प्रताप सिंह, बी.पी.एड. द्वितीय स्थान पर एवं अभिषेक गुप्ता, बी.पी.ई.एस तृतीय स्थान पर रहे तथा शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्राओं में कोमल सैनी, बी.पी.एड. प्रथम स्थान पर, कौशिकी, बी.पी.ई.एस. द्वितीय स्थान पर तथा हेल्थ साइंस की छात्रा पायल तृतीय स्थान पर रही। इस दौड़ में शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ.आर.पी. सिंह, डॉ.रामकिशोर, निमिषा सिंह कुशवाहा, सौरभ तिवारी, अभिषेक मिश्रा एवं समस्त खेल प्रशिक्षक, सोशल साइंस की डॉ.अन्शू सिंह, होटल मैनेजमेण्ट के अरविन्द चौहान तथा विश्वविद्यालय के अन्य अध्यापक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहें।

## सीएसए में निकाली गई ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ.आनन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के मुख्य भवन से कंपनी बाग के अंबेडकर चौराहा तक 2 किलोमीटर से भी अधिक लंबी ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें हर हाथ में तिरंगा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा तथा विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ.आनन्द कुमार सिंह एवं उनकी धर्म पत्नी सुनीता सिंह ने स्वयं 2 किलोमीटर पैदल चलकर ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा की इन आयोजनों का उद्देश्य आजादी के महत्व और आजादी हासिल करने के लिए किए गए बलिदानों से सभी को अवगत कराना है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज हमेशा ही हमें अपने देश के लिए कुछ कर गुजरने के प्रति प्रेरित करता है और हमारे दिलों में नए उत्साह का संचार करता है।

उन्होने अपने संबोधन में कहा कि अगर हम सब मिलकर संयुक्त रूप से काम करें तो अपने इस विश्वविद्यालय को कितनी भी ऊंचाई तक पहुंचा सकते हैं हमें न केवल स्वयं के घरों की छतों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाना है बल्कि दूसरों को भी इसके प्रति प्रेरित करना है। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ खलील खान ने बताया कि इस अवसर पर कुलपति ने आजादी के लिए अपने प्राण निछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए तत्पर रहने की प्रतिज्ञा भी की। विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.मुनीश कुमार ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। तिरंगा यात्रा अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत संपन्न हुई।

तिरंगा यात्रा के प्रारंभ होने पर कुलपति द्वारा 400 से अधिक तिरंगा वितरित किए गए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. सी एल मौर्य,निदेशक शोध डॉ.पी के सिंह, निदेशक प्रसार डॉ.आर.के. यादव, डॉ.सर्वेश कुमार, डॉ.कौशल कुमार, डॉ.करम हुसैन, कुलपति के तकनीकी सचिव ओम प्रकाश तथा सभी विभाग अध्यक्ष, प्रोफेसर सहित लगभग 500 से अधिक छात्र-छात्राएं, शोधार्थी, एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवक तथा संकाय सदस्य एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी ने बांग्लादेश में हो रही हिंदुओं की मौत पर जताया आक्रोश




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बर्रा थाना क्षेत्र के सचान चौराहे पर अंतरराष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी के पदाधिकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन पुलिस की मौजूदगी में शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हाल ही में हिंदू समुदाय पर हुए हमलों और अत्याचारों की कड़ी निंदा की। वे तख्तियों और बैनरों के साथ विरोध स्थल पर पहुंचे, जिन पर बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांगें लिखी थीं। वाहिनी के सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी अपील की कि वे इन अत्याचारों पर ध्यान दें और उचित कदम उठाएं। विरोध प्रदर्शन के दौरान, पुलिस बल मौके पर मौजूद था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति न उत्पन्न हो। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज उठाना चाहते हैं और बांग्लादेश में हिंदुओं को हो रहे अत्याचारों को रोकने की मांग करते हैं। इस मौके पर वाहिनी के एक प्रमुख सदस्य ने कहा, हमारी मांग है कि बांग्लादेश सरकार हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। यह मानवाधिकार का गंभीर उल्लंघन है, और हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रदर्शन के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने स्थानीय अधिकारियों को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया गया था।


## कॉलेज में मनाई गई अरबिंदो घोष की 152 वी वर्षगांठ

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

एस.एन. सेन बालिका विद्यालय पी.जी. कॉलेज में अँग्रेजी विभाग द्वारा अरबिंदो घोष की 152 वीं जयंती पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सुमन, समाजशास्त्र की प्रोफेसर रेखा चौबे, अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्षा प्रोफेसर अलका टंडन एवं निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्षा प्रो निशा वर्मा और संगीत विभाग की कैप्टन ममता अग्रवाल के द्वारा किया गया। 10 प्रतिभागी छात्राओं ने श्री अरविंदो घोष के जीवन परिचय, उनके राष्ट्रीय, राजनीतिक, सामाजिक, साहित्यिक योगदान तथा घोष जी के योगी स्वभाव पर प्रकाश डाला।

छात्राओं की संबोधित करते हुए प्राचार्या प्रो सुमन ने कहा कि साहित्यिक विदुषियों से सम्बंधित जयंतियों का आयोजन प्रत्येक वर्ष मनाया जाना चाहिए और उन्होंने इसमें छाआत्रों के अधिकतम सहभागिता पर भी बल दिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्या डॉ.कोमल सरोज और डॉ.पूजा गुप्ता ने किया। विभागाध्यक्षा प्रो अलका टंडन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मीडिया प्रसार प्रभारी डॉ.प्रीति सिंह ने बताया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जान्हवी ओमर, द्वितीय स्थान स्नेहा सिंह और तृतीय स्थान सताक्षी द्विवेदी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रो.मीनाक्षी व्यास, डॉ.शुभा बाजपेई, डॉ.रश्मि गुप्ता एवं डॉक्टर प्रीता अवस्थी उपस्थित रहीं।

## हरेंद्र मसीह समेत आठ आरोपियों पर इनाम किया गया घोषित



| धारा | थाना | नाम पता अपराधी | धनराशि |
|---|---|---|---|
| 329(4), 61(2), 111(2)(ख), 111(3), बीएनएस व 3/5 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम | | 1-अली अब्बास पुत्र कासिम हुसैन निवासी-17/87 नवाब साहब का हाता पटकापुर थाना फीलखाना कानपुर नगर। | रु25000/- |
| | | 2-विसेन्ट विक्रम उर्फ विक्की चार्ल्स पुत्र जान्सन चार्ल्स निवासी-103/2 बी बकरमण्डी थाना बजरिया कानपुर नगर। | रु25000/- |
| | | 3-सन्दीप शुक्ला पुत्र जगदेव शुक्ला निवासी-परमपुरवा नियर भारतीय गैस गोदाम थाना जूही कानपुर नगर। | रु25000/- |
| | | 4-अर्पण एरियल पुत्र नौरिस एरियल निवासी-15/25 मैथाडिस्ट वर्च कम्पाउण्ड दूध वाला बंगला थाना कोतवाली कानपुर नगर। | रु25000/- |

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर की कमिश्नरेट पुलिस के द्वारा पत्रकार अवनीश दीक्षित के विरुद्ध दर्ज मुकदमों में नामित फरार आरोपियो अली अब्बास पुत्र कासिम हुसैन निवासी-17/87 नबाव साहब का हाता पटकापुर थाना फीलखाना, विसेन्ट विक्रम उर्फ विक्की चार्ल्स पुत्र जान्सन चार्ल्स, -सन्दीप शुक्ला पुत्र जगदेव शुक्ला, अर्पण एरियल पुत्र नौरिस एरियल, नौरिस एरियल पुत्र मुनमुन एरियल, कमला एरियल पत्नी नौरिस एरियल, अभिषेक एरियल उर्फ सोनू पुत्र नौरिस एरियल हरेन्द्र मसीह पुत्र मोहन मसीह, जितेश झा पुत्र भुवनेश्वर प्रसाद झा को पच्चीस पच्चीस हजार का इनामिया अपराधी घोषित किया है।

## नशा छोड़ो एक करोड़ रुपए जीतो इनामी प्रतियोगिता के पोस्टर जारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



सोसाइटी योग ज्योति इंडिया के तत्वावधान में हिंदू जागरण मंच के सहयोग से नशा मुक्ति युवा भारत की थीम पर एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख, सोसाइटी योग ज्योति के राष्ट्रीय निदेशक योग गुरू ज्योति बाबा ने जन चेतना जन जागरूकता हेतु नशा छोड़ो एक करोड़ रुपए जीतो इनामी प्रतियोगिता के पोस्टर जारी किया।

कानपुर जर्नलिस्ट क्लब में वार्ता के दौरान ज्योति बाबा ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को धार देने के लिए नशा छोड़ो एक करोड़ रूपया जीतो इनामी प्रतियोगिता लॉन्च की जा रही है इसके पोस्टर हर स्कूल के नोटिस बोर्ड में चश्पा किए जाएंगे तथा स्कूलों में प्रेयर के बाद बच्चों को ज्योति बाबा का नशा मुक्ति संदेश भी दिया जाएगा, प्रेस वार्ता में अन्य भाग लेने वाले प्रमुख रूप से गोपाल द्विवेदी हेमराज पहलवान आनंद त्रिवेदी पूर्व पार्षद सौरभ मिश्रा अजीत खोटे सुभाष शुक्ला मौजूद रहे

### राजस्व वसूली में एक नंबर पर पहुंचा विभाग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कानपुर संभाग ने शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के हिसाब से 91.46 प्रतिशत राजस्व की प्राप्ति की है। राजस्व वसूली में कानपुर संभाग का फर्रुखाबाद पूरे प्रदेश में नंबर एक रहा। गत वर्ष की तुलना में क्रमिक राजस्व प्राप्ति में कानपुर ने 30.26 प्रतिशत वृद्धि की है। इसी तरह औरैया ने 20.07, कन्नौज ने 15.31, फर्रुखाबाद ने 10.90 प्रतिशत की वृद्धि की है। संभागीय परिवहन अधिकारी राकेंद्र कुमार सिंह ने इस सफलता का श्रेय समस्त एआरटीओ व विभागीय अधिकारियों को दिया है। गत वर्ष की तुलना में कानपुर संभाग ने मासिक राजस्व वसूली में 26.62 प्रतिशत की वृद्धि की है। भागीय परिवहन अधिकारी ने कहा, हम निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। ताकि प्रदेश में हमारा कानपुर संभाग आदर्श संभाग बन सके।

## बिठूर के राम जानकी इंटर कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर प्रचारक डॉक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा का बीते दिन गंगा बैराज के पास सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई थी। मंगलवार की शाम बिठूर के राम जानकी इंटर कॉलेज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आए हमारे संघ के प्रांत के विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद मेहरोत्रा और ज्ञानेंद्र मिश्र एवम संघ के सभी पदाधिकारी और कार्य कर्ता मौजूद रहे कार्यक्रम का आयोजन अमित नगर कारवां हर्षित और रवि जय कुमार ने किया जिसमे शोकाकुल परिवार से दीपक अवस्थी (मास्टर साहब) राघव मिश्रा अनिल तिवारी दीपू अवस्थी रिंकू तिवारी अंकित आदि मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में सोमवार की सायं बचत भवन सभागार में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की बैठक की गई। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के कुल 250 एवं स्पॉन्सरशिप योजना (प्रवर्तन कार्यक्रम) के 330 आवेदन पत्रों का अनुमोदन दिया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि मार्च 2020 के पश्चात ही मृतकों के बच्चों को अभियान चला कर चिन्हित किया जा रहा है। इस स्वीकृति के पश्चात जिले में लाभार्थियों की संख्या 1573 हो गई है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद में ऐसे अधिक से अधिक बच्चों को चिन्हित किया जाए और उन्हें योजना का लाभ दिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कोविद-19 महामारी के बाद बहुत से बच्चों ने अपने अभिभावकों को खो दिया। जिससे उन्हें मानसिक और शैक्षणिक हानि उठानी पड़ी। इसी के मद्देनजर सरकार द्वारा बाल सेवा योजना शुरू की गई जिसका उद्देश्य महामारी से प्रभावित बच्चों को संरक्षण प्रदान करना है

# मंडलायुक्त ने मंडल की सभी निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ की आवश्यक बैठक

**कोई भी कार्य करें तो उसे पूरे मन से करें, जिससे कि एक बार में ही उसे फाइनल टच दिया जा सके: मण्डलायुक्त**

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में जनपद अयोध्या सहित मण्डल के सभी निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ एक आवश्यक बैठक मण्डलायुक्त सभागार में आहूत की गयी, जिसमें मण्डलायुक्त ने सभी निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों से कहा कि जिन एजेंसियों द्वारा मार्ग निर्माण में सीसी रोड व इंटरलाकिंग ईट का प्रयोग किया जाता है प्रायः उनकी वर्कमैनशिप (कार्यकुशलता) तथा फिनिसिंग बहुत ही साधारण एवं खराब तरीके से की जाती है जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिन भी प्रोजेक्ट में सीसी रोड का प्रावधान है उनको ढालते समय एक्सपैंशन जॉइंट में पहले से ही लकड़ी की फ्टी डालें तथा ग्रूव काटने से पहले चाक अथवा चूने से निशान लगा कर कुशल श्रमिको द्वारा मशीनों का इस्तेमाल करके ही काटा जाय, कोई भी ग्रूव टेढ़ा मेढ़ा न कटने पायें तथा इनको काटने में एक निर्धारित पैटर्न जो किसी आर्किटेक्ट द्वारा बनाया गया हो उसी के अनुसार काटा जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि कोई भी कार्य करें तो उसे पूरे मन से करें, जिससे कि एक बार में ही उसे फाइनल टच दिया जा सके तथा यदि आप सभी द्वारा इन सभी कार्यो में ध्यान दिया जायेगा तो सभी कार्यो को उसी लागत में विश्व स्तरीय बनाया जा सकता है, जिससे आप सभी को भी गर्व की अनुभूति होगी।

उन्होंने उपनिदेशक पंचायत से कहा कि ग्राम पंचायतों में भी जहां जहां पर सीसी बनायी जा रही है उनको भी बेहतर ढंग से उपर्युक्त निर्देशो के अनुपालन कर बनाई जाय तथा इंटरलाकिंग ईट के स्थान पर काबल शेप वाले सीमेंट ब्लाक जो इंटरलाकिंग ईट की लागत में ही बन जायेंगे, का ही इस्तेमाल किया जाए। इसी के साथ उन्होंने आवास विकास परिषद को नव्य अयोध्या में भी इसी प्रकार सीसी रोड सहित अन्य कार्यो को बेहतर फिनिसिंग के साथ विश्व



स्तरीय बनाने के लिए कहा। उन्होंने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को सभी नगर निकायों में बनने वाली सीसी सड़को को भी बेहतर ढंग के साथ बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी सरकारी परिसर भवन आदि है उनमें 3000 केल्विन वाली वॉर्म लाइट का ही प्रयोग किया जाए तथा सरकारी भवनों की रंगाई के समय रंगों का चयन मुझे अथवा जिलाधिकारी को दिखाकर स्वीकृत कराया जाय। उन्होंने कहा कि सड़कों के किनारे बनने वाली ड्रेन तथा उनके उन पर ढाले जाने वाले पत्थरों को बेहतर कार्य कुशलता के साथ एक सीध रेखा के एलायमेंट में ही ढाला जाय जो टेढ़े मेढ़े न हों। मण्डलायुक्त ने नगर निगम के मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया कि शहर के सभी गलियों में बनने वाली सीसी रोडों में भी उक्त निर्देशों का अनुसरण किया जाय। उन्होंने कहा कि जो भी निर्देश दिये गये है उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जाय तथा मेरे द्वारा समय-समय पर निरीक्षण भी किया जायेगा। यदि सीसी रोड की फिनिशिंग बेहतर न हुई तो सम्बंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करते हुये उसे उनके स्वयं के व्यय से दुरुस्त कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस बैठक के उपरांत दिए गए निर्देशों के अनुपालन की एक और बैठक बुलायी जायेगी जिसमे सभी से कराये गए सुधारो के बारे में पूछा जायेगा। बैठक में नगर आयुक्त संतोष शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरूद्ध प्रताप सिंह सहित लोक निर्माण विभाग, जलनिगम, नगर निगम व अन्य कार्यदायी एजेंसियों के अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महापौर ने महापुरूषों की प्रतिमाओं का किया माल्यार्पण

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

हर घर तिरंगा अभियान के तहत महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने नगर निगम परिसर में स्थापित महापुरूषों की मूर्तियों का माल्यार्पण किया। 11 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान महापौर ने कहा कि आजादी के महासंग्राम में असंख्य वीरों ने माँ भारती के चरणों में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन अमर बलिदानियों के संघर्षो के परिणामस्वरुप हमें आजादी मिली है। हर घर तिरंगा अभियान हमारी सामूहिक शक्ति को वैश्विक स्तर पर परिभाषित करेगा।

हर भारतीय को इस अभियान से खुद को जोड़ना चाहिए। शहीदों के संघर्षो के परिणामस्वरुप हमें आजादी मिली है। राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव को अपने भीतर समाहित करते हुए हमें समाज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहिए।उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान में महापुरूषों की



मूर्तियों की साफ-सफाई तथा माल्यार्पण किया गया है। हर घर तिरंगा अभियान के में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। देश का प्रत्येक नागरिक इन आयोजन का हिस्सा बन रहा है। अंतिम व्यक्ति के उत्थान की परिकल्पना को सरकार ने साकार किया है। बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिल रहा है।इस दौरान पार्षद बुद्धिपाल प्रजापति, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता, नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## देशभक्ति के जयघोष के मध्य नगर में निकली तिरंगा यात्रा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** भारत माता की जय, वंदे मातरम् के घोष के साथ भाजपा कार्यालय सिविल लाइन, रिकाबगंज से चौक घंटाघर तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रदेश महामंत्री व प्रभारी संजय राय की अगुवाई में निकली यात्रा में हाथों में तिरंगा लिए, मोटरसाइकिल पर सवार सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकरियों तथा कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। 11 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत किया गया।

प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि देकर हमें उनके दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। प्रत्येक भारतीय की जिम्मेदारी है कि हर घर तिरंगा अभियान में स्वयं जुड़े और दूसरों को जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के साथ जुड़ना राष्ट्र निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करेगी। हमें सामूहिक शक्ति का परिचय देना होगा।

# राष्ट्र के उत्थान में हमें देना चाहिए अपना योगदान: सतीश शर्मा



**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

मिल्कीपुर विधान सभा में मिल्कीपुर बाजार से बारून बाजार तिरंगा यात्रा निकाली गई। अमानीगंज से निकली यात्रा मिल्कीपुर बाजार में मुख्य यात्रा में शामिल हुई। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने यात्रा की अगुवाई की। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता दोपहिया तथा चार पहिया वाहनों से यात्रा में शामिल हुए।

राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्षो के परिणाम स्वरुप हमें आजादी मिली है। राष्ट्र के उत्थान में हमें अपना योगदान देना चाहिए। आज भारत आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से गतिशील हो रहा है।जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि अभियान को लेकर हर भारतीय में उत्साह का माहौल है। राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव के अपने भीतर समाहित करते हुए अभियान का हिस्सा बनाना है।

यात्रा में पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, रामू प्रियदर्शी, बबलू पासी, अशोक मिश्रा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा, चंद्रभान पासवान राधेश्याम त्यागी, चंद्र केतु रावत, सियाराम रावत, विनय रावत, उषा रावत, मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, बंशीधर शर्मा, अवधेश पाठक सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता संपन्न

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के प्रांगण में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद स्तरीय अमेठी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने निबंध पेंटिंग,गायन,कविता,नृत्य,भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। इस जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छत्तीस छात्र-छात्राओं को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी,शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं तथा अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## मृतक कर्मचारी के परिवार को दिया एक लाख का सहायता

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** एग्रीकल्चर कर्मचारियों के सुख दुःख का साथी बनकर उभर रहा है अयोध्या का एग्रीकल्चर इम्प्लाई एसोसिएशन संगठन।शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में से लगातार कार्य कर किसानों तक खाद बीज व कीटनाशक पहुँचाने वाले प्राइवेट कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार की दैवीय आपदा या समस्या होने पर संगठन उनके साथ है। यह उदगार संगठन के कोषाध्यक्ष श्री कांत तिवारी ने व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि लीवर सिरोसिस नामक बीमारी का शिकार हुआ जनपद बाराबंकी निवासी मात्र पच्चीस वर्षीय कर्मचारी काल के गाल में समा गया। जिसके परिवारीजनों को सोमवार को एक लाख का आर्थिक सहायता संगठन ने प्रदान किया है।

# दस क्षय रोगियों को लिया गया गोद

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला क्षय रोग केंद्र पर टीबी रोगियों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित हुआ।जिसमें ओम साईहॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर गौरीगंज के निदेशक डॉ.एस एन सिंह द्वारा दस क्षय रोगियों को गोद लिया गया।एवम उन्हें पोषण पोटली वितरित की गई।पोषण पोटली में गुड़, मूंगफली,सत्तू, भुना चना एवम प्रोटीन पाउडर था।यह पोषण सामग्री उन्हें एक माह के लिए दी गयी है।और जब तक इन टीबी मरीजों का इलाज चलेगा तब तक हर माह इन्हें पोषण सामग्री दी जाएगी।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. दीपक सिंह बताते हैं कि टीबी रोगियों को दवा के साथ नियमित प्रोटीनयुक्त पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन करना बहुत जरूरी होता है।इसी को ध्यान में



रखते हुए सरकार द्वारा निक्षय मित्र योजना शुरू की गयी है।जिसके तहत व्यक्तिगत तौर पर या संस्थाएं टीबी मरीजों को गोद लेती हैं।और इलाज पूरा होने तक उन्हें पौष्टिक खाद्य पदार्थ मुहैया कराती हैं। इस योजना से गरीब तबके के मरीजों को बहुत फायदा है जो कि प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ खरीदने में अक्षम हैं,या उन्हें इन खाद्य पदार्थों को खरीदने में एक बार सोचना पड़ता है। इसके साथ ही उन्हें भावनात्मक सहयोग मिलता है, कि उनके सहयोग के लिए भी कोई है।इस साल जनवरी से अभी तक कुल सोलह निक्षय मित्रों के द्वारा 588 टीबी रोगियों को गोद लिया गया है।इसी के साथ ही पोषण के लिए निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी रोगियों को इलाज के दौरान पांच सौ रूपये की राशि उनके खाते में भेजी जाती है।दो हफ्ते से ज्यादा खांसी आना,वजन में कमी आना,रात में पसीना आना,बलगम में खून आना और शरीर के किसी भी अंग में लंबे समय तक दर्द होना क्षय रोग के लक्षण हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती पर बाल कवि प्रतियोगिता व सरस कवि गोष्ठी का आयोजन हुआ

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** विद्यालय में राष्ट्रीय कवि संगम रायबरेली इकाई के तत्वावधान में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर बाल कवि प्रतियोगिता व सरस कवि गोष्ठी का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यावरण विद गुरु श्रेष्ठ आदरणीय डा0श्री महादेव सिंह ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन संयुक्त रूप से श्री नीरज पांडेय जी व श्री निर्मल श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ श्री कुमार सुरेश की वाणी वंदना से हुआ फिर श्री सौरभ शुक्ल, उत्कर्ष उत्तम, विनोद दीक्षित पागल, विवेक, चंद्रहास, उत्तम सोनी , नीरज पांडेय, निर्मल श्रीवास्तव, डा0देवी बख्श सिंह बैस, समर बहादुर सिंह समर, इटावा जनपद से पधारे श्री महेश मंगल, कानपुर से आए हुए श्री लाल सिंह यादव फ़ौजी, आदि ने अपनी कविताओं से सभी श्रोताओं को रसासिक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आदरणीय गुरु देव ने पर्यावरण पर बहुत सुंदर गीत पढ़े, बैसवारा को नमन, बैसवारी को नमन। सुंदर छंद और गुरु देव के आशीर्वचनों के साथ। कार्यक्रम का समापन हुआ कार्यक्रम में आदरणीय दादा श्री महेश शर्मा, बड़े भइया श्री राम नरेश सिंह जी, बड़े भइया श्री पद्म धर सिंह जी, श्री दुर्गेश सिंह श्री रणधीर सिंह जी, श्री राजकुमार सिंह, श्री शिव कुमार सिंह, श्री सुशील शुक्ल जी, श्री श्याम मनोहर शुक्ल जी, श्री दिनेश चंद्र मिश्र मोनू दादा श्री सुरेश सिंह आचार्य जी, श्री आलोक मिश्र जी, श्री संदीप तिवारी जी, श्री शिव धन्वा सिंह जी, श्री मनोज सिंह चौहान, श्री राकेश सिंह चौहान, श्री संजय श्रीवास्तव जी श्री कमल नयन जी, श्री राजा बाबू मिश्र जी, श्री बैज नाथ दीक्षित जी, श्री अखिलेश सिंह जी, अक्षय प्रताप सिंह, सुश्री रागिनी सिंह, शिवानी सिंह, आदरणीया माता श्रीमती शांती देवी, श्री मती दुर्गा वती आदि व विद्यालय के छात्र छात्राओं की गरिमा मय उपस्थिति रही।

### हर घर तिरंगा झण्डा लेकर डीएम ने बच्चों के साथ में निकाली तिरंगा यात्रा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत जीआईसी से मंगलवार को निकाली गई तिरंगा यात्रा तिरंगा यात्रा के दौरान बच्चों के साथ चली डीएम सीडीओ डीआईओएस व बीएसए डीएम ने माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से निकाली गई तिरंगा यात्रा को दिखाई हरी झंडी मेरा रंग दे बसंती चोला मेरी आन तिरंगा है मेरी शान तिरंगा है मेरी जान तिरंगा हैज, दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए मां तुझे सलाम अब के बरस तुझे धरती की रानी कर देंगे सुनो गौर से दुनिया वालो जैसे देशभक्ति गीतों के बीच में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मंगलवार को तिरंगा यात्रा जीआईसी से निकाली गई। डीएम हर्षिता माथुर व सीडीओ अर्पित उपाध्याय ने राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) से बच्चों की तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान हाथों में तिरंगा लेकर डीएम सीडीओ डीडीओ डीआईओएस बीएसए जीआईसी प्रधानाचार्य और खण्ड शिक्षाधिकारी भी बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा में चले। तिरंगा यात्रा में स्काउट गाइड के मास्टर ट्रेनर स्काउट एसपीडी माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों ने प्रतिभाग किया जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि इस राष्ट्रीय अभियान के तहत देश के जाने अनजाने क्रांतिकारियों स्वतंत्रता सेनानियों वीर शहीदों को नमन कर रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत घर प्रतिष्ठानों सरकारी और गैर सरकारी इमारतों भवनों वाणिज्यिक एवं औद्योगिक इकाइयों पर जन-जन के सहयोग से तिरंगा फहराया जाएगा। डीआईओएस संजीव सिंह और बीएसए शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि हर घर तिरंगा के तहत आज से विद्यालयों में कार्यक्रमों का आगाज हो गया है। आज इस अवसर पर विद्यालयों में प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने (झंडा गीत) एवं देशभक्ति गीत गाया। विद्यालय में तीन दिनों तक विविध कार्यक्रमों का शानदार आयोजन किया जाएगा तिरंगा यात्रा में राजकीय इंटर कॉलेज वैदिक बालिका इंटर कालेज आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज नगरपालिका इंटर कॉलेज कम्पोजिट विद्यालय चक अहमदपुर और बेलीगंज उच्च प्राथमिक विद्यालय किला बाजार बालिका और बालक के बच्चों के साथ ही राही ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सराय मुगला के स्काउट के बच्चों ने बैण्ड-बाजा के साथ में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। तिरंगा यात्रा अस्पताल चौराहा हाथी पार्क और अम्बेडकर प्रतिमा होते हुए स्काउट भवन में आकर समाप्त हुई।

### डीएम एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक परीक्षा 2023 सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली, जनपद इंटर कॉलेज हरचंदपुर और चंद्रपाल इंटर कॉलेज गंगागंज को देखा। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि सभी केन्द्रों में जरूरी सुविधाएं जैसे फर्नीचर, प्रकाश, शौचालय, पेयजल ,रैंप आदि की व्यवस्थाएं पहले से ही दुरुस्त कर ली जाए। परीक्षा वाले दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसके लिए प्रमुख प्रवेश द्वारों पर विद्यालय के कर्मचारियों और सुरक्षाबलों को तैनात रखा जाए। केंद्र तक आने वाले सभी मार्गों का पहले से ही निरीक्षण करा लिया जाए। अगर किसी प्रकार की अव्यवस्था हो तो समय रहते उसको दुरुस्त करा दिया जाए।
इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### नगर पालिका रायबरेली में प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का होगा आयोजन: डीएम

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि मंडलायुक्त लखनऊ, मण्डल लखनऊ के आदेशानुसार लखनऊ मण्डल के जनपदों में नगर पालिका परिषद की सीमा क्षेत्रान्तर्गत रहने वाले आम नागरिकों की दैनिक जीवन से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं जैसे-स्ट्रीट लाइट रोड/नाली निर्माण, जलापूर्ति, सीवरेज, ट्रैफिक, अतिक्रमण, नालियों में साफ-सफाई की समस्या आवासित स्थलों में जलभराव, हाउस टैक्स, म्यूटेशन, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र आदि विभिन्न समस्याओं से पालिका स्तर पर आम जनमानस को रूबरू होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु अनेक प्रबंध किये गये है. जिसके अनुक्रम में मूलभूत समस्याओं से सम्बन्धित विभाग समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयासरत भी रहते हैं, किन्तु पालिका स्तर पर मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई कार्य इस प्रकार के होते हैं कि जिनमें एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं की सहभागिता होती है, जिसकी जानकारी आम नागरिकों को सामान्यत: नहीं हो पाती है। एक से अधिक विभागों द्वारा कार्य किये जाने की स्थिति में कार्य के प्रति जवाबदेही भी स्पष्ट रूप से तय करने में समस्या होती है, ऐसी स्थिति में नगर पालिका क्षेत्र की मूलभूत संरचना से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी निस्तारण बगैर अन्र्तविभागीय समन्वय से किया जाना संभव नहीं हो पाता है। परिणामस्वरूप पालिका क्षेत्रान्तर्गत आम जनमानस को दैनिक जीवन से जुड़ी हुई मूलभूत छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण हेतु विभागों के चक्कर लगाने के साथ ही उच्च स्तर तक जाना पड़ता है।

# विभागीय लापरवाही के चलते गोवंश पालकों को नहीं मिल रहा लाभ

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

प्रदेश सरकार की निराश्रित पशुओं को पालने के लिए चलाई जाने वाली सहभागिता और पोषण मिशन योजना के तहत निराश्रित पशुओं को पालने वाले किसानो को सहयोग राशि नहीं मिल पा रही है।जनपद में पिछले नौ माह से तीन करोड़ इकतीस लाख छप्पन हजार रुपए का भुगतान नहीं होने से गोवंश पालकों में रोष देखा जा रहा है।गोवंश पालक किसानों ने बताया कि जिले में सहभागिता और पोषण मिशन योजना के लाभार्थियों को नवम्बर 2023 से अब तक नौ महीनों की प्रोत्साहन राशि नहीं दी गयी है।जिससे निराश्रित गोवंशो को पालने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।सूत्रों के मुताबिक फरवरी



के सत्यापित किए गए आँकड़ों के अनुसार सहभगिता योजना तथा पोषण मिशन योजना के जनपद में कुल 1490 लाभार्थी हैं। जिनके पास कुल 2456 पशु हैं। जिन्हें प्रति पशु प्रतिदिन पच्चास रुपए के प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाना था।कुल नौ महीनों का 3 करोड़ 31 लाख 56 हजार लाभार्थियों को मिलना बाकी है।लेकिन इसमें विभागीय लापरवाही दिखाई दे रही है।जिससे कि अब तक भुगतान नहीं किया गया है।किसान किसी तरह से निराश्रित पशुओं को पाल रहे हैं।पशुपालकों का आरोप है कि नवंबर तेईस से सहयोग राशि नही दी गयी है।जिसकी शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की गयी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

## जिला अध्यक्ष प्रमुख संघ द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा

**जन एक्सप्रेस/पूरा बाजार-अयोध्या।** पूरा बाजार से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह व भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया। इस यात्रा का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर कश्मीर से कन्याकुमारी तक तिरंगा यात्रा के हिस्से के रूप में किया गया है। यात्रा का उद्देश्य पूरे देश में तिरंगा झंडे की भावना को बढ़ावा देना और हर घर में तिरंगा लहराना है।भाजपा की तिरंगा यात्रा में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, भाजपा नेता शक्ति सिंह, अमल गुप्ता और अन्य नेता शामिल हुए। इसके साथ ही, डाक विभाग के प्रवर अधीक्षक हरिकृष्ण यादव के नेतृत्व में डाक कर्मियों ने प्रधान डाकघर से रिकाबगंज तक तिरंगा यात्रा निकाली।

# एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया 25 वां अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में युवाओं का समाज में अमूल्य योगदान और उनकी भागीदारी तथा उन्हें सही मार्गदर्शन एवं उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

विद्यालय की छात्रा अपर्णा ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि हम 25 वां अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मना रहे हैं। यह दिवस हम युवाओं से जुड़े मुद्दों ,समस्याओं तथा देश के विकास में हमारी सहभागिता और भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता के बारे में जागरुक्ता बढ़ाने का अवसर देने के उद्देश्य से मनाया जाता है

शिक्षक प्रेमचंद पटेल ने छात्रों को बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय युवा




दिवस का विषय ÷ क्लिक से प्रगति तक = सतत विकास के लिए युवा डिजिटल मार्ग ÷ है। यह विषय युवाओं के लिए डिजिटल नवाचार और सतत विकास के बीच सम्बन्ध पर जाकारी देता है तथा आगे बढ़ने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग में युवाओं की भागीदारी पर भी जोर देता है

प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने देश के भविष्य को आकार देने में युवाओं की शक्ति पर जोर दिया और छात्रों को दृढ़ संकल्प और अखंडता के साथ अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय में हुई रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानाचार्य और शिक्षकों द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कक्षा 7 ई1 के छात्रों आर्यन, उन्नति, सच्यता और अर्नव ने हासिल किया, और दूसरा स्थान कक्षा 8 ई1 की टीम को दिया गया, जिसमें खनक, सृष्टि, जीनत, प्रियांशी और आयुषी शामिल थीं, वहीं तृतीय स्थान पर अदिति, अनुमेहा, अनुष्का, कुशी, अनन्या और प्रगति, मान्या, शगुन, इशिका, अद्रिका की टीम रही

इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल, रश्मी साहू, कामरान, अभिषेक श्रीवास्तव,अर्पणा मिश्रा, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं , विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ | बुधवार | 14 अगस्त 2024



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 27°C |
| कानपुर | 31°C | 27°C |
| देहरादून | 29°C | 25°C |
| नई दिल्ली | 31°C | 27°C |

# बांग्लादेश के हालात से सीख लेना जरूरीः राज्यपाल

## एमजी के सीईओ ने कहा, ट्रस्ट मी नहीं ट्रस्ट वर्थी बोलें, एकेटीयू में 47 हजार को मिली उपाधि

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी लखनऊ का 22वां दीक्षांत समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। इस दौरान कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए बांग्लादेश का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वहां के हालात से सीख लेना जरूरी है। राज्यपाल ने कहा- आज बांग्लादेश की दशा कैसी है। वहां कैसे घर में ही युद्ध शुरू हो गया। भारत शांतिप्रिय देश है, युद्ध नहीं जानता। लोग भले ही शस्त्र चलाएं पर हमारा काम शास्त्र का ज्ञान अर्जित करना है। केरल के वायनाड में जो हुआ, उसके पीछे पेड़ काटने की आदत है। हर एक व्यक्ति को मां के नाम पर पेड़ लगाना चाहिए।

### यूपी के 20 लाख स्टूडेंट्स की स्किल को बढ़ाना है

राज्यपाल ने कहा- आने वाले 5 सालों में यूपी के 20 लाख स्टूडेंट्स की स्किल को बढ़ाना है। विश्व अनंत संभावना की ओर बढ़ रहा है। एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, आईओटी, डाटा स्ट्रक्चर, रोबोटिक्स के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इंडियन एआई मिशन की शुरुआत मार्च 2024 में की गई है। प्रदेश के सबसे बड़े टेक्निकल विश्वविद्यालय होने के कारण आपके ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है।

### एआई के जरिए एग्जाम पेपर बनाने की तैयारी

राज्यपाल ने कहा- एकेटीयू एआई के जरिए एग्जाम के पेपर बनाने पर विचार किया जा रहा है। इसे अमल में लाएं, सिर्फ विचार न करें। इस साल 1600 से ज्यादा शोध पत्र छपे हैं। एफिलिएटेड कॉलेजों को ह्रष्ट रेटिंग मिली पर आप कही पीछे छूट गए। संबद्ध 6 संस्थानों का नाम ह्रङ्कह्र लिस्ट में भी है।

### एकेटीयू से 100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी गई किट

राज्यपाल ने कहा- प्लेसमेंट ड्राइव के जरिए 6 हजार स्टूडेंट्स को जॉब मिली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शपथ में लोगों को जोड़ने पर दूसरे स्थान पर रहा। आज भी एकेटीयू द्वारा 100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किट गई। 5 गांव गोद लेने वाले स्टूडेंट्स जैसे हर घर तिरंगा अभियान मनाया था, इस बार भी भागीदारी करें। तिरंगा ही हमारी शान है, हमारा अभिमान है।



### रेगुलर कॉलेज अटेंड किया, मिला चांसलर मेडल

मेरठ की बीटेक कंप्यूटर साइंस स्टूडेंट झलक जैन ने बताया कि घंटे देखकर पढ़ाई नहीं की। सिर्फ नियमित और हार्ड वर्क से पढ़ाई की। मैं अपना करियर टेक इंडस्ट्री में बनाना चाहती हूं। कुछ बेहतरीन इनोवेशन करना ही मकसद है। मेरे पिता बिजनेसमैन हैं। बहुत लोग सोचते हैं कि सिर्फ याद करने से ही बीटेक हो जाता है, पर ओपन माइंड होकर कुछ लॉजिकल और क्रिटिकल थिंकिंग के साथ पढ़ाई करनी होती है।

### अंशिका बोलीं, किसानों के लिए काम करना चाहती हूं

लखनऊ की अंशिका यादव को एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में गोल्ड मिला है। अंशिका लखनऊ के एसआर इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा हैं। अंशिका ने कहा– फारेस्ट सर्विस या गवर्नमेंट सेक्टर में जाना चाहती हूं। किसानों के बीच में जागरूकता की बेहद कमी है, यही कारण है कि मैं इस क्षेत्र में काम करना चाहती हूं। मैं अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु रूपेश रंजन यादव को देती हूं।

### 47 हजार 269 स्टूडेंट्स को मिली उपाधि

कुलपति प्रो.जेपी पांडेय ने बताया कि 47 हजार 269 स्टूडेंट्स को उपाधि दी गई है। इसमें बीटेक के 24 हजार 721 स्टूडेंट्स और एमबीए के 9 हजार 708 शामिल हैं। इनमें कुल 32322 छात्र, 14342 छात्राएं हैं। पदक पाने वाले मेधावियों में 24 छात्र, और 57 छात्राएं हैं।

### क्वालिटी एजुकेशन पर फोकस

उद्योग जगत से ज्यादा से ज्यादा इंटरैक्शन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय ने स्टूडेंट्स को मेजर डिग्री के साथ माइनर डिग्री लेने के अवसर दिया है। फार्मेसी और आर्किटेक्चर के विषयों को भी माइनर में लेने का अवसर दिया जा रहा है। क्वालिटी एजुकेशन पर फोकस हैं। विश्वविद्यालय से संबद्ध 24 संस्थानों को एनएएसी अक्रेडिशन हासिल हुआ है।

### 6 स्टूडेंट्स को स्टार्टअप अवॉर्ड

इस सत्र में 21 फैकल्टी डेवलपमेंट के कार्यक्रम को अनुमति दी है। विश्वविद्यालय में पेटेंट हासिल करने के लिए कलाम पेटेंट सेंटर बनाने का लक्ष्य है। प्रदेश में 6 स्टूडेंट्स को स्टार्टअप अवॉर्ड दिया जा रहा है।

### राजीव चाबा बोले, एआई को इग्नोर नहीं किया जा सकता

एमजी मोटर्स इंडिया के सीईओ राजीव चाबा ने कहा, मैं कानपुर में पैदा हुआ, लखनऊ में पढ़ा। दुबई, लंदन, अमेरिका में नौकरी की। ये समझना होगा कि आप जॉब करें या स्टार्टअप शुरू करें। आज के दौर में द्ध को इग्नोर नहीं किया जा सकता। चाबा ने कहा- क्लाइमेट चेंज पर काम करना बेहद जरूरी है। इसको लेकर बहुत प्रभाव पड़ेगा। वेलनेस इंडस्ट्री भी अच्छा काम करेगी, फूड न्यूट्रिशन, एक्सरसाइज और एक्सपीरियंस शेयरिंग, कंटेंट क्रिएशन पर भी ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने कहा- पीपल कनेक्ट बेहद इम्पोर्टेन्ट होने जा रहा है। कॉलेब्रेशन एटीट्यूड बेहद जरूरी है। अच्छा कम्युनिकेशन बहुत जरूरी है। एआई के बाद बहुत बदलाव आ रहे हैं। मैंने आईआईएम बेंगलुरु में 150 बच्चों के साथ पढ़ाई की थी। इनमें से किसी को भी तब नहीं पता था कि 50 साल की उम्र के बाद वो क्या करेंगे? यदि आपको नहीं बता कि आप भविष्य में क्या करेंगे, तो कोई बात नहीं, पर कर्म और धर्म पर भरोसा करें। यहां हाल में बैठे कई सफल लोगों के साथ भी आपके उम्र में यही रहा है। बस ईमानदार रहें। जॉब कोई खराब नहीं होती। काम कोई छोटा नहीं होता। बस आप मन लगाकर काम करते रहें।

### बच्चों को राज्यपाल का स्वास्थ्य संदेश



**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उन्हीं के द्वारा इसका शुभारम्भ किया गया। राजभवन चिकित्सालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बच्चों की आंखों, खून, पेशाब और टीबी की विस्तृत जांच की गई। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया और उन्हें उचित परामर्श दिया। आनंदीबेन पटेल ने शिविर के दौरान सभी बच्चों की जांच को ठीक ढंग से सम्पन्न करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपनी स्वास्थ्य जांच अच्छे से करानी चाहिए और जीवन में सफल होने के लिए सच्चाई, ईमानदारी और नेक सोच को अपनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखती है बल्कि हमारे समाज को भी स्वस्थ बनाती है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि बच्चों के साथ-साथ अध्यापिकाओं को भी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए परीक्षण कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस तरह के शिविरों के आयोजन पर जोर देते हुए कहा कि इससे बच्चों को समय पर सही स्वास्थ्य सेवाएं और आवश्यक मार्गदर्शन मिल सकेगा। उक्त परीक्षण शिविर में उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन में अध्ययनरत कुल 137 बच्चों के सापेक्ष 93 बच्चों (51 छात्र एवं 42 छात्राओं)का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शेष बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण उन्हें चिकित्सालय बुलाकर पुनः किया जायेगा ताकि कोई भी बच्चा स्वास्थ्य जांच से वंचित न रहे। नेत्र परीक्षण के अन्तर्गत जिन 15 बच्चों में दृष्टि दोष पाया गया उनको चश्मा वितरित किया गया ताकि उनकी दृष्टि संबंधी समस्याओं का समाधान हो सके और वे अपनी पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ.सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल. जानी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश में मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद एक अक्टूबर से होगी शुरू

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रदेश में मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद एक अक्टूबर से शुरू होगी। इसकी तैयारियों के संबंध में खाद्य एवं रसद विभाग ने समय-सरिणी जारी की है। जिसके अनुसार कृषकों को स्वयं या जनसुविधा केंद्र आदि के माध्यम से पंजीकरण कराने के लिए पंजीकरण 1 अगस्त से प्रारंभ है। वहीं केंद्रों की जियो टैगिंग 30 अगस्त तक, धन का आंकलन व उपलब्धता, बोरे की उपलब्धता, स्टाफ की तैनाती हैंडलिंग व परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति, ई-पॉप डिवाइस की उपलब्धता संबंधी व्यवस्था 15 सितंबर तक कर ली जाएगी। वहीं अन्य व्यवस्थाएं भी 15 सितंबर तक कर ली जाएंगी। लक्ष्मी नारायण चौधरी ने बताया कि पुरस्कृत चीनी मिलों में रमाला चीनी मिल को अधिकतम गन्ना पेराई, स्नेहरोड चीनी मिल को तकनीकी दक्षता, अनूपशहर चीनी मिल को गन्ना विकास और गजरौला चीनी मिल को वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 23 सहकारी चीनी मिलें संचालित हो रही हैं, जिनकी कुल दैनिक गन्ना पेराई क्षमता 65,375 टन है।वर्ष 2017 और वर्ष 2022 में प्रदेश में लोकप्रिय सरकार के गठन के बाद सहकारी चीनी उद्योग को मजबूती प्रदान करने के लिए कई योजनाएं लागू की गईं, जिनमें तकनीकी उच्चीकरण और क्षमता विस्तार शामिल हैं। इन प्रयासों के फलस्वरूप, सहकारी चीनी मिलों की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

### उत्तर प्रदेश की चार सहकारी चीनी मिलों को राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार

उत्तर प्रदेश की चार सहकारी चीनी मिलों को बेहतर प्रबंधन और दक्षता के लिए राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 10 अगस्त को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ के तत्वाधान में आयोजित 'चीनी उद्योग संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार 2022-23' समारोह में दिया। इस उपलब्धि को प्रदेश के सहकारी चीनी उद्योग के लिए एक बड़ा सम्मान माना जा रहा है, जो उनके बेहतर प्रबंधन और कार्यक्षमता का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रदेश गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी भी मौजूद थे।

## कई दलों के नेताओं ने ज्वाइन किया रालोद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

रालोद के कार्यालय पर राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी की उपस्थिति एवं प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता में कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे मौजूद रहे। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल निरन्तर संगठन विस्तार कर रहा है। बिहार, झारखण्ड, उत्तराखण्ड एवं दिल्ली जैसे प्रदेशों में पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों को घोषित कर दिया गया है। आगामी उपचुनाव में एनडीए की विजय हेतु प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय 16 अगस्त से झांसी से अपना दौरा प्रारम्भ करेंगे।

# उत्तर प्रदेश आईटीआई प्रवेश के प्रथम चरण का परिणाम घोषित

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा सत्र 2024-25 (एक वर्षीय) और सत्र 2024-26 (दो वर्षीय) के लिए प्रदेश में संचालित राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रथम चरण के चयन परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।

10 से 16 अगस्त तक होगा प्रवेश

राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि प्रथम चरण के प्रवेश की तिथि 10 अगस्त 2024 से 16 अगस्त 2024 तक निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थी दिए गए लिंक पर क्लिक कर अपनी पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि दर्ज करके बुलावा पत्र का प्रिंट प्राप्त कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी चयन की सूचना दी जा रही है।

### फीज और फ्लोट में से चुनना होगा एक विकल्प

प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र की प्रति, सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों की प्रतियों और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ के प्रधानाचार्य से संपर्क कर प्रवेश लेना होगा। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी को फीज (स्थिर) और फ्लोट (विस्थापित) में से किसी एक विकल्प का चयन करना होगा, जिसके आधार पर उन्हें संस्थान में प्रवेश मिलेगा।

# मायावती बोलीं, संवेदनशील व्यवस्था बनाने के साथ ही दोषियों पर कार्रवाई भी जरूरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



बसपा सुप्रीमो मायावती ने कोलकाता में महिला प्रशिक्षु के साथ हुए दुष्कर्म व हत्या मामले में बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और शर्मनाक है। सरकार को ऐसी जघन्य घटनाओं की रोकथाम के लिए सुरक्षा प्रबंध करने के साथ ही दोषी को सख्त सजा भी देना चाहिए। उन्होंने एक्स पर कहा कि सरकारी, गैर-सरकारी या जीवन के अन्य किसी भी क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान आदि से जुड़ा यह अति-महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दा है जिसको लेकर सभी को जागरूक व सतर्क रहने की जरूरत है ताकि बंगाल की लेडी डाक्टर जैसी अति-दुखद व शर्मनाक घटनाएं न होने पाएं। उन्होंने कहा कि देश भर में होने वाली ऐसी जघन्य घटनाओं की रोकथाम के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों को हर स्तर पर समुचित संवेदनशील व्यवस्था करने के साथ-साथ दोषियों के खिलाफ सखूत त्वरित कार्रवाई भी बहुत जरूरी है। बता दें कि कोलकाता की घटना को लेकर देश भर में प्रदर्शन हो रहे हैं। डॉक्टरों ने कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आज, होंगी गोष्ठियां

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

**भाजपा राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिये करेगी संवाद**

भारतीय जनता पार्टी हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर 14 अगस्त को जिला स्तर पर गोष्ठियां करके विभाजन की त्रासदी पर चर्चा करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सहित पार्टी पदाधिकारी, केन्द्र व प्रदेश सरकार के मंत्री गोष्ठियों को संबोधित करेंगे। भाजपा गोष्ठियों के माध्यम से देश के विभाजन की विभीषिका पर चर्चा करते हुए राष्ट्र की एकता व अखंडता के लिए देश के नागरिक के रूप में प्रत्येक व्यक्ति के कर्तव्यों पर भी संवाद करेगी।प्रदेश प्रवक्ता व हर घर तिरंगा अभियान के प्रदेश सहसंयोजक डॉ समीर सिंह ने बताया कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर गोष्ठियों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी अयोध्या, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आगरा तथा ब्रजेश पाठक बनारस में संवाद करेंगे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी बस्ती, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही देवरिया, स्वतंत्र देव सिंह उन्नाव, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी गाजियाबाद में विभाजन विभीषिका गोष्ठी को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा बदायूं, पंकज चौधरी महराजगंज, प्रदेश सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर लखनऊ जिला, दयाशंकर सिंह गाजीपुर, एके शर्मा आजमगढ़, नंद गोपाल गुप्ता नन्दी प्रयागराज,जयवीर सिंह फिरोजाबाद, सुनील शर्मा बागपत, बेबी रानी मौर्य मथुरा,अनिल राजभर जौनपुर, योगेन्द्र उपाध्याय नोएडा, दारा सिंह चौहान मऊ, कपिल देव अग्रवाल शामली, जसवंत सैनी मुरादाबाद, गुलाब देवी सम्भल, सोमेन्द्र तोमर सहारनपुर, ब्रजेश सिंह मुजफ्फरनगर, संदीप सिंह एटा, अरूण सक्सेना पीलीभीत, संजय गंगवार शाहजहांपुर, नितिन अग्रवाल सीतापुर, राकेश सचान कानपुर, अजीत पाल औरैया, राकेश निषाद फतेहपुर, असीम अरूण कन्नौज, गिरीश यादव भदोही तथा पूर्व मंत्री अशोक कटारिया अमरोहा में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित गोष्ठियों को संबोधित करेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक गोण्डा, कान्ता कर्दम अलीगढ़, संतोष सिंह बरेली, सलिल विश्नोई कानपुर देहात, बृज बहादुर अलीगढ़ जिला दिनेश कुमार शर्मा इटावा, मानवेन्द्र सिंह हमीरपुर, देवेश कुमार लखीमपुरखीरी, प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य प्रतापगढ़, प्रियंका सिंह रावत बहराइच, संजय राय बाराबंकी, सुभाष यदुवंश सिद्धार्थनगर, रामप्रताप सिंह चौहान फिरोजाबाद, प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे हाथरस, पूनम बजाज कासगंज, शिवभूषण सिंह कानपुर, डीपी भारती शाहजहांपुर, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य जालौन, प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला सुल्तानपुर, राकेश त्रिपाठी अमेठी, आनंद दुबे अम्बेडकरनगर में गोष्ठियों को संबोधित करेंगे। हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित तिरंगा यात्रा में मंगलवार 13 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कानपुर, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊ तथा राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह मुरादाबाद में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापतिराम त्रिपाठी बाराबंकी, केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल आगरा, प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह औरैया, मोहित बेनीवाल नोएडा, प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य प्रतापगढ़, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह बाराबंकी, प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल मुजफ्फरनगर, दिनेश खटीक मेरठ, केपी मलिक बागपत, गुलाब देवी संभल, बलदेव ओलख रामपुर, सतीश शर्मा बाराबंकी,रजनी तिवारी हरदोई, सुरेश राही सीतापुर, संजय सिंह गंगवार पीलीभीत तथा योगेन्द्र उपाध्याय आगरा में तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए।

## जलशक्ति मंत्री पहुंचे मोहनलालगंज, जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज मोहनलालगंज लखनऊ के विभिन्न ग्रामसभाओं भ्रमण कर जल जीवन मिशन के तहत कराये जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और पाइप पेयजल योजना के माध्यम से घरों में लगी टोंटियों से आ रहे पानी की स्थिति का जायजा लिया।जलशक्ति मंत्री ने मुख्य अभियंता जल जीवन मिशन लखनऊ सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि योजना के तहत कराये गये कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा, गुणवत्ता के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए, शिकायत मिलने पर संबंधित के ख़िलाफ़ कड़ी करवाई की जाएगी। स्वतंत्र देव सिंह ने निरीक्षण के दौरान मोहनलालगंज के अंतर्गत ग्राम सभा उदयनगर, भावाखेड़ा, कूढ़ा एवं कुभरा जाकर ग्रामवासियों से संवाद किया और जल जीवन मिशन के तहत कराये गये कार्यों का फ़ीडबैक भी लिया।

# मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश बनेगा आत्मनिर्भर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

**'प्रदेश की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने में मत्स्य विभाग की योजनाओं का किया जाय प्रभावी क्रियान्वयन'**

उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री डा संजय कुमार निषाद ने आज यहां लखनऊ स्थित निदेशालय सभागार में मत्स्य विभाग की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। यूपी को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और मछुआ समुदाय का सर्वांगीण विकास करना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से है। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत विभिन्नपरियोजनाओं, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना तथा सहकारी समितियो के गठन की समीक्षा की।डॉ निषाद ने कहा कि मत्स्य पालक कल्याण कोष की धनराशि का मछुआ पालकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो, पोखरों की संख्या में वृद्धि की जाय। मत्स्य मोबाइल बिक्री केन्द्रो एवं मत्स्य दुकानों की संख्या में वृद्धि की जाये। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर बनाने में मत्स्य विभाग द्वारा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाय।निषादराज बोट सब्सिडी योजना 2024-25 के तहत अब तक 2604 आवेदन प्राप्त हुए है। योजना की समीक्षा करते हुए मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत जो भी आवेदन प्राप्त हुए हैं, उसका जिला स्तरीय चयन समिति से पात्र आवेदकों के चयन एवं रैंडमाइज्ड सूची पोर्टल पर अपलोड करते हुए निदेशालय को समय से प्रेषित किया जाए। जिससे पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिल सके।मत्स्य विकास मंत्री डा संजय निषाद ने कहा कि मत्स्य क्षेत्र के भूमिहीन मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लाभान्वित कराया गया है। मत्स्य क्षेत्र के सभी भूमिहीन मछुआरों को केसीसी के माध्यम से ऋण मुहैया कराने हेतु दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इस योजना में और तेजी लाई जाए। डा निषाद ने कहा कि मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश में संचालित नयी योजना मत्स्य पालक कल्याण कोष, निषादराज बोट योजना तथा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को दिलाया जाए।मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित योजनाओं को युद्ध स्तर पर संचालित किया जाए ताकि मछुआ समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति कोयोजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। अनुपयुक्त जलक्षेत्र जैसे वेटलैण्ड, खारापानी जलक्षेत्र, जलाशय व नदियों को मत्स्य विकास कार्यक्रम से आच्छादित करने तथा प्रदेश के मछुआरों व मत्स्य पालकों के जीवन में आर्थिक सुधार लाने हेतु कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# अल्पसंख्यक राज्यमंत्री के नेतृत्व में परिवर्तन चौक से हजरतगंज तक निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

**कार्यक्रम का उद्देश्य देश के लोगों में देश प्रेम की भावना को बढ़ावा देना एवं अमर शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है**

प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी के नेतृत्व में कल दिनांक 14 अगस्त को प्रातः 07 बजे परिवर्तन चौक से हजरतगंज चौराहा अटल चौक तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस तिरंगा यात्रा,प्रभात फेरी में जनपद लखनऊ में संचालित मदरसों के लगभग 10,000 छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे।अल्पसंख्यक राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी लखनऊ को कल आयोजित होने वाले प्रभातफेरी तिरंगा यात्रा के सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के दौरान निर्धारित मार्ग पर साफ-सफाई एवं पेयजल, एम्बुलेंस एवं अग्निशमन वाहन की व्यवस्था उपलब्ध हो। शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की उपलब्धता करायी जाय।अल्पसंख्यक राज्यमंत्री ने बताया कि सरकार हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के लोगों में देश प्रेम की भावना को बढ़ावा देना एवं अमर शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करना है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# आजादी की क्रांति में हरियाणा

**ब्रिटिश राज के खिलाफ विद्रोह के दौरान अंबाला, जींद के अलावा हरियाणा के अधिकांश शेष क्षेत्रों में अंग्रेजों को राजस्व देना बंद कर दिया। हालांकि 16 नवंबर तक यहाँ विद्रोह समाप्त हो गया और अंग्रेजों ने खुद को मजबूत किया। 10 अप्रैल 1875 के बाद हरियाणा में आर्य समाज जड़ें जमाने लगा, स्वामी दयानंद ने मुंबई में आर्य समाज की शुरुआत की। आर्य समाज ने मूर्ति पूजा के खिलाफ आवाज उठाई। विधवा विवाह, अस्पृश्यता और स्त्री शिक्षा पर जोर दिया। आर्य समाज को हरियाणा के लोगों से ऐसे क्षण में बहुत समर्थन मिला।**

*इतिहास उठाकर देखिए, हरियाणा का हर जर्रा खून से भीगा दिखाई देगा। आजादी की जंग जीतने में जहां देश के जवानों ने कोई कसर नहीं छोड़ी, वहीं अंग्रेजों ने भी क्रूरता की हद पार कर दी थी। स्वतंत्रता आंदोलन की आग में पूरा हरियाणा जल उठा था। बात 1857 की है, जब प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन में आजादी के दीवाने जंग में कूद पड़े। उस दौरान हरियाणा से 3000 हजार से ज्यादा लोग मारे गए थे। अंग्रेजों ने कुछ को पकड़ कर फांसी पर लटका दिया तो कुछ को गोली से उड़ा दिया। इस पर भी बस नहीं चला तो कई गांवों को जलाकर राख कर दिया गया। हरियाणा का यह भूभाग उस समय पंजाब प्रांत का भाग था। क्रांतिकारी सिपाही मंगल पाण्डेय के नेतृत्व में 10 मई 1857 को प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन की शुरूआत की गई थी। इस दौरान 13 मई को जब गुड़गांव और अन्य जिलों में भी यह आग भड़की तो हरियाणा से बहुत से वीर इसमें शामिल हो लिए। इनमें कई वीरों ने अपनी जान गवांई। हरियाणा गर्व करता है कि देश की आजादी की क्रांति में उसका एक स्थान है। भारतीय इतिहास महाभारत से जुड़ा है जिसे अब हरियाणा कुरुक्षेत्र भूमि कहा जाता है। जहां सही और गलत के बीच सबसे बड़ी लड़ाई हुई। यह दिलचस्प है कि हरियाणा कई युद्ध दृश्यों के लिए एक युद्ध का मैदान रहा है। हरियाणा का गठन 1966 में हुआ था। यह पहले पंजाब का हिस्सा था और इसलिए स्वतंत्रता के लिए स्वतंत्रता संग्राम में पंजाब का बहुत उल्लेख है, लेकिन लोगों के बलिदान के मामले में हरियाणा के योगदान के रूप में बहुत कम जाना जाता है। हरियाणा में ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह की पहली चिंगारी 10 मई 1857 को अंबाला से शुरू हुई थी, यहीं पर देशी पैदल सेना के सैनिकों विद्रोह शुरू किया था। उसी दिन मेरठ स्थित देशी पैदल सेना में इसी तरह का विद्रोह किया, यह घटना तेजी से सभी भागों में फैल गई। किसान सैनिक और स्थानीय नेता पिनगवां के मेव सदरुद्दीन स्थानीय नेताओं जैसे राव तुलाराम और उनके चचेरे भाई गोपाल देव के नेतृत्व में एक साथ आए थे। जल्द ही समद खान, जनरल मोहम्मद अजीम बेग, राव किशन सिंह राव, रामलाल सभी मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में शामिल हो गए। साधारण, स्थानीय सैनिक और हरियाणा के स्थानीय नेता इस विद्रोह के लिए आगे आये थे, जबकि पड़ोसी क्षेत्रों के नेताओं ने इस महत्वपूर्ण समय के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ आवाज नहीं उठाई। हरियाणा के अन्य हिस्सों की तरह, रोहतक में भी ब्रिटिश राज के सभी प्रतीकों पर हमला किया और खरखोदा के एक बिसरत अली जो अंग्रेजों में एक रिसालदार थे; सबर खान के साथ एक किसान नेता, स्थानीय लोग सभी एक साथ आए और रोहतक तहसील में ब्रिटिश संपत्ति और निवास पर हमला किया। रोहतक के डिप्टी कमिश्नर विलियम लॉज को रोहतक छोड़ना पड़ा लेकिन तहसीलदार बखावर सिंह और थानेदार भूरे खान के काम की मौत हो गई। अंत में 15 अगस्त 1857 को मेजर जनरल विल्सन द्वारा समर्थित लेफ्टिनेंट डब्ल्यूएसआर एडसन अपनी सेना के साथ खखोड़ा पहुंचे और संघर्ष में बिसरथ अली मारे गए। फिर वे रोहतक जिले में सबर खान को दबाने पहुंचे जो वहां विद्रोह का नेतृत्व कर रहे थे। सबर खान और रोहतक के स्थानीय किसानों के पास सीमित संसाधन थे, अंततः रोहतक में वो हार गए, जबकि इसी दौरान हिसार, हांसी और सिरसा के स्थानीय लोगों ने हुकुमचंद जैन, भतीजा फकीरचंद जैन ,मोहम्मद अजीम ,नूर मोहम्मद सभी ने मिलकर 29 मई 1857 को विद्रोह का नेतृत्व किया, उन्होंने हिसार के डिप्टी कमिश्नर सहित 12 यूरोपीय लोगों को मार डाला।*

## एक्सप्रेस आलेख

**सच कहा जाए तो राहुल गांधी समेत जो भी इस हिंडनबर्ग रिपोर्ट को अपने राजनीतिक फायदे के लिए उसे भुनाने का अवसर मान रहे हैं वह देश को ही कमजोर करने का काम कर रहे हैं। वस्तुतः आज यह सभी को समझना होगा कि अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च खुद शेयर मार्केट में अपने फायदे के लिए काम करने वाली एक संस्था है। भारत के शेयर बाजार को धराशाही कर वह उसमें अपना बड़ा फायदा देखती है। पहले भी उसने ऐसा कर अपने लिए आर्थिक सफलता हासिल की थी जिसमें कि भारत को कई हजार करोड़ का नुकसान हुआ था और वर्तमान में भी वह उसी राह पर चल रही है। उसका कुल उद्देश्य हर हाल में अपना लाभ कमाना है।**

# हिंडनबर्ग की भारत को आर्थिक रूप से कमजोर करने की चाल



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**यह देखकर आश्चर्य जरूर होता है कि जो हिंडनबर्ग रिसर्च, पूंजी बाजार नियामक सेबी को बदनाम करना चाहता है, इसके बहाने वह भारत की अर्थव्यवस्था पर हमला कर रहा है, वह कभी गौतम अडानी को घेरता है तो कभी सेबी को, लेकिन जब पूंजी बाजार नियामक (सेबी) उसे इस तरह से झूठ फैलाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करती है।**

भारत के भविष्य को लेकर जिस तरह के सकारात्मक-सफल रुझान विश्व के बड़े-बड़े आर्थिक विश्लेषकों ने लगाए हैं और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की जो गति इस वक्त देश में चल रही है, उस सब को ध्वस्त करने का काम फिर एक बार विदेशी षड्यंत्र द्वारा भारत में शुरू होता दिख रहा है। अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च का अपनी नई रिपोर्ट के माध्यम से यह दूसरा इस प्रकार का बड़ा प्रयास है। आश्चर्य होता है यह देखकर कि उसे हाथों-हाथ लेकर कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन अपने ही देश की अर्थव्यवस्था को लेकर आम जन में अविश्वास पैदा कर रहा है, यह दृश्य अकल्पनीय है। इससे साफ है कि बढ़ते और विश्व की तीसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बनने जा रहे भारत को कमजोर करने की योजना बहुत गहरी है। ऐसे में कम से कम भारत के विपक्ष से तो यह उम्मीद नहीं की जानी चाहिए कि वह देश को आर्थिक मोर्चे पर कमजोर करने का काम करेगा। बैसे तो बांग्लादेश में हिंसा के मुद्दे पर विपक्ष ने संसद में जैसा भरोसा मोदी सरकार के साथ खड़े होकर दिखाया था, वैसा ही रवैया किसी विदेशी और संदिग्ध शोध एजेंसी की रिपोर्ट पर भी दिखाना चाहिए था। हालांकि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर विपक्षी पार्टियां एवं उसके ज्यादातर नेता चुप हैं, जिसकी कि सर्वत्र आलोचना भी हो रही है, क्योंकि यही विपक्ष फिलीस्तीन और गाजा, हमास पर मोदी सरकार पर दबाव बना रहा था कि वह इजरायल को इनके खिलाफ कार्रवाई करने से रोके। यहां वैसा ही विश्वास आज आर्थिक मोर्चे पर राहुल गांधी समेत सभी विपक्षी नेताओं को दिखाना चाहिए था, लेकिन इसके उलट जाकर इस वक्त जो रवैया विपक्ष का दिख रहा है, उसे लेकर कहना यही होगा कि वह देश को कमजोर करने वाला ही साबित हो रहा है। यहां विपक्ष की सोच यह है कि इससे मोदी सरकार कटघरे में खड़ी हो जाएगी, देश की जनता के सामने कमजोर नजर आएगी। हो सकता है उसका ये सोचना राजनीतिक स्तर पर उसके अपने फायदे के लिए सही कहलाए, किंतु हर बार राजनीतिक सोच सही हो, यह जरूरी नहीं है। इस नकारात्मक व्यवहार से दुनिया भर के निवेशकों में भारत के प्रति अविश्वास पैदा हो रहा है, उसका खामियाजा देश के आम जन भुगतते हैं। आखिर उसकी भरपाई कौन करेगा? आज कांग्रेस, सपा, आप समेत अन्य कई विपक्षी दल



**यहां विपक्ष की सोच यह है कि इससे मोदी सरकार कटघरे में खड़ी हो जाएगी, देश की जनता के सामने कमजोर नजर आएगी। हो सकता है उसका ये सोचना राजनीतिक स्तर पर उसके अपने फायदे के लिए सही कहलाए, किंतु हर बार राजनीतिक सोच सही हो, यह जरूरी नहीं है।**

जो अर्थ के क्षेत्र में अस्थिरता की छवि भारत की बना देना चाह रहे हैं, उससे इन्हें लाभ तो क्या होगा, हां, इतना जरूर होता दिखता है कि देश में नौकरियों में कमी आ रही है। निर्यात पर इसका बुरा असर पड़ना शुरू हो गया है । कुछ दिन बाद फिर यही विपक्ष राग अलापना शुरू कर देगा कि देश में मोदी सरकार के राज में नौकरियां नहीं है। कुल मिलाकर आर्थिक मोर्चे पर भारत विपक्ष के इस आचरण से कमजोर पड़ता ही दिखा है। अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने मार्केट रेगुलेटर सेबी की प्रमुख माधबी पुरी बुच पर अदाणी ग्रुप से मिलीभगत का आरोप लगाया है। भले ही फिर सेबी और अदाणी ग्रुप ने हिंनडबर्ग के सभी आरोपों से इनकार किया और यह सिद्ध करने के लिए कि हिंडनबर्ग ने जो बोला वह सही है, इसका कोई प्रमाण नहीं है। लेकिन इसके बाद भी झटका स्टॉक मार्केट में दिखा। अधिकतर वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बावजूद भी घरेलू इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ खुले। अदाणी ग्रुप के सभी शेयरों में बिकवाली का दो कंपनियों को छोड़कर अन्य पर भारी दबाव देखने को मिल रहा है। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स को छोड़ निफ्टी के सभी सेक्टर्स के इंडेक्स रेड पर देखे गए और एक ही दिन में हिंडनबर्ग के झटके से अधिकतर वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बावजूद घरेलू इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में ओवरऑल बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 2.26 लाख करोड़ रुपये घट गया। यानी निवेशकों की दौलत मार्केट खुलते ही 2.26 लाख करोड़ रुपये डूब गई थी। सोचने वाली बात है कि यदि राहुल गांधी, जोकि आज के समय में एक संवैधानिक पद पर हैं, नेता प्रतिपक्ष हैं, वे और अन्य विपक्षी नेता इतना अधिक नकारात्मक माहौल नहीं बनाते तो क्या इसका यही असर होता जो देखने को मिला स्वभाविक है, ऐसा नहीं होता, न ही 2.26 लाख करोड़ रुपये निवेशकों के डूबे होते! अब यह अलग बात है कि 12 अगस्त की शाम होते-होते मार्केट में भारत के शेयर बाजार के प्रति भरोसा वापिस आ गया और उसने हिंडनबर्ग रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया, जिसके चलते निफ्टी-सेंसेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार करते दिखे। बाजार ने सेबी की सलाह मानी। वस्तुत भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपनी पहली टिप्पणी में ही साफ कर दिया था कि उसने अडाणी समूह के खिलाफ सभी आरोपों की विधिवत जांच की है। हिंडनबर्ग जिस फंड का जिक्र करते हुए माधबी पुरी बुच उनके पति धवल बुच को घेरने का प्रयास कर रहा है, उसका कोई आधार नहीं, क्योंकि उनके इस पद पर आने के बाद इस प्रकार का कुछ भी नहीं किया गया, जैसा कि हिंडनबर्ग ने दिखाया है। धवल बुच ने भी इस संबंध में अपनी ओर से सही जानकारी दी ही है। उनके कथन को लेकर सेबी का भी अधिकारिक बयान मौजूद है, जिसमें साफ बता दिया गया है कि उनकी चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने समय-समय पर संबंधित जानकारी सेबी को दी और संभावित हितों के टकराव से जुड़े मामलों से खुद को अलग रखा है। अब ऐसे में यहां यह देखकर आश्चर्य जरूर होता है कि जो हिंडनबर्ग रिसर्च, पूंजी बाजार नियामक सेबी को बदनाम करना चाहता है, इसके बहाने वह भारत की अर्थव्यवस्था पर हमला कर रहा है, वह कभी गौतम अडानी को घेरता है तो कभी सेबी को, लेकिन जब पूंजी बाजार नियामक (सेबी) उसे इस तरह से झूठ फैलाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करती है।

## एक्सप्रेस कविता

*रिश्ते अब अपने रिश्तों से दूर गए है,*
*लोग आज कितने निष्ठुर हो गए हैं द्य*
*दुश्मनो से दोस्त कर रहें गुजारिश,*
*भोले चेहरे कितने मगरूर हो गए हैं।*
*ज़माने की कैसी हो गई फितरत,*
*भाई चारे कितने बेनूर हो गए हैं।*
*आजमा कर देख बेदर्द ज़माने को,*
*सच के रिश्ते अब काफूर हो गए हैं ।*
*नाते,रिश्ते का अजब मायाजाल है,*
*सिक्कों की खनक दस्तूर हो गए हैं।*
*तमन्नाये सुनहरे पंखों की बेमानी,*
*सारे सपने अब चूर चूर हो गए हैं।*
*फकीरी,शायरी हमारी अब हमसफर,*
*खुदा के करम अब पुरनूर होगए हैं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*शिक्षा ग्रहण करने के लिए निरंतर और हर पल प्रयास करते रहना चाहिए. सभी प्रकार के अंधकार को शिक्षा की रोशनी से ही दूर किया जा सकता है*

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | नवमी 10:20 तक |
| नक्षत्रः | अनुराधा 12:01 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | इंद्र, 15:50 |
| सूर्योदयः | 05:53 |
| सूर्यास्तः | 18:57 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 12:25-14:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### है फैला आक्रोश !

*ना रुकती दरिंदगी ।*
*है फैला आक्रोश ।।*
*बड़ी वारदात ये ।*
*है बड़ा अफ़सोस ।।*
*बड़ी बड़ी बातें ।*
*और केवल तकरार ।।*
*लगता सारा तंत्र ।*
*हुआ बिन आधार ।।*
*धरना और प्रदर्शन ।*
*जारी है हड़ताल ।।*
*मिला नहीं यदि न्याय ।*
*तय मचना बवाल ।।*
*बस केवल आश्वासन से ।*
*नहीं है चलता काम ।।*
*हर तरफ ये हाल ।*
*लें किस किस का नाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# डेंगू में प्लेटलेट्स को बढ़ाने के लिए जरूर खाएं फल, तेजी से होगी रिकवरी

**बारिशों** के मौसम में जगह-जगह जलभराव के कारण मच्छर होने की संभावना बढ़ जाती है। यही कारण है कि मानसून में मच्छरों से होने वाली बीमारियां का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू इसमें से एक मुख्य बीमारी है। डेंगू होने पर व्यक्ति को तेज बुखार होता है। इस बीमारी में शरीर प्लेटलेट्स की संख्या तेजी से घट जाती है। जिसकी वजह से रोगी को थकान, कमोजरी, सिरदर्द और उल्टी जैसे लक्षणों का सामना करना पड़ता है। प्लेटलेट्स कम होने से व्यक्ति को अन्य बीमारियां का जोखिम बढ़ जाता है।

**पपीते का सेवन करें:** पपीता का सेवन करने से आप डेंगू के दौरान होने वाली प्लेटलेट्स कमी को आसानी से दूर कर सकते हैं। इस फल में मौजूद एंजाइम्स प्लेटलेट्स की संख्या को बढ़ाने में सहायक होते हैं। इसमें विटामिन सी पाया जाता है, जो डेंगू के बुखार में होने वाली समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। साथ ही, पपीते के पत्तों को पानी में उबालकर पीने से भी आपको फायदा होता है।

**अनार:** अनार शरीर में खून की कमी को दूर करने में फायदेमंद होता है। डेंगू के दौरान प्लेटलेट्स को बढ़ाने के



लिए आप अनार का नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन सी आपको कई लक्षणों को बचाव करते हैं। इसके सेवन से रेड ब्लड सेल्स भी बढ़ते हैं। साथ ही, मरीज को होने वाली थकान और कमजोरी भी दूर होती है।

**सेब:** डेंगू के बुखार को कम करने और तेजी से रिकवरी के लिए आप सेब का सेवन कर सकते हैं। सेब में पर्याप्त मात्रा में आयरन और विटामिन सी पाया जाता है। आयरन ब्लड में हिमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही, यह रेड ब्लड सेल्स को नियंत्रित कर, डेंगू के दौरान होने वाली कमी को दूर करने में मदद करता है।

**कीवी:** कीवी पोषक तत्वों से भरपूर होता है जो प्लेटलेट काउंट बढ़ाने में मदद कर सकता है। खास तौर पर डेंगू बुखार जैसी स्थितियों से उभरने वालों के लिए कीवी फायदेमंद हो सकता है। इसमें विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट और आवश्यक पोषक तत्वों ब्लड सेल्स को बढ़ाने में मदद करते हैं और प्लेटलेट्स की कमी को दूर करने में सहायक होते हैं।

**संतरा:** संतरे विटामिन सी का बेहतरीन सोर्स होता है। इससे डेंगू के दौरान रोगी का शरीर इंफेक्शन से लड़ने के लिए मजबूत बनता है। इससे शरीर की इम्यूनिटी पावर बेहतर होती है। साथ ही, विटामिन सी आयरन के अवशोषण में सुधार करता है। इस वजह से डेंगू के दौरान प्लेटलेट्स की संख्या को बढ़ाने के लिए आप संतरे का सेवन कर सकते हैं।

इसके अलावा, आप डाइट में पौष्टिक चीजों को शामिल करें। डेंगू होने पर आप डॉक्टर के द्वारा दी गई दवाओं का नियमित रूप से सेवन करें। साथ ही, डाइट में फलों को शामिल करें। इससे आपको बुखार से रिकवरी करने में मदद मिलेगी और खून में प्लेटेलेट्स के स्तर को कंट्रोल करने में सहायता मिलेगी।

## एक्सप्रेस विशेष

# फिजी में भारतीय विरासत

**प्रवासी परिवारों की युवा पीढ़ी के लिए हमारे पास उन्हें अपनी भारतीय जड़ों से जोड़ने के लिए एक भारत को जानो कार्यक्रम है। फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियामे मैवलीली कटोनिवेरे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया। यह फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच मित्रता के गहरे संबंधों का परिचायक है।**



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**दुनिया को फिजी से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। फिजी की सौम्य जीवनशैली, परंपराओं तथा रीति-रिवाजों के प्रति गहरा सम्मान,खुला और बहुसांस्कृतिक वातावरण, फिजी को तेजी से संघर्षों में घिर रही इस दुनिया में इतना खास बनाता है।**

**राष्ट्रपति** द्रोपदी मुर्मू की फिजी यात्रा का व्यापक महत्व रहा। उन्हे फिजी के सर्वोच्च सम्मान से विभूषित किया गया। उन्होंने फिजी की संसद को संबोधित किया। इसके माध्यम से द्रोपदी मुर्मू ने भारतीय चिंतन का संदेश दिया। फिजी ने इस विरासत को सहेज कर रखा है। यह उन देशों में शामिल है, जिन्हें लघु भारत कहा जाता है। इस विरासत के दर्शन करीब पांच वर्ष पूर्व अयोध्या में हुए थे। तब अयोध्या दीपोत्सव में फिजी की डिप्टी स्पीकर व सरकार में मंत्री वीणा भटनागर मुख्य अतिथि थी। केवल इतने पर ही विचार करें तो बात सामान्य लगती है। अनेक प्रमुख समारोहों में विदेशी मेहमानों को बुलाया जाता है। लेकिन अयोध्या दीपोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विदेशी मेहमान की भागीदारी भावनात्मक रूप से भी विशिष्ट थी। यह भावना फिजी की मंत्री वीणा और यहां उपस्थित जनसमुदाय दोनों पर समान रूप से लागू हुई। यहां दूर दूर से आये रामभक्तों के लिए श्री राम शोभा यात्रा और राम चरित मानस की चौपाइयां कोई नई नहीं थीं। इनको देखते सुनते ही लोग बड़े हुए हैं। लेकिन सुखद आश्चर्य तब हुआ जब फिजी की मंत्री वीणा भटनागर श्री राम शोभायात्रा में न केवल सम्मिलित हुईं, बल्कि वह परंपरागत रूप से कलश उठा कर पैदल भी चलीं। उस समय वह एक सामान्य रामभक्त के रूप में ही थीं। यह सब उनके लिए भी भावनात्मक रूप से सुंदर पल था। करीब दो शताब्दी पहले उनके पूर्वज यहीं कहीं से फिजी गए थे। उनके पास सम्पत्ति के रूप में केवल राम चरित मानस ही थी। फिजी गए तो वहीं के होकर रह गए। बहुत कुछ उनके जीवन मे बदला होगा। लेकिन जो एक बात नहीं बदली ,वह थी रामभक्ति। उनकी अगली पीढ़ियों ने भी इस धरोहर को संभाल कर रखा। आज तक इस धरोहर को धूमिल नही होने दिया। ये सभी लोग आज भी मानस का पाठ करते है। रामायण की चौपाई आज भी यहां गूंजती है। वीणा भटनागर ने श्री राम शोभायात्रा के बाद मंच से मानस की चौपाइयों का गायन किया था। वीणा भटनागर पूरे भक्ति भाव से चौपाइयों का गायन कर रही थीं। उसी भक्तिमय उत्साह व आंनद में वहां उपस्थित लोग इन चौपाइयों को दोहरा रहे थे। लगा ही नहीं कि कोई विदेशी मेहमान श्रीराम का गुणगान कर रहा है। यह भारतीय संस्कृति की व्यापकता है। इस दृश्य का फिजी में भी सजीव प्रसारण किया गया। सात समुद्र पार भी लोगों ने इस संस्कृति को सैकड़ों वर्षों से सहेज कर रखा है। फिजी की दो दिवसीय यात्रा पर गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वहां की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक मंच पर मजबूती से उभर रहा है। भारत एक मजबूत,लचीला और अधिक समृद्ध राष्ट्र बनने के साथ प्राथमिकताओं के अनुसार फिजी के साथ साझेदारी करने के लिए तैयार है। दोनों देशों के लोगों के पारस्परिक लाभ के लिए अपनी साझेदारी की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए सहयोग करना चाहिए। भारत और फिजी में जीवंत लोकतंत्र सहित काफी कुछ एक समान है। दस वर्ष पहले इसी हॉल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ मूल्यों का जिक्र किया था जो भारत और फिजी को जोड़ते हैं हमारा लोकतंत्र, समाज की विविधता तथा प्रत्येक व्यक्ति की स्वतंत्रता, सम्मान और अधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को बताता है। ये साझा मूल्य शाश्वत हैं। आगे भी हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। दुनिया को फिजी से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। फिजी की सौम्य जीवनशैली, परंपराओं तथा रीति-रिवाजों के प्रति गहरा सम्मान,खुला और बहुसांस्कृतिक वातावरण, फिजी को तेजी से संघर्षों में घिर रही इस दुनिया में इतना खास बनाता है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि फिजी वह जगह है जहां बाकी दुनिया अपनी खुशियां ढूंढने आती है। भारत एक सक्षम और संवेदनशील देश के रूप में उभर रहा है। हमने वैश्विक मंच पर महत्वपूर्ण नेतृत्व की भूमिका निभाई है। पिछले वर्ष हमारी जी-20 अध्यक्षता की ऐतिहासिक सफलता ने दर्शाया कि भारत का समावेशी, निर्णायक, महत्वाकांक्षी और कार्योन्मुखी नेतृत्व विश्व के लिए क्या कर सकता है जी-20 की अध्यक्षता के दौरान किया था। ग्लोबल साउथ के हितों को जोर से आवाज देने के लिए हर वैश्विक मंच का उपयोग करना जारी रखेंगे और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक निष्पक्ष, न्यायसंगत और सुरक्षित दुनिया बनाने का प्रयास करेंगे। भारत सरकार ने प्रवासी भारतीयों के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने तथा उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड या ओसीआई कार्ड सहित अनेक पहलें शुरू की हैं। प्रवासी परिवारों की युवा पीढ़ी के लिए हमारे पास उन्हें अपनी भारतीय जड़ों से जोड़ने के लिए एक भारत को जानो कार्यक्रम है। फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियामे मैवलीली कटोनिवेरे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी से सम्मानित किया। यह फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच मित्रता के गहरे संबंधों का परिचायक है।

# छह फिट लंबा मगरमच्छ घर में घुसा, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



लखीमपुर खीरी। मझगई कस्बे के मजरा तिकोना फार्म में टाली साहेब गुरूद्वारा के पास रहने वाले कश्मीर व महेंद्र पाल सिंह के घर में सोमवार रात करीब 12 बजे लगभग छह फीट लंबा मगरमच्छ घुस आया। मगरमच्छ चारपाई के नीचे था। आहट होने पर कश्मीर व उनके परिजन जाग गए। उन्होंने रोशनी जलाई और चारपाई के नीचे झांककर देख तो सहम गए।घरवालों में हडकंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची मझगई वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकड़ने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन मगरमच्छ उछल कूद मचाता रहा। वनकर्मी काफी परेशान हो गए। बाद में मगरमच्छ गन्ने के खेत में घुस गया।रेंजर अंकित सिंह ने बताया कि स्टाफ कम होने के कारण मगरमच्छ खेत की तरफ चला गया। खेत से खदेड़ कर दूर भगा दिया गया। लोगों से कहा गया है कि दिखाई देने पर तुरंत सूचना दें। अजगर निकलने से मची अफरातफरी सम्पूर्णानगर में वन क्षेत्र की मुरारखेड़ा कालोनी में गैस गोदाम के पास अजगर निकलने से अफरातफरी मच गई। सूचना वन विभाग को दी गई। वनकर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर अजगर को रेस्क्यू किया। इसके बाद उसे जंगल में छोड़ा गया है। मुरारखेड़ा गैस गोदाम के पास एक अजगर देखे जाने से लोगों में दहशत का माहौल बन गया। इसकी सूचना वन दरोगा पुष्पक सिंह को दी गई। सूचना पर पहुंचे वन कर्मी रामकुमार शेरा, शमशेर सिंह आदि ने अजगर को पकड़कर पास के जंगल मे छोड़ा, तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बरसात के मौसम में आए दिन सांप, अजगर समेत अन्य जंगली वन्यजीव आबादी की ओर आ जाते हैं। इससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## विद्या भारती के सभी नगरीय विद्यालयों में विद्वत परिषद गोष्ठी आयोजित

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



मंगलवार को दोहर 11:00 बजे से विद्यालय में विद्या भारती योजनानुसार समाज के प्रबुद्ध वर्ग के अनुभव एवं मार्गदर्शन के द्वारा विद्यालय एवं शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से विद्या भारती के समस्त नगरीय विद्यालयों द्वारा विद्वत परिषद गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न विषयों पर चर्चा की गई शिप्रा बाजपेई जी ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। विद्वत परिषद अध्यक्ष के रूप में कर्नल सी0 पी0 मिश्रा एवं मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश, सम्भाग निरीक्षक, सीतापुर उपस्थित रहे। संकुल प्रमुख डा.योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। कार्यक्रम अध्यक्ष कर्नल सी0 पी0 मिश्रा ने सांस्कृतिक मूल्यों का भटकाव विषय पर अपने उद्बोधन में बताया कि कि शिक्षा एक ऐसी इकाई है जिसका कोई अन्त नहीं होता है यह जीवन पर्यन्त चलने वाली सतत् प्रक्रिया है। उन्होने कहा कि नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा द्वारा ही राष्ट्र का सम्पूर्ण विकास सम्मय है।

सकुल प्रमुख सुरेश जी ने बताया कि नवीन शिक्षा नीति में छात्र की रुचि को केन्द्र में रखकर शिक्षण व्यवस्था को रखा गया है। जिसके परिणामस्वरूप छात्र-छात्राओं को अपनी रुचिनुसार शिक्षा ग्रहण करने की स्वतन्त्रता प्राप्त होगी तथा आत्मनिर्भरता का विकास होगा। आशीष श्रीवास्तव जी ने बताया कि छात्र छात्राओं के कौशल का विकास वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। डाक्टर विशाल द्विवेदी जी ने कहा कि नई शिक्षा नीति में गतिविधि आधारित शिक्षण प्रणाली को आधार माना गया है। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा केवल डिग्री आधारित न रह कर व्यवहारिक ज्ञान पर आधारित होगी जिससे स्वावलम्बन बढेगा तथा राष्ट्र की उन्नति होगी। डाक्टर योगेन्द्र प्रताप सिंह जी ने छात्र छात्राओं में समयपालन की आवश्यकता एवं महत्ता को समझने पर विशेष बल दिया। अरविन्द सिंह चौहान जी ने बताया कि वर्तमान समय में छात्र-छात्राओं में कोचिंग के प्रति रुझान बढ़ रहा है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव विद्यालय शिक्षण पर परिलक्षित हो रहा है। गोष्ठी को मधुलिका त्रिपाठी, श्रीमती हीरा सिंह, श्री मुनेन्द्र दत्त शुक्ल, राम मणि जी, श्री राजेश दीक्षित जी, सी.ए. अमित अग्रवाल आदि नगर के प्रबुद्ध विद्वतजनों ने अपने विचारो से सफल बनाया। विद्यालय प्रबन्धक चन्द्र भूषण साहनी जी ने सभी अतिथियों को अपना अमूल्य समय एवं सहयोग देने हेतु आभार व्यक्त किया। सधन्यवाद।

## सूरत नगर का अस्तित्व समाप्ति की ओर

जन एक्सप्रेस । तिकुनिया खीरी

इंडो नेपाल बॉर्डर से सटी मोहन करनाली नदियों ने मचाया तबाही जिसके चलते लखीमपुर खीरी के कई गांवों का अस्तित्व नक्से से गायब होने की संभावना आपको बताते चले की की इंडो नेपाल बार्डर के समीप थाना तिकोनिया के बसी ग्राम पंचायत सूरत नगर का अस्तित्व पहले ही अपने एगोस में ले चुकी मोहना करनाली ने गांव को नक्से से गायब कर चुकी है अब थाना तिकुनिया के ही गांव के ग्राम पंचायत खैराटिया के गांव नया पिण्ड को अपने अगोस में ले चुकी है नया पिण्ड के निवासी बताते है की तहसील दार कई बार दौरा कर चुके है लेकिन अभी तक कोई कार्य नदी बंधे पे नही हुआ है निवासी यह भी बताते है की अपना अपना घर तोड़ रहे है जानकारी के अनुसार एक वेक्ति अभी तीन चार दिन नदी के अधिक जल स्तर होने के कारण डूब कर मौत हो चुकी है लेकिन अभी तक मुआवजा नही मिला है ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है की उनको किसी सुरछित स्थान पे आवास बनवा कर दे जिससे अपने गांव के निवासी को किसी पारकर का जन हानि न हो।

## निशुल्क वृक्ष वितरण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

आईये भोले बाबा का पौधे रूपी प्रसाद गृहण कर अपनी प्यारी माँ के सम्मान में एक वृक्ष अपने आंगने में लगायें और पर्यावरण को सन्तुलित कर आने वाले बच्चों का सहयोग करें। वृक्षारोपण का कार्यक्रम संयोजक रमेश अग्रवाल की अध्यक्षता में बसंत टॉकीज रोड के पास स्थित वी-मार्ट के समीप वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रेरणा स्रोत जिला अधिकारी सी.सु.ब.70वीं वाहिनी कमानडेण्ट वनधिकारी कृषि अधिकारी उद्यान अधिकारी जन. मै.जिला उद्योग केन्द्र इस मौके पर शरद बाजपेयी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा विनोद मिश्र पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह जिला अध्यक्ष भाजपा रामजी दीक्षित पारुल गुप्ता दीपक पुरी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## थाना खमरिया में तैनात सिपाही द्वारा की गई अभद्रता को लेकर पत्रकारों ने सीओ को सौंपा शिकायती पत्र



* पत्रकारों से दुर्व्यहार को लेकर क्षेत्रीय पत्रकारों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

थाना खमरिया में नवागत थाना प्रभारी विवेक कुमार उपाध्याय को तैनाती के बाद बेलगाम हुए थाने पर तैनात कुछ आरक्षी अपनी दबंगई और दुर्व्यवहार को लेकर सुर्खियों में है। यहां तक कि क्षेत्र में अपराध की घटनाओं को प्रकाशित करने वाले पत्रकारों से खबरों की खुन्नस के चलते अभद्रता करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे है। ताजा मामला थाना क्षेत्र के जसवंत नगर स्थित शिवमन्दिर प्रांगण का है जहां विगत सोमवार को सपरिवार पूजा करने पहुंचे एक दैनिक समाचार पत्र के रिपोर्टर से मंदिर में ड्यूटी पर तैनात खमरिया थाने के एक आरक्षी द्वारा अभद्रता करते हुए बेइज्जत किया। जिससे आहत होकर पीड़ित पत्रकार ने सिपाही की करतूत की शिकायत पुलिस क्षेत्राधिकारी धौरहरा से की। खमरिया थाने के पुलिस कर्मियों के पत्रकारों के प्रति अमानवीय व्यवहार से क्षेत्र के पत्रकारों में आक्रोश है।और पीड़ित पत्रकार के साथ क्षेत्र के पत्रकारों ने सीओ धौरहरा से मिलकर शिकायती पत्र सौंपकर सिपाही पर कार्यवाही की मांग की है। ऐप्जा चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी के निर्देशन पर इस दौरान जिला सचिव कमल किशोर तिवारी के अनिल गुप्ता, तह0अध्यक्ष राम बाबू गुप्ता, प्रेम जायसवाल, संजीव शुक्ला, संतोष पाण्डेय, सुनील मिश्रा, योगेश अवस्थी, अनिल कुमार, उपेंद्र मिश्र, शोभित श्रीवास्तव, रवि कुमार विश्वकर्मा, राजेंद्र कुमार, शाहिद, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या पत्रकार मौजूद रहे।

## कार से टकराई स्कूली वैन, 15 बच्चे हुए घायल

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सीतापुर जिले के पिसावां थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक स्कूली वैन कार से टकरा गई है। यह हादसा कुतुबनगर के उपकेंद्र के पास हुआ। इस हादसे में वैन सवार 15 बच्चे घायल हो गए। इसमें पांच बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बच्चे स्कूल से घर जा रहे थे। सभी घायल छात्र बिहारी लाल पब्लिक स्कूल में पढ़ते हैं। यह वैन निजी बताई जा रही है।

घायल छात्रों के परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। कहा पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।



## विशाल बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । अमीरनगर खीरी



हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मंगलवार को भाजपा युवा मोर्चा कुम्भी मंडल के नेतृत्व में विशाल बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। रोड डीजे व सैकड़ों बाइकों के साथ विशाल बाइक तिरंगा यात्रा का आयोजन गोला विधानसभा के कस्बा अमीरनगर में किया गया।तिरंगा यात्रा राजूवेग किसान इंटर से शुरू होकर गांव कुम्भी, भीखमपुर, हरीनगर, लालन गंज मेन रोड से होते हुए राजू बेग इंटर कॉलेज में समापन किया गया।तिरंगा यात्रा का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद शुक्ला व आत्मानंद शुक्ला ने किया वहीं तिरंगा यात्रा के संयोजक भाजयुमो जिला मंत्री व गोला विधानसभा संयोजक पंकज बाजपेयी व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अर्पित अवस्थी रहे।इस दौरान सचिदानंद शुक्ला ने तिरंगा यात्रा में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी अपने अपने घर पर स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा लगाएंगे और उसकी सेल्फी पोस्ट करेगें। बाइक तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, वंदेमातरम के जय घोष से पूरा वातावरण देश भक्ति मय हो गया। कार्यक्रम में विधानसभा के मंडल सहित अन्य मंडल, मोर्चा टीम, बूथ स्तर तक के पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं आम नागरिक ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम के दौरान आत्मानंद शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने राष्ट्रीयता का जागरण करने का संकल्प लिया। साथ ही देश की आजादी का अमृत महोत्सव को मनाते हुए सभी से अपने-अपने घरों तिरंगा फहराने की अपील की। विधानसभा संयोजक पंकज बाजपेयी ने कहा साढ़े चार करोड़ तिरंगे झंडे में सजकर उत्तरप्रदेश देश भक्ति का एक अलग जज्बा पैदा करेगा। हर घर तिरंगा से देश देश प्रेम की भावना से जुड़ेगा। कुम्भी मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार ने क्षेत्रवासियों से अपने अपने घरों में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा झंडा लगाने का आह्वान किया।इस अवसर पर किसान मोर्चा के महामंत्री धर्मेन्द्र युवा मोर्चा अध्यक्ष सुचित प्रताप, महामंत्री रामनाथ राठौर, सिंह, हैप्पी सिंह, कुलदीप शर्मा, अमर सिंह, संदीप सिंह, लखवीर सिंह रिंकू, लहरु प्रधान राममूर्ति यादव, पपिल कुमार, रोहित शर्मा, राजेश कुमार, अंशू मिश्रा, प्रशांत बाजपेयी, अनुराग बाजपेयी, जितेन्द्र अर्कवंशी, बलवीर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजयुमो नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई





जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर सिंह

**सीतापुर।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले की समस्त विधानसभाओं में निकली विशाल तिरंगा यात्रा। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में पार्टी के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जिले की सभी विधानसभाओं में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे पूर्व सांसद राजेश वर्मा ने भी हिस्सा लिया। तथा तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

उधर लहरपुर नगर में भारतीय जनता युवा मोर्चा, प्रांतीय रक्षक दल व क्षेत्र के ग्राम ईरापुर प्राथमिक विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर क्षेत्र को राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजायमान कर दिया। नगर के श्री रामलीला मैदान स्थित पक्का तालाब तीर्थ से एक विशाल तिरंगा यात्रा भाजयुमो नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल के नेतृत्व में नगर के विभिन्न मार्गों पर निकाली गई, यात्रा के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा देवेश कोरी, विशिष्ट अतिथि नि.विधायक सुनील वर्मा थे। तिरंगा यात्रा के भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए पूर्व भाजपा विधायक सुनील वर्मा ने भारत के स्वतंत्रता इतिहास पर प्रकाश डाला। तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, प्रदेश परिषद सदस्य वीरेंद्र पुरी, जिला मंत्री उदित बाजपेई, पूर्व नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री भाजयुमो देवेश अवस्थी, नीरज शुक्ला, मंडल अध्यक्ष उत्तम वर्मा, अमित सिंह, अनूप श्रीवास्तव, सोनू रस्तोगी, सूरज जायसवाल, बलराम, आलोक जायसवाल, सत्यम नाग, राजन नाग, सौरभ नाग, अमित पाठक, निर्भय पांडे, शिवम टंडन, कैफ, अमन सहित भारी संख्या में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक तिरंगा यात्रा प्रांतीय रक्षक दल पीआरडी के जवानों द्वारा कोतवाली परिसर से नगर के विभिन्न मार्गो पर निकली गई, तिरंगा यात्रा को कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एक अन्य यात्रा प्राथमिक विद्यालय ईरापुर से विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा गांव के विभिन्न मार्गो से निकाली गई, इस मौके पर विद्यालय में भारत छोड़ो आंदोलन एवं काकोरी रेल एक्शन कार्यवाही के सिलसिले में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर सपूतों के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी शहादत को याद किया गया। संकुल शिक्षक अनवर अली ने जंग ए आजादी के अमर शहीदों के त्याग और बहादुरी पर चर्चा करते हुए उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया तथा सभी ने देश की एकता और अखंडता की शपथ ली।

## हम व्यवस्थित हमारा कार्य व्यवस्थित भावना को लेकर स्कूल में बस्ता सजाओ प्रतियोगिता हुई आयोजित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** श्री महावीर प्रसाद मिश्र मेमोरियल शिक्षण संस्थान सदरावां में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियो में हम व्यवस्थित हमारा हर कार्य व्यवस्थित भावना को लेकर बस्ता सजाओ प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक श्री निवास मिश्र ने कहा की छात्रों में व्यवस्थित जीवनशैली जीने के लिए बस्ता प्रतियोगिता होती है। उन्होंने बताया की बस्ता प्रतियोगिता में नर्सरी की अंशिका प्रथम, एहतिशा द्वितीय, मो.दानिश तृतीय केजी, नुरफ्शा प्रथम, सुमैया द्वितीय, अमरीश, तृतीय कक्षा एक में अविका वर्मा प्रथम, आँशी द्वितीय, अविरल तृतीय कक्षा दो में शालू प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय, निशा तृतीय कक्षा तीन में राजशेखर प्रथम, जैश द्वितीय, अनुराधा तृतीय कक्षा चार में आंचल पटेल प्रथम, सुभी द्वितीय, गोलू तृतीय, कक्षा पांच में मुस्कान गिरी प्रथम, सारिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्था के उपप्रबंधक कृतार्थ मिश्र व गौरव मिश्र ने प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि जिन छात्रों को स्थान नहीं मिला वह निराश न हो और अगली प्रतियोगिता में अपने में और सुधार कर हिस्सा लेकर विजय प्राप्त करें।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि सभी विभागाध्यक्ष संबंधित विभाग में संचालित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें। निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा किये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आवंटित लक्ष्यों को समय से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयावधि में प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा संबंधित अधिकारी निस्तारण की गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि लापरवाही करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। निराश्रित गोवशों की सुपुर्दगी बढ़ाने तथा सुपुर्तगी योजना के लाभार्थियों को समय से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने पशुओं की टैगिंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसमें सुधार के निर्देश दिये। पीएम विश्वकर्मा योजना के आवेदनों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिए। आपूर्ति विभाग की रिक्त दुकानों की व्यवस्थापन प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करायी जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत सभी पात्र बालिकाओं के आवेदन सुनिश्चित कराये जायें तथा कॉलेजों में विशेष कैम्प लगाकर पात्रों को लाभान्वित किया जाये। हर घर तिरंगा अभियान को शासन के निर्देशों के अनुसार प्रभावी ढंग से आयोजित कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

खण्ड विकास अधिकारियों को भी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन निर्देश दिए। समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्यों पूर्ण शुचिता के साथ कराया जाए

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, प्रशिक्षु आईएएस नितिन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, पीडी डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्थलों पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने स्वच्छता की



जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर हर घर तिरंगा अभियान की श्रृंखला में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं स्थलों की स्वच्छता कार्यक्रम के निमित्त अलीगंज रोड स्थिति वीर अब्दुल हमीद व पंडित दीन दयाल उपाध्याय के स्थलों तथा प्रतिमाओं की सफाई की।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा, देश के अमर सपूतों के बलिदान से हमें आजादी मिली है इसलिए अपने गौरवशाली अतीत को सदैव याद करते रहना चाहिए। स्वच्छता कार्यक्रम में नगर महामंत्री राजेश राठौर, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, राजीव वर्मा, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, शक्ति केन्द्र संयोजक राहुल बाल्मीकि, कैलाश गुप्ता, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता विश्वकर्मा, अतुल भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# सरयू व शारदा का कहर, नदी में समाया मकान

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

रामपुर मथुरा क्षेत्र में सरयू की तलहटी में बसा शंकरपुरवा गांव लहरों के निशाने पर है। सोमवार को यहां के सुरेंद्र का मकान कटान की भेंट चढ़ गया। इससे ग्रामीणों में दहशत है। सुरेंद्र अपनी गृहस्थी बटोरकर पहले ही बोहरना गांव में शरण ले चुके हैं। शंकरपुरवा में अब विरभावती का एक घर बचा है। इस घर से भी नदी की धारा महज 10 फीट की दूरी पर है। परमगोंडा गांव में भी तेजी से कटान हो रहा है। यहां शिवराम, प्रमोद तथा सुरेंद्र के घर लहरों के निशाने पर हैं। ये लोग कटान के भय से नाव के सहारे अपनी गृहस्थी का सामान निकाल कर बरहिया में शरण लेने निकल गए हैं। दोनों गांवों के पास लगभग 10 बीघा खेत भी सरयू में समा गए। कटान से तबाही का मंजर देख ग्रामीण खौफजदा हैं। उधर, तंबौर क्षेत्र के कोल्हुआपुरवा में शारदा नदी की तेज धारा लगातार कटान कर रही है। यहां बचे 11 घरों पर भी कटान का खतरा मंडरा रहा है। सोहन, संतोष, अंकित, रामभूषण, अरुण, महदेई, सर्वेश, मोले, रामपाल व नत्था पहले ही अपना मकान तोड़कर गांव से जा चुके हैं। सोमवार को वेदनाथ व बजरंग ने अपने मकानों को तोड़ना शुरू कर दिया। देवपालपुर, कोल्हूपुरवा व बसंतापुर में अब तक 50 बीघा कृषि योग्य भूमि नदी में समा चुकी है। सिंचाई विभाग द्वारा बनाए गए 700 मीटर तटबंध में से लगभग 300 मीटर तटबंध कटकर नदी में समा गया है। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि समय से यदि बचाव कार्य किया जाता तो हालात इतने खराब नहीं होते। गुस्साए ग्रामीणों ने रविवार को कटान रोधी कार्य बंद करा दिया था। सोमवार को कार्य शुरू जरूर हुआ लेकिन इससे राहत की उम्मीद कम ही है। ग्रामीणों का आरोप है कि तीन दिन से लगातार कटान होने के बाद भी लेखपाल के अलावा कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

# गोरखपुर में कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूलों का होगा विस्तार

*** नए हॉस्टल एकेडमिक ब्लॉक का निर्माण पूरा, जल्द शुरू होगा**

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गोरखपुर में पढ़े बिटिया बढ़े बिटिया के लक्ष्य को आगे बढ़ते हुए योगी सरकार ने कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूलों का विकास और बेहतर ढंग से किया है । ये स्कूल पूरी तरह से फ्री में रहने की सुविधा देते हैं , और अब इसमें अत्याधुनिक संसाधन भी लगाए जा रहे हैं । गोरखपुर में अब तक चार कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूलों में नए हॉस्टल का निर्माण पूरा हो गया है। इनमें से एक स्कूल को अकादमिक ब्लॉक भी बनाया गया है । इस परियोजना पर कुल 8.47 करोड रुपए खर्च किए गए है।




### कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूलों में किए गए प्रमुख कार्य

- कैंपियरगंज के वनग्राम खजूरगावा परिसर में अकादमिक ब्लॉक और हॉस्टल का निर्माण लागत 3 करोड़ 15 लाख 77 हजार रुपए।
- कैंपियरगंज के नेतवर कैंपस में हॉस्टल का निर्माण लागत 1 करोड़ 77 लाख 16 हजार रूपए।
- बांसगांव के संग्रामपुर उनवल कैंपस में हॉस्टल का निर्माण 1 करोड़ 77 लाख 16 हजार रुपए।
- बांसगाव के उचेर कौड़ीराम कैंपस में हॉस्टल का निर्माण लागत 1 करोड़ 77 लाख 16 हजार रूपए।

### नए अकादमिक ब्लॉकों व हॉस्टल का निर्माण जारी

गोरखपुर के सभी ब्लॉको में कुल 20 कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल चल रहे हैं । इनमें से कुल 4 स्कूलों में अकादमिक ब्लॉक और हॉस्टल दोनो 12 में केवल अस्पताल बनाए जा रहे हैं बाकी चार स्कूलों के लिए भी धनराशि सुकृत हो चुकी है और जमीन की खोज जारी है । पिपराइच के महमूदाबाद स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल मैं एकेडमिक ब्लॉक पाली पिपरौली चरगावा नॉर्मल परिसर के कस्तूरबा स्कूल में हॉस्टल का लोकार्पण हो चुका है । साथी कैंपियरगंज के खजूरगांवा कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल के एकेडमिक ब्लॉक और हॉस्टल कैंपियरगंज के ही नेटवर और बांसगांव उचेर कौड़ीराम संग्रामपुर उनवल में हॉस्टल का निर्माण हो चुका है । निर्माण उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड ने किया है । जल्द ही इनका लोकार्पण भी हो जाएगा।

## ब्रह्मपुर ब्लॉक में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित हुई भव्य रैली

**जन एक्सप्रेस/चौरी चौरा।** गोरखपुर जिले के विकाश खण्ड ब्रह्मपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ष्हर घर तिरंगाष् अभियान के तहत एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत ब्लॉक परिसर से ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज पांडेय द्वारा तिरंगा झंडा दिखाकर की गई।रैली में ग्राम प्रधान उमेश यादव, जगदीश गुप्ता, गोविंद यादव, सतीश सिंह, और ब्लॉक ब्रह्मपुर के सचिव संदीप सिंह, अमित चौधरी, अजय गोंड, प्रतीक शरण श्रीवास्तव, विपिन गुप्ता, संतोष सिंह, संजय मणि, आनंद कुमार, अभय पासवान और धीरेंद्र कुमार समेत अन्य सचिव और ब्लॉक के सफाई कर्मचारी शामिल हुए।
तिरंगा यात्रा नईबाजार चौराहा होते हुए ब्लॉक परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने हाथ में तिरंगा झंडा लेकर ष्भारत माता की जयष् और ष्वन्दे मातरमष् के उद्घोष के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन पर ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज पांडेय ने सभी को तिरंगा फहराने की शपथ दिलाई और हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

# सीएम सीटी एनकाउंटर में गैंगस्टर को लगी गोली

*** दूसरा साथी फरार, पकड़ा गया करन टप्पेबाजी की घटनाओं का मास्टरमाइंड**

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गोरखपुर में सोमवार रात पुलिस और बदमाशो में मुठभेड़ हो गई । जिसमें 10 हजार का इनामी गैंगस्टर करन पकड़ा गया ।उसके पैर में गोली लगी है। उसकी उसका एक साथी फरार हो गया । उसकी तलाश की जा रही है । यह मुठभेड़ गुलरिया इलाके में बरगदही के पास हुई ।पकड़ा गया बदमाश करन गुलरिया थाने में लूट और टप्पेबाजी के केस में वांछित था । उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने इनाम रखा था । इसपर कैंट थाने में गैंगस्टर का केस था । शहर के विभिन्न थानों में 12 से अधिक केस दर्ज है ।

'देवरिया जिले का रहने वाला है गैंगस्टर करन'




एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि बदमाश करन राजघाट इलाके में बसंतपुर बिजली पावर हाउस के पास रहता है । वर्तमान में वह देवरिया जिले के रुद्रपुर इलाके की मछली मंडी के पास अपने चाचा के घर रह रहा था । देवरिया से आकर वह जिले में टप्पे बाजी की घटनाओं को अंजाम देता था ।

'पुलिस ने की रोकने की कोशिश तो कर दी फायरिंग'

एसपी सिटी ने बताया कि गुलरिहा इलाके में रात में वाहनों की चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान एक बाइक से दो लोग आते दिखे। पुलिस ने उनको रोकने का इशारा किया तो वे चकमा देकर भागने लगे ।
पुलिस कर्मियों ने अगले चेक पोस्ट बरगदही की पुलिस को सूचना देकर अलर्ट किया और पीछा करना शुरू किया।
बाइक सवार बदमाश बरगदही चेक पोस्ट के पहले नहर वाले रोड पर मुड़कर भागने लगे। पुलिसकर्मीयो ने पीछा कर घेराबंदी शुरू की तो बाइक पर बैठे बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी । पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और वह मौके पर गिर गया। वही बाइक चला रहा साथी फरार हो गया ।पुलिस के मुताबिक भागने वाले बदमाश की पहचान लूट और टप्पेबाजी केस में करन के साथ वांछित उसके साथी लक्ष्मण के रूप में हुई।

# महिला पुलिस हाकी टीम ने अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता में फहराया परचम

जन एक्सप्रेस | देवरिया

गोरखपुर जोन की 72 वीं अन्तर्जनपदीय महिला,पुरुष हाकी प्रतियोगिता 11 अगस्त 2024 से प्रारम्भ होकर 13 अगस्त 2024 को जनपद सिद्धार्थनगर में सम्पन्न हुई । प्रतियोगिता में कुल 11 जिलों की टीम ने प्रतिभाग किया। जनपद देवरिया की महिला हॉकी टीम ने सिद्धार्थनगर की महिला हॉकी टीम को सेमीफाइनल में हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया । फाइनल मैच देवरिया व जनपद गोण्डा की टीम के बीच खेला गया जिसमें ट्राई ब्रेकर में जनपद देवरिया की टीम ने 3-2 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया । जनपद देवरिया की तरफ से महिला मुख्य आरक्षी जया रंजन, महिला आरक्षीगण कबिता चतुर्बेदी, प्रिया यादव, शीला सिंह, अंजली पाण्डेय, नेहा मौर्या, अर्चना कुशवाहा, सुनीता, नलिनी,




कशीश, नीतू व मीना का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा तथा टीम प्रशिक्षक पीटीआई राज नारायण यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के लिंक रोड से जुड़ेगा गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गोरखपुर- सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे निर्माण में अब नया एलाइमेंट जुड़ गया है। इसके तहत कुशीनगर से गोरखपुर लिंक रोड से आरंभ होने वाली थी, जो अब कुशीनगर से बढ़कर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के लिंक रोड से जुड़ेगी। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़ने के कारण सिलीगुड़ी से दिल्ली या मोतिहारी से दिल्ली जाने वाले गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे के माध्यम से पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे लिंक रोड में जुड़कर सीधे दिल्ली पहुंच जायेंगे। पहले यह सड़क गोरखपुर बाइपास पर खत्म हो रहा था। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पूर्वी चंपारण में 95 किमी सड़क का निर्माण होना है। जबकि पश्चिमी चंपारण में बैरिया, नौतन दो अंचल के 23 किमी में 24 गांव शामिल होंगे तो वहीं शिवहर में 16 किमी में 17 गांव शामिल होंगे। सरकार के नये निर्देश के आलोक में विभागीय स्तर पर कार्य आरंभ कर दिया गया है। अगले आदेश के निर्देश में



डीपीआर भी बनाया जायेगा?। गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे का अधिकतम क्षेत्र बिहार में है, जिसके आठ जिले शामिल है। जिनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, किशनगंज, अररिया आदि शामिल है। इस एक्सप्रेस-वे में बेतिया व पूर्वी चंपारण के बीच गंडक नदी व कोशी ब्रिज पर सबसे बड़ा पुल बनेगा। इसके अलावा बूढ़ीगंडक, बागमती सहित कई छोटी-बड़ी नदियों पर भी पुल का निर्माण किया जाएगा। इस एक्सप्रेस-वे में बेतिया व पूर्वी चंपारण के बीच गंडक नदी व कोशीब्रिज पर सबसे बड़ा पुल बनेगा। इसके अलावा बूढ़ीगंडक, बागमती सहित कई छोटी-बड़ी नदियों पर भी पुल का निर्माण होगा। 540 किमी की दूरी में सड़क-पुलिया निर्माण में खर्च होंगे 17 हजार 700 करोड़ रुपए-गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे के बीच 16 फ्लाई ओवर का निर्माण होगा।
एक्सप्रेस- वे में 25 इंटरचेंज सड़क बदलने के लिए बनेंगी, ताकि लोगों को सुविधा मिले। कुल 31 मेजर ब्रिज होंगे। जिसमें गंडक व कोशी पर बड़ा ब्रिज बनेगा। एक्सप्रेस-वे कई रेल लाइनों से होकर गुजरेगा, जिसको लिए नौ रेल पुल बनाया जायेगा।
एनएचआई के अधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि प्रथम सर्वे के अनुसार करीब 17 हजार 700 करोड़ रुपये पुल-पुलिया व सड़क निर्माण पर खर्च होंगे। यह एक्सप्रेस-वे अब गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे अब यूपी में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के लिंक रोड से जोड़ा जा रहा है। इससे दिल्ली जाने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी। भूमि अधिग्रहण के लिए सात हजार करोड़ खर्च होंगे।

# सीएचसी बनकटी में डॉक्टर नदारद, मरीज हैरान परेशान

जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महाराजगंज

उत्तर प्रदेश सरकार के लाख प्रयासों के बावजूद भी जनपद महराजगंज के फरेंदा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी पर स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर अक्सर नदारद रहते हैं और दूर दराज से आए मरीज को इलाज के लिए दर दर भटकना पड़ता है तथा मजबूर होकर प्राइवेट चिकित्सालय की सेवा लेनी पड़ती है। कुछ यूं कहें तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा अपने मनमाने ढर्रे पर चल रहा है। अस्पताल में पर्याप्त सुविधाएं होने के बावजूद भी डॉक्टर अपनी मनमानी से बाज नहीं आते है। अक्सर डॉक्टर अपने केबिनों से नदारद रहते हैं। मंगलवार को भी अधिकांश कक्षों में ताला लगा रहा और यदि कोई कक्ष खुला था तो कुर्सी खाली मिला। मरीज पर्ची बनवाने के लिए घंटो इंतजार में बैठे रहे लेकिन 10रू00 बजे तक एक भी पर्ची नहीं बनाई गई । पर्ची बनाने के लिए कोई भी व्यक्ति पर्ची काउंटर के अंदर कक्ष में मौजूद नहीं था। हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस की टीम ने पड़ताल में पाया कि डॉक्टर अपने केबिन में कभी समय से नहीं पहुंचते हैं जब चाहे अस्पताल में पहुंचते हैं और जब मर्जी तब चले जाते हैं। जिससे मरीजों को नीजी अस्पताल के चक्कर काटने पड़ते हैं। घंटो मरीज डॉक्टर के इंतजार में लाइनों में खड़े रहते हैं और जब खड़े होने की हिम्मत नहीं होती तो मायूस होकर अस्पताल से लौट जाते हैं। विगत दिनों नव नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बनकटी अस्पताल का निरीक्षण किया जिसमें 36 कर्मचारियों की अनुपस्थिति पाई गई थी और उन्होंने एक दिन के वेतन बाधित करने की बात भी कही थी जिसकी खबर जन एक्सप्रेस ने प्रकाशित किया था परंतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई हवा हवाई साबित हुई




और सीएचसी के डॉक्टर और कर्मचारियों की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ। सीएचसी में डॉक्टर के नाम पर इमरजेंसी सेवा करते हुए डॉक्टर मुकेश गुप्ता पाए गए जो कि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदितपुर में तैनात हैं। फार्मासिस्ट गजेंद्र उपाध्याय और चीफ फार्मासिस्ट प्रमोद पांडे आकस्मिक कक्षा में साफ सफाई करवाते हुए मौजूद मिले जबकि दवा वितरण कक्ष में कोई भी मौजूद नहीं मिला। अस्पताल में मौजूद 60 वर्षीय लालचन्द ने बताया कि वह अस्पताल में इलाज के लिए आयें है लेकिन यहां घंटों से बैठकर इंतजार कर रहे हैं अभी तक कोई पर्ची बनाने के लिए नहीं आया है न ही कोई डॉक्टर है ।अस्पताल में मौजूद मालती अपने दो बच्चों का दांत व कान का इलाज कराने घंटो डॉक्टर के इंतजार में बैठी रही उसका भी पर्ची नहीं बन सका था। इस संबंध में डिप्टीओ डॉ राजेश द्विवेदी ने कहा सीएमओ से बात कर लिजिए, जब जिम्मेदार अधिकारी इस रवैए से बात करते हैं तो लापरवाह कर्मचारियों का मनोबल ऊंचा ही होगा।

# फरेंदा में धड़ल्ले से धधक रही कच्ची शराब की भट्ठियां, जिम्मेदार मौन

जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज

फरेंदा सर्किल क्षेत्र में इन दिनों कच्ची शराब का धंधा जोरों पर चल रहा है। विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से फरेंदा क्षेत्र के तमाम ग्राम सभाओं में कच्ची शराब की भाट्टिया धधक रही है।यही कारण है कि अब आबकारी विभाग का फरेंदा कार्यालय आना मुनासिब नहीं समझते । हालांकि फरेंदा में आबकारी विभाग का तहसील परिसर में ही कार्यालय स्थित है परंतु सांप के डर से कार्यालय नहीं खुलता है सिर्फ विभाग कभी -कभार छापेमारी में बरामद सामान को वहां रखने के लिए खुलता हैं। इसके बाद आबकारी विभाग का फरेंदा क्षेत्र में आना जाना लगा रहता है। फरेंदा आबकारी इंस्पेक्टर दीपेंद्र



त्रिपाठी ने जन एक्सप्रेस टीम से बातचीत में बताया कि सांप की वजह से कार्यालय नहीं खुलता है। सांप से डसाने के लिए कोई कार्यालय थोड़ी ना खुलेगा। पत्रकार ने जब पूछा कि आप इस मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दिए हैं। तो उन्होंने जवाब देना मुनासिब नहीं समझा। अपने दोहरे जवाब में आबकारी इंस्पेक्टर खुद उलझ गए हैं। एक जिम्मेदार अधिकारी जब कार्यालय पर नहीं आएंगे तो क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री तेज बढ़ जाएगी।फरेंदा क्षेत्र में भारी वैसी, परगापुर, नगेशरापुर सहित अन्य गांव में भारी मात्रा में अगर शराब बनाई जाती है लेकिन आबकारी विभाग ने पिछले एक महीने में कोई कार्यवाही नहीं की है और महराजगंज कार्यलय पर बैठकर वाह वाही लूट रही हैं।जबकि नागरिक पुलिस ने भारी वैसी व नगेशरापुर में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में शराब व लहन को नष्ट किया था।

## ज्योति इंटर कॉलेज के छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर दिया हर तिरंगा अभियान का संदेश

जन एक्सप्रेस | गुलहरिया गोरखपुर

नाहरपुर क्षेत्र में स्थित ज्योति इंटर कालेज में ष्हर घर तिरंगाष् अभियान की सफलता के लिए मंगलवार को लंबी मानव श्रृंखला बनाकर जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तर प्रदेश ग्राम्य विकास सहकारी बैंक के सभापति संतराज यादव ने भारत माता के चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। इस दौरान कालेज छात्र-छात्राएं देश की एकता व अखंडता के लिए अपना योगदान देने वाले नेता जी सुभाष चन्द्र बोष , चंद्रशेखर आजाद , रानी लक्ष्मीबाई , महात्मा गांधी समेत अनेक विभिन्न महापुरुषों की वेशभूषा पहनकर देशभक्ति का संदेश देते नजर आए।शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीयों के साथ अन्य लोग भी हाथों में तिरंगा लेकर मानव श्रृंखला में शामिल हुए। प्रधानाचार्य रवि प्रकाश यादव ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि हम सभी को अपने अपने घरों पर तिरंगा लगा कर देश भक्ति व राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करने का संदेश देना होगा। 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाला हर घर तिरंगा अभियान अपने वीर बलिदानियों को याद व नमन करने का दिन है।एक सशक्त देश ही अपने




नागरिकों की सुरक्षा और संप्रभुता की गारंटी दे सकता है। इसलिए हम सभी को बिना किसी भेदभाव के एक होकर देशहित के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर अष्टभुजा प्रसाद मिश्र, विनीत विश्वकर्मा ,अजय कुमार यादव , इम्तियाज हुसैन खान,अमरेंद्र प्रजापति, रमेश चन्द पांडेय,मनीष विश्वकर्मा, मधु उपाध्याय,रश्मि सिंह,गीतू कुमारी,काजल शर्मा,प्रिया गुप्ता, संजय कन्नौजिया, निकेश कुमार,श्रेया सिंह,आदित्य जायसवाल, सचिन सिंह,जय कृष्ण पटेल,अवधेश कुमार वर्मा,सुभाष यादव, सुरेन्द्र चौधरी, जय श्री चक्रवर्ती, प्रतिमा पाठक, हुस्न जहां, सुषमा शर्मा, श्रुति ठाकुर, मनिता मौर्या, पुनीता पांडेय, प्रतिमा पांडेय अजोरी प्रजापति, अनुपमा मिश्रा, लक्ष्मी यादव,भोला नाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# भाजपा विधायक की हत्या की साजिश, एसटीएफ के रडार पर कुछ संदिग्ध

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

पूर्व मुख्यमंत्री वीरबहादुर सिंह के बेटे व कैंपियरगंज से भाजपा विधायक फतेह बहादुर सिंह की हत्या की साजिश के आरोप की जांच कर रही एसटीएफ यूपी को संदिग्धों के सीडीआर से महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। कई संदिग्ध शहर छोड़कर अन्य जिलों में छिपे हुए हैं। एसटीएफ यूपी जल्द ही सभी संदिग्धों को पकड़कर पूछताछ कर सकती है और उनकी एक्टिविटी पर लगातार नजर रखी जा रही है। विधायक की शिकायत के बाद, साजिश की जानकारी देने वाले व्यक्ति पर भी यूपी एसटीएफ की निगाहें है। यूपी एसटीएफ मामले से जुड़े सभी लोगों की गहराई से जांच कर रही है और पीपीगंज- कैंपियरगंज में अपने कई मुखबिर भी तैनात कर दिया है, जो सभी संदिग्धों के गतिविधियों की जानकारी जुटा रहे हैं।
जेल में बंद अपराधियों से भी मदद ली जा रही है, और टीम साजिश के हर पहलू को जोड़कर मामले का खुलासा करने में जुटी है। जल्द ही एक बड़ा खुलासा होने का अनुमान है।

### विधायक से आरोपी के मतभेद से हो रहा संदेह

जिला पंचायत सदस्य के बेटे और हिस्ट्रीशीटर के बीच मतभेद पुलिस ने जांच पूरी कर रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी है, जिसमें हिस्ट्रीशीटर और दो अन्य लोगों से पूछताछ का हवाला दिया गया है, लेकिन साजिश के कोई ठोस सबूत नहीं मिले हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि ठश्रच् की जिला पंचायत सदस्य सरोज देवी के बेटे और पीपीगंज थाने के हिस्ट्रीशीटर राजीव रंजन चौधरी का विधायक के साथ मतभेद था, जिससे संदेह उत्पन्न हुआ।



### पुलिसिया कार्रवाई शून्य होने पर विधायक ने की थी प्रेस कांफ्रेंस

बताते चलें कि 18 जुलाई को ठश्रच् विधायक फतेह बहादुर सिंह ने लखनऊ में हत्या की साजिश का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि पीपीगंज थाने के हिस्ट्रीशीटर ने 5 करोड़ रुपये में उनकी हत्या की सुपारी दी है। विधायक ने आरोप लगाया कि साजिशकर्ताओं के बारे में पुलिस को जानकारी देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उन्हें मीडिया की हेल्प लेनी पड़ी। विधायक के आरोपों से पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। डीएम और एसएसपी ने जॉइंट प्रेस कांफ्रेंस में मामले की गंभीरता से जांच कराने की बात की। इसके बाद विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात की और शासन स्तर पर जांच एसटीएफ को सौंप दी गई।

# नगर निगम ने निकाली तिरंगा रैली

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**




नगर निगम द्वारा तिरंगा रन रैली घन्टाघर से होते हुए दीवानी कचहरी होते हुए तस्वीर महल से सेवा भवन तक निकाली गई। तिरंगा रैली का मुख्य आकषर्ण नगर आयुक्त की पहल पर डूडा में पंजीकृत स्वयं सेवी समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये गए तिरंगे थे। नगर आयुक्त ने इस बार सीधे स्वयं सेवी समूह की महिलाओं से ही 1 लाख तिरंगा तैयार करवाये जाने का निर्णय लिया ताकि महिलाएं सशक्त हो सके। नगरायुक्त विनोद कुमार ने कहा हर घर तिरंगा अभियान को नगर निगम उत्सव की भांति मनाये जाने व तिरंगा रन रैली के माध्यम से अलीगढ़ नगर निगम का प्रयास हर घर तिरंगा अभियान को जन आंदोलन का रूप देखकर उत्सव की तरह मनाने का और इस प्रयास में अलीगढ़ वासियों के सहयोग की नगर निगम को बेहद ज़रूरत है हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े आपने घर पर तिरंगा जरूर लगाएं। इस दौरान रैली में नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारी विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारी विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राएं अध्यापक अध्यापिकाये, स्काउट एंड गाइड एनसीसी के कैडेट, पुलिस के जवान, स्वयं सेवी समूह की महिलाओं, रोटरी एवं इनरव्हील क्लब के पदाधिकारी मौजूद रहे। रैली के अंत में नगर आयुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों, मीडिया, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं अध्यापक अध्यापिकाये, स्काउट एंड गाइड एनसीसी के कैडेट, पुलिस के जवान, स्वयं सेवी समूह की महिलाओं, रोटरी एवं इनरव्हील क्लब का आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय सवर्ण परिषद के पदाधिकारियों ने दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

राष्ट्रीय सवर्ण परिषद द्वारा रूप घटनाक्रम के कई वीडियो वायरल होने के माध्यम से सामने आ रहे है जिन्हें देखकर मन चिंताओं की अपेक्षा आक्रोश से भर रहा है। धर्म के नाम पर हिन्दुओं की लूट लूट कर मारा जा रहा है नन्ही बच्चियों का बलात्कार किया जा रहा है जलाया जा रहा है बच्चों महिलाओं को धमे परिवर्तन ना करने पर जलाया जा रहा है। अक्षम्य अपराध खुले आम हो रहा है। सरकार गिर चुनि है प्रधानमंत्री भाग चुकी है यह मानवता की शर्मशार करने वाला घिनौना कार्य है। यह असहनीय एवं दर्दनाक मंजर है भारत के प्रधानमंत्री से निवेदन बांग्लादेश भारत का हिस्सा है आज हमारे लोगो को हमारी आवश्यकता है। बांग्लादेश को कब्जे में लेकर भारत में मिलाकर पुनः स्थापित कर अखंड भारत की और दो कदम बड़ा जाए। आतंकी



विचारधारा पर कड़ा प्रहार विन्या जय। प्रधानमंत्री जी वीभत्स हत्याकांड देश में फैली अराजकता को संज्ञान में लेकर बांग्लादेश पर कब्जा करके भारत में मिलाये। अन्यथा हिंदुओं की पीड़ा की ध्यान में रखते हुये संगठन के लोगों की मानव बम बनाकर बांगलादेश भेजने का मौका प्रदान करें। ज्ञापन देने वालों पं0 लोकेश शास्त्री, भरत तिवारी, विकास शर्मा, राकेश शर्मा, गणेश उपाध्याय आदि।

# स्वास्थ्य विभाग में पांच और वन विभाग में दो अधिकारियों-कर्मचारियों को मिले नियुक्ति पत्र



**जन एक्सप्रेस | अलीगढ़**

मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 1036 युवाओं को प्रदेश सरकार द्वारा एक साथ नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। प्रदेश सरकार ने अब तक 6 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां, 3.75 लाख से अधिक संविदा नौकरियां और 2 करोड़ से अधिक निजी एवं एमएसएमई क्षेत्र में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। मंगलवार को लखनऊ एवं जिले में आयोजित कार्यक्रमों में 536 सहायक शोध अधिकारी, 235 सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 213 कनिष्ठ सहायक, लेखा लिपिक, मंडी सुपरवाइजर, मंडी निरीक्षक, 15 मानचित्रक और 37 मानचित्रकार के पदों पर कुल 1036 युवाओं को नियुक्त पत्र का वितरण किया गया।

कलैक्ट्रेट में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अलीगढ़ के लिए चयनित उमा रानी, कु0 ज्योति दुबे, केशव गौड़, रोहित कुमार गुप्ता को स्वास्थ्य विभाग में सहायक शोध अधिकारी सांख्यकी और संतोष कुमार, ब्रजेश कुमार को वन विभाग में मानचित्रकार पद के लिए सांसद सतीश कुमार गौतम समेत अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर एमएलसी डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक इगलास राजकुमार सहयोगी, मा0 विधायक शहर श्रीमती मुक्ता संजीव राजा, महापौर प्रशांत सिंघल, महानगर अध्यक्ष इंजीनियर राजीव शर्मा, जिलाधिकारी विशाख जी0, सीडीओ आकांक्षा राना, सीएमओ डॉ0 नीरज त्यागी, प्रशासनिक अधिकारी राजीव प्रताप सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## विधायक ने 50पौधे रोप किया वृक्षारोपण

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

मंगलवार को फ्तेहपुर सीकरी विधानसभा क्षेत्र के गांव विद्यापुर में रेल्वे लाइन के पास 50 पौधे विधायक चौधरी बाबूलाल एवं राजस्थान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिवानी दहिया ने पौधे रोपे इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी किरावली अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार को विधायक चौधरी बाबूलाल एवं राजस्थान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य शिवानी दहिया ने राजस्थान राजकीय राज्य वृक्ष खेजरी एवं उत्तर प्रदेश के राजकीय राज्य बृक्ष सीता अशोक का पौधा रोपण किया गया है। जिनमें छायादार पौधौ में पीपल ,ढाक,नीम आदि छाया दार पौधे रौपै गये। तथा उनकी अच्छी तरह परिवरिश करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक चौधरी बाबूलाल, गौर वन विभाग के अभिषेक उपाध्याय, वन क्षेत्राधिकारी बी.प्रभाकर, आदर्श कुमार, शिवानी दहिया, प्रधान शिवराजसिंह, वनविभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।
क7

# जनपद में आयोजित होगा वृहद ऋण एवं रोजगार मेला जिलाधिकारी ने तैयारियों का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**

मुख्यमंत्री के वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाए जाने के विजन में जनपद के विधानसभा कटेहरी क्षेत्र के अंतर्गत स्थित देव इंद्रावती पी.जी. कॉलेज कटेहरी में जिला प्रशासन द्वारा 17 अगस्त को आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय रोजगार मेला/बृहद ऋण मेला के सफल आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया।बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी द्वारा उक्त कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा सौंपे गए दायित्त्वो की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में लार्सन एंड टूब्रो, टाटा , लावा जैसी दर्जनों कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिसमें जनपद के युवाओं



को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा इसी के साथ ही विभिन्न विभागों में चयनित अच्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किया जाएगा। साथ ही साथ सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को 225 करोड़ रूपए से अधिक का ऋण वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है उन्होंने एलडीएम को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सुगमता से ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारी को मेला स्थल का भ्रमण कर वर्षा के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए मेले के सफल तैयारी को समय से पूर्ण करने, मेला स्थल पर साफ सफाई, मोबाइल टॉयलेट,पेयजल आदि की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागाध्यक्ष को अपने-अपने विभाग से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाने तथा वहां आने वाले लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री का मिशन रोजगार शीर्ष प्राथिमिकता में है। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी अकबरपुर, उप जिलाधिकारी भीटी, क्षेत्राधिकारी भीटी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# चौमाशाहपुर से महदऊ मार्ग के पक्के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का एसडीएम कार्यालय पर धरना

**जन एक्सप्रेस | आगरा**



तहसील मुख्यालय पर दोपहर दो बजे करीब किसान नेता चौ दिलीप सिंह के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक ग्रामीण नारेबाजी करते हुए घुसते हैं और एसडीएम कार्यालय के सामने फर्श बिछाकर बैठ जाते हैं। और हमे रास्ता दो के नारे लगाते हैं। ग्रामीणों बताया कि
विकास खंड फ्तेहपुर- सीकरी के गांव चौमा शाहपुर से अंकोश नगरिया (महदऊ) तक दो किलोमीटर कच्चा मार्ग है। जिसके कारण ग्रामीणों को दो दो फीट कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। और बताया कि पशुओं को चारा आदि लाते समय गिर जाने से कई बार ग्रामीण घायल हो गए हैं। और ग्रामीण वंशी ने बताया कि उक्त दो किमी कच्चे मार्ग से चौमाशाहपुर, अकोश नगरिया, नगला धीमर, इम्लावदा, बसैरी, सूरौठी, मड़ौली का रास्ता जाता है। जहां से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं। लेकिन आजादी के बाद से जन प्रतिनिधियों की उदासीनता से उक्त मार्ग का पक्का निर्माण नहीं हो सका है। शाम छह बजे तहसीलदार देवेंद्र प्रताप सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर अवर अभियंता को मौके पर बुलाया तथा ग्रामीणों से सात दिन का समय देकर धरना समाप्त कराया। धरना शाम छह बजे तक चार घन्टे चला। धरने में चौधरी दिलीप सिंह, बंशी जाट, भूपेन्द्र सिंह इंदौलिया, गंगाराम माहौर, दाताराम लोधी, कुलदीप, देशराज, दिगम्बर सिंह, अरब सिंह, सूरज सिंह,के के सिंह, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।
वर्जन- तहसीलदार किरावली देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त मार्ग को लेकर ग्रामीणों की मांग जायज है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता ने बताया है कि उक्त मार्ग के निर्माण के सम्बंध कृत कार्यवाही से अवगत कराया जाएगा। तथा धरनारत ग्रामीणों को एक सप्ताह का समय दिया है।

## दो माह से नहीं बन रहे जन्म-मुत्यु प्रमाणपत्र

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** नगर पालिका में जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र के करीब 545 आवेदन लंबित हैं। इससे आवेदकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नगर पालिका के कर्मचारी पोर्टल की समस्या का दुखड़ा रो रहे हैं। प्रमाणपत्र के लिए करीब दो माह से आवेदक कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।
शहर में 25 वार्ड हैं और यहां की आबादी करीब ढाई लाख है। नगर में रहने वाले लोगों को जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए नगर पालिका कार्यालय में आवेदन करने की व्यवस्था बनाई गई है। करीब दो माह से नगर पालिका के जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्यालय से प्रमाणपत्र निर्गत नहीं हो पा रहे हैं। प्रतिदिन करीब पांच से 10 आवेदन आ रहे हैं। इसमें अधिकांश जन्म प्रमाणपत्र के हैं। जून के पहले से 200 आवेदन अभी लंबित है। अब तक करीब 545 आवेदन एकत्र हो चुके हैं।

# किरावली में भाजपा नेताओं ने धूमधाम से निकाली तिरंगा यात्रा



**जन एक्सप्रेस | आगरा**

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार मंगलवार को विधानसभा फ्तेहपुर सीकरी में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम बलिदानी पीतम सिंह स्मारक अछनेरा में बलिदानी की प्रतिमा पर भाजपा नेताओ द्वारा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष गिर्राज सिंह कुशवाहा ने तिरंगा यात्रा बाइक रैली को तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया। यात्रा का पुरामना स्थित शांति देवी डिग्री कॉलेज पर वरिष्ठ भाजपा नेता भूप सिंह इंदौलिया ने फूल माला एवं रामनाम पटुका पहनाकर जोरदार स्वागत किया। यात्रा किरावली बाईपास चौराहा ,अभुआपुरा से मुख्य बाजार में पहुंची जहां मंडल अध्यक्ष पवन इंदौलिया सहित बाजार के दुकानदारों ने ने तिरंगा यात्रा पर फूल बरसाकर भव्य स्वागत किया। तिरंगा यात्रा का समापन चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से फ्तेहपुर सीकरी , ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुड्डू चाहर, प्रमोद चाहर ,पवन इंदौलिया, अशोक राणा,भूप सिंह इंदौलिया,ओमाकांत डागुर,गुलशन गर्ग,उमाशंकर माहौर,सोनू चौधरी, पिंकी सरपँच,दीवान सिंह मास्टर, हरि सिंह सूबेदार, त्रिलोक चंद डीठवरिया, अशोक अग्रवाल, घंसु सरपँच, अमरपाल मुखिया, जितेंद्र सिंह,राहुल चौधरी, टीटू चौधरी, पंकज कटारा, सुनील राजपूत,महेश राजपूत आदि लोग रहे।

# रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण से पाएं तेज़ी से गतिशीलता: अत्याधुनिक तकनीक ने बढ़ाई सर्जरी की सटीकता और सफलता

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

घुटने के रिप्लेसमेंट सर्जरी में पूरी तरह स्वचालित मेको रोबोटिक तकनीक के आगमन ने उन लोगों के जीवन में क्रांति ला दी है जो घुटने के दर्द से परेशान थे और जिनकी गतिविधियां सीमित हो गई थीं। इस तकनीक से की गई सर्जरी के बाद, मरीजों ने तेजी से अपने दैनिक कार्यों में वापसी की है और जल्द ही काम पर लौट आए हैं, जिससे पारंपरिक सर्जरी की तुलना में अधिक संतोषजनक परिणाम प्राप्त हुए हैं।
रोबोटिक तकनीक का उपयोग कर, प्रशिक्षित सर्जन स्वस्थ हड्डी और सॉफ्ट टिशू को सुरक्षित रखते हुए, रिकवरी के बाद घुटने को अधिक प्राकृतिक महसूस करने में मदद कर सकते हैं। कई मरीज सर्जरी के तुरंत बाद ही फिजिकल थेरेपिस्ट की सहायता से चलने-फिरने लगते हैं। घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी में सही फिटिंग बेहद महत्वपूर्ण है, जिससे दर्द को समाप्त किया जा सके और मरीज अपनी पसंदीदा गतिविधियों में फिर से भाग ले सकें। रोबोटिक सर्जरी सटीकता की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है, जिससे प्रत्येक मरीज की अनूठी शारीरिक संरचना के अनुसार कस्टमाइज्ड इम्प्लांट प्लेसमेंट संभव होता है। मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत, नई दिल्ली के वरिष्ठ निदेशक और जॉइंट रिप्लेसमेंट यूनिट (घुटना और कूल्हा) के प्रमुख, डॉ. रामनीक महाजन ने कहा है कि रोबोटिक सर्जरी के फायदे काफी महत्वपूर्ण हैं। इसमें उन्नत सर्जरी योजना की सुविधा मिलती है, जहाँ विशेष 3डी इमेज के माध्यम से सर्जन आर्टिफिशल जॉइंट के घटकों का सर्वोत्तम प्रकार और स्थान अधिक सटीकता से तय कर सकते हैं। मेको रोबोटिक तकनीक एक सीटी इमेज आधारित प्रणाली है जो सर्जन को हड्डी और इम्प्लांट की आकृति को मिलाने में मदद करती है, जिससे एक सही मैच प्राप्त होता है। साथ ही, जब सर्जन रोबोटिक आर्म का उपयोग करता है, तो मरीज की शारीरिक संरचना के अनुसार एक सुरक्षित क्षेत्र निर्धारित किया जाता है, जो घुटने के जोड़ के चारों ओर के सॉफ्ट टिशू को नुकसान पहुंचाने से रोकता है और सुरक्षा को बढ़ाता है। रोबोटिक सर्जरी में छोटे चीरों के माध्यम से कम हानिकारक और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की जाती है, जिससे लिगामेंट और सॉफ्ट टिशू में दर्द होने की संभावना कम हो जाती है। मरीजों के लिए चलने-फिरने की क्षमता को बहाल करने की संभावना भी बढ़ जाती है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/प्लांट** वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं. : 1 ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण:** टेण्डर नं.-"24-जीकेपी- एमडब्लूएस-2024-25" "डाई पेनीट्रेन्ट टेस्ट ऑफ आई.सी.एफ एण्ड एल. एच. बी कोचेज ब्रैकेट्स ऑफ अन्डर स्लंग कम्पोनेन्टस **अनुमानित लागत (रू.में):** 3768768.00 **धरोहर राशि (रू.में):** 75400.00 **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि:** 11.00 बजे 03.09.2024 **निविदा प्रपत्र का मूल्य:**- रु० शून्य **संविदा की अवधि**-12 माह उपरोक्त ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या http://www.ireps.gov.in पर देखे।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजी./प्लांट**
**मुजाधि/यॉंत्रिक-52** **गोरखपुर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

## न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का संकल्प लें अधिवक्ता: जिला जज

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** अधिवक्ता हड़ताल से विरत रहकर न्यायिक प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने का संकल्प लें। यह बात जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने सोमवार को स्थानीय तहसील परिसर में आयोजित बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मैं भी अधिवक्ता रहा हूं। अधिवक्ताओं की समस्याओं से अवगत रहा हूं। न्यायिक अधिकारियों के आवास सुरक्षित स्थान पर होने चाहिए। जो जमीन पहले चिह्नित की गई थी, वह सुरक्षा की दृष्टि से उपयुक्त नहीं थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत कुमार सिंह ने कहा कि बार एवं बेंच का सामंजस्य ही न्यायिक प्रक्रिया को मजबूत करता है। इससे वादकारियों का हित होगा। विशिष्ट अतिथि पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के पुलिस अधीक्षक बृजेश मिश्र ने कहा कि अधिवक्ता समाज का मार्गदर्शक है। एसडीएम उत्तम कुमार तिवारी ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के आवास के लिए एक सप्ताह के अंदर जमीन उपलब्ध कराए जाने का प्रयास किया जाएगा।

# न्यूगो ने दूसरी वर्षगांठ मनाई, कार्बन उत्सर्जन से मुक्त 45 मिलियन से ज्यादा किमी की यात्रा की

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

एवरसोर्स कैपिटल द्वारा प्रवर्तित ग्रीनसेल मोबिलिटी के भारत के प्रमुख इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस ब्रांड, न्यूगो अपनी स्थापना की दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। इसके तहत कंपनी की दो वर्षों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों को सराहा गया और आगामी वर्षों के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप तैयार किया गया है। न्यूगो बसों ने अपनी लॉन्च के दो साल के भीतर कार्बन उत्सर्जन से मुक्त लगभग 50 मिलियन किलोमीटर की दूरी तय की है। कंपनी ने सामूहिक परिवहन उद्योग में बड़ा बदलाव लाकर अपने सभी मेहमानों को विश्वसनीय, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान किया है। न्यूगो अपने लॉन्?च के 2 साल के भीतर महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करने वाला पहला इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस ब्रांड बन गया है।
भारतीय न केवल ज्यादा से ज्यादा यात्रा कर रहे हैं, बल्कि वे बेहतर ढंग से यात्रा भी चाहते हैं। दो साल पहले



न्यूगो ने शहरों में यात्रा के अनुभव को बदलने के अभियान की शुरुआत की। उपभोक्ताओं को शानदार अनुभव और स्थिरता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ, न्यूगो ने 80 बसों के साथ अपना सफर शुरू किया। आज न्यूगो के पास 250 से अधिक इलेक्ट्रिक एसी बसों के बेड़ा है। 500 से ज्यादा रोजाना शेड्यूल के हिसाब से चलने वाली बसों के साथ न्यूगो भारत के प्रमुख इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस ब्रांड के रूप में उभरा है। न्यूगो ने 2022 से अब तक देश भर के 110 से ज्यादा शहरों में 50 लाख से अधिक यात्रियों को यात्रा कराई है। 10 मिलियन लीटर से अधिक डीजल की बचत और शून्य टेलपाइप उत्सर्जन के साथ इन बसों ने 30 मिलियन किलो से अधिक कार्बन उत्सर्जन को रोका है। ग्रीनसेल मोबिलिटी के एमडी और सीईओ देवेंद्र चावला ने कहा, दो साल पहले, हमने भारत में इंटरसिटी मास मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करने के मिशन की शुरुआत की थी। भारतीय बेहतर तरीके से यात्रा करना चाहते हैं। न्यूगो इलेक्ट्रिक बसों का निर्माण हमारे मेहमानों को विश्वसनीयता, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा कराने के लिहाज से किया गया है। इसके साथ ही यह पृथ्वी पर पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में अपना योगदान देती हैं। न्यूगो द्वारा हासिल की गईं उपलब्धियां न केवल ब्रांड के तेजी से विकास को सामने लाती हैं, बल्कि पर्यावरण में प्रदूषण कम करने के प्रति कंपनी के समर्पण को उजागर करती हैं। ब्रांड की दूसरी वर्षगांठ पर मैं सभी हितधारकों, खासतौर से अपने अद्भुत उपभोक्ताओं को हार्दिक धन्यवाद देना चाहता हूं। उनकी वफादारी और विश्वास ब्रांड की सफलता का आधार हैं। भविष्य में ब्रैंड के विकास की काफी संभावनाएं हैं।

## विजय नारायण सिंह हत्याकांड का मामला हाईकोर्ट रेफर करने की दी चेतावनी

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** विजय नारायण सिंह हत्याकांड के मामले में वादी की मॉनिटरिंग अर्जी पर सीजेएम नवनीत सिंह ने नाराजगी जताते हुए विवेचक को मामला हाईकोर्ट रेफर करने की चेतावनी दी है। सीजेएम ने विवेचना की निगरानी सीओ बल्दीराय को करने का निर्देश देते हुए आदेश की प्रति एसपी को भेजने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 16 सितंबर को होगी। कोतवाली नगर के नरायनपुर गांव निवासी विजय नारायण सिंह की बीती सात अप्रैल को शहर के दरियापुर तिराहे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई सतीश नारायण सिंह ने अंबेडकरनगर जिले के महरुआ थाने के सिलावट गांव के अजय सिंह सिलावट, कोतवाली नगर के पयागीपुर निवासी दीपक मिश्र, पांचोपीरन कस्बा निवासी जयंत मिश्र, डॉ. घनश्याम तिवारी की पत्नी निशा तिवारी समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या व साजिश रचने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था।
विज्ञापन

# निर्यातक जागरूकता कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री ने निर्यात पर दिया जोर

### केन्द्रीय राज्यमंत्री ने स्टेडियम पहुंच खेल गतिविधियों की ली जानकारी एवं हर घर तिरंगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

* मण्डल के जनपदों से आये उद्यमियों ने अपने कारोबार से जुड़ी समस्याएं रखी
* प्रश्नोत्तर के माध्यम से उद्यमियों/निर्यातकों ने व्यापार के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया
* जागरूकता कार्यक्रम गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे उपस्थित





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार और पीलीभीत जिला प्रशासन ने पीलीभीत में, जिसे आमतौर पर बांसुरी नगरी के रूप में जाना जाता हैं। ''निर्यात बंधु योजना'' और विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की निर्यात हब के रूप में जिले पहल के तहत बरेली संभाग के अंतर्गत आने वाले चार जिलों, अर्थात् बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं के उद्योगों के लिए एक ''निर्यातक जागरूकता कार्यक्रम'' का आयोजन जे0पी0 होटल में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जितिन प्रसाद, राज्य मंत्री (वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी), भारत सरकार तथा पीलीभीत से सांसद उपस्थित थे। अपने संबोधन में, श्री प्रसाद ने बाधाओं की पहचान करके तथा क्षेत्र में निर्यात को बढ़ावा देकर वैश्विक अवसरों को खोलने के लिए स्थानीय शक्तियों का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने मौजूदा निर्यातकों से अपने निर्यात को बढ़ाने पर जोर दिया तथा अन्य उद्योगों को अपने उत्पादों के निर्यात में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से जिलों की अद्वितीय शक्तियों को उपयोग में लाने के लिए तैयार किया गया था। इसका उद्देश्य नए और संभावित निर्यातकों को विदेशी व्यापार के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरणों से लैस करके एमएसएमई को वैश्विक बाजारों पर विजय प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में एमएसएमई निर्यात की सफलता के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया, जिसमें निर्यात नीतियां और प्रक्रियाएं, बाजार अनुसंधान और पहचान, ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग रणनीतियां, लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, और वित्तपोषण विकल्प और जोखिम प्रबंधन शामिल हैं। कार्यक्रम में निर्यातकों की सफलता की कहानियों, मेंथा तेल की खेती और निर्यात की संभावनाओं, भारत सरकार की निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं, कृषि, कालीन और दरी में निर्यात प्रोत्साहन पहलों आदि पर चर्चा की गई। निर्यात उत्पादों के शिपमेंट के लिए लॉजिस्टिक्स के बारे में उद्योगों को जागरूक करने के लिए ई-कॉमर्स सत्र में डाक विभाग के डाक घर निर्यात केंद्र, डीएचएल, अमेजन शामिल थे। बैंक और व्यापार विदेशी मुद्रा सेवाओं पर एक सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें निर्यातकों को उपलब्ध वित्तीय सेवाओं के बारे में बताया गया। इसमें भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी), आईसीआईसीआई बैंक और एक्जिम बैंक के वक्ता शामिल थे। इसके उपरान्त केन्द्रीय राज्यमंत्री (वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी), भारत सरकार जितिन प्रसाद एवं राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें उ0प्र0 संजय कुमार गंगवार ने गांधी स्टेडियम पहुंचकर खेल गतिविधियों के बारे में जानकारी ली एवं हर तिरंगा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त कार्यक्रम में राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें उ0प्र0, संजय सिंह गंगवार, विधायक बरखेडा स्वामी प्रवक्तानन्द, विधायक पूरनपुर बाबूराम पासवान, चेयरमेन आस्था अग्रवाल, गंगाधर पाण्डा, अपर महानिदेशक, सौम्या अग्रवाल मंडलायुक्त, बरेली मण्डल बरेली, पीएमजी बरेली अतुल श्रीवास्तव, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, डाक अधीक्षक बरेली विजय वीर सिंह, अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया, नगर मजिस्टेऊट विजय वर्धन तोमर, उप जिलाधिकारी सदर, उपायुक्त उद्योग संजय कुमार, सहायक आयुक्त आत्मदेव शर्मा, जिला गन्ना अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं उद्योगपतिगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नवागत पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पुलिस व एस एसबी के साथ नेपाल सीमा पर की गश्त

* नवागत पुलिस क्षेत्राधिकारी ने नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव टाटरगंज में की बैठक



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** पूरनपुर सर्किल के नवागत पुलिस क्षेत्राधिकारी इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र में प्रथम बार पहुंच कर भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पुलिस व एसएसबी के साथ पैदल।गश्त किया और नेपाल सीमावर्ती गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक भी किया है।

पूरनपुर सर्किल के नवागत पुलिस क्षेत्राधिकारी विशाल चौधरी इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के थाना हजारा के अंतर्गत भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पहुंचकर पुलिस एवं 49वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों के साथ भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय स्तंभ संख्या 34 पर पहुंचकर पैदल गश्त किया है और भारत। नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के स्तंभों का भी निरीक्षण किया साथ ही सशस्त्र सीमा बल एवं हज़ारा पुलिस को भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर विशेष चौकशी बरतने और संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी करने की बात कही है पैदल गश्त के दौरान 49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की बीओपी चौकी कंबोज नगर के जवान पैदल गश्त में शामिल रहे इसके अलावा नवागत पुलिस क्षेत्राधिकारी विशाल चौधरी नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा उर्फ़ टाटरगंज के जूनियर हाई स्कूल परिसर में ग्रामीणों की बैठक लेते हुए ग्रामीणों से परिचय प्राप्त किया और भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने आनेवाले आने वाले रक्षाबंधन एवं कृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार पर शांति बनाए रखने और नेपाल सीमा पर मानव एवं मादक पदार्थ की तस्करी साथ ही अन्य वस्तुओं की तस्करी के संबंध में ग्रामीणों से वार्ता करते हुए तस्करों की सूचना पुलिस एवं एसएसबी को देने की बात कही है बैठक के दौरान 49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की बीओपी चौकी सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज के जवान और अधिकारी मौजूद रहे।इस मौके पर हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार सहायक सेनानायक सशस्त्र सीमा बल अच्छर सिंह आरक्षी सचिन कुमार टाटरगंज ग्राम प्रधान के पति सतनाम सिंह,सुच्चा सिंह सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।



## ट्रांसफार्मर फुंका: महीनों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र वासी

* सूचना देने के बाद भी नहीं सुन रहा संपूर्णानगर बिजली विभाग
* ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर विद्युत आपूर्ति शुरू कराने मांग की

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** नेपाल सीमा भारती क्षेत्र केगांव सिंघाड़ा उर्फडाल्टनगंज मैं मैं लगभग एक महीना से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीणको अंधेरे म मैं रहना पड़ रहा है ग्रामीणके द्वारा संपूर्ण नगर विद्युतविभाग के क सूचना दकर खराब ट्रांसफार्मर बदलवाने और विद्युत आपूर्ति स सुचारू रूपसे मांग कियाहै मगर बिजली विभाग ग्रामीणकी एक नहींसुन रहा है और ना ही खराब ट्रांसफार्मर ही बदल रहा है ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए विरोधप्रदर्शन शीघ्र विद्युत आपूर्ति सुचारू रूपसे चालू करने की मांग किया है। भारत नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा के सीमावर्ती क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर लगभग एक माह पहले फुंक गया था जिसकी सूचना टाटरगंज ग्राम प्रधान के पति सतनाम सिंह के द्वारा लिखित रूप से संपूर्णानगर बिजली विभाग को दिया गया था मगर अभी तक ट्रांसफार्मर सही नहीं कराया गया है और नाही बिजली विभाग के जेई के द्वारा फोन ही रिसीव किया जाता है।यहां बता दें कि वर्षा ऋतु होने के कारण गांवों में कीचड़ पानी होने एवं कीड़े मकोड़ों के कारण भय बना रहता है तो वही ग्रामीणों को रात के अंधेरे में रहना पड़ता है उधर उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा बिजली विभाग को सख्त निर्देश दिया गया है कि कहीं भी ट्रांसफार्मर फुंकने पर तत्काल उसे बदला जाए और विद्युत आपूर्ति सुचार रूप से देने की तत्काल व्यवस्था की जाए इसके बावजूद भी बिजली विभाग सुन नहीं रहा है और योगी सरकार की छवि को धूमिल कर रहा है ग्रामीणों ने मंगलवार को संपूर्णानगर बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश एवं नाराजगी व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन करते हुए शीघ्र विद्युत आपूर्ति सुचार रूप से चालू कराने की मांग किया है।मांग करने वालों में प्रमुख रूप से टाटरगंज के ग्राम प्रधान के पति सतनाम सिंह,गुरबाज सिंह,सोना सिंह,मंगत सिंह,कृपाल सिंह,गुरमेज सिंह,पप्पू सिंह,धर्मपाल सिंह,गङ्जन लाल,बिट्टू सिंह सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## अटाला मस्जिद के सचिव की निगरानी खारिज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जिला जज वाणी रंजन अग्रवाल ने मंगलवार को अटाला मस्जिद प्रकरण में वक्फ के सचिव की निगरानी निरस्त करते हुए आदेश दिया कि वादी पक्ष स्वराज वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष को वाद दाखिल करने का अधिकार है।अटाला मस्जिद को प्राचीन अटला देवी मंदिर बताते हुए स्वराज वाहिनी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा ने पीस कमेटी जामा मस्जिद व वक्फ अटाला मस्जिद के खिलाफ वाद दायर किया था जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।आदेश के खिलाफ वक्फ अटाला मस्जिद जरिए सचिव फ़ैज़ अहमद ने स्वराज वाहिनी संगठन जरिए प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र व संतोष कुमार मिश्र के खिलाफ जिला जज की कोर्ट में निगरानी दाखिल किया और कहा कि वादी पक्ष को वाद दायर करने का कानूनी अधिकार नहीं है।जिला जज ने निगरानी निरस्त कर दी और आदेश दिया कि वादी पक्ष वाद दाखिल कर सकता है। वाद पोषणीय है या नहीं या कोर्ट को क्षेत्राधिकार है या नहीं, इन बिंदुओं को वक्फ सचिव संबंधित कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं।यह विचारण का विषय है जो उस अदालत द्वारा तय किया जाएगा जहां केस चल रहा है। संतोष कुमार मिश्रा प्रदेश अध्यक्ष स्वराज वाहिनी ने पीस कमेटी जामा मस्जिद (अटाला मस्जिद) मोहल्ला सिपाह के खिलाफ वाद दायर किया कि 13वीं शताब्दी में राजा विजय चंद्र जी ने अटला देवी की मूर्ति स्थापित कर मंदिर बनवाया था जिसमें लोग पूजा कीर्तन करते थे। 13वीं शताब्दी में फिरोज शाह तुगलक ने जौनपुर पर आक्रमण किया।जौनपुर पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया। उसने अटला देवी मंदिर की भव्यता देखकर उसमें तोड़फोड़ कराया। हिंदू धर्मावलंबी के प्रबल विरोध के कारण पूरी तरह तोड़ नहीं पाया और मंदिर के खंभों पर ही मस्जिद का आकार दिया जो वर्तमान में अटाला मस्जिद है जहां इस्लाम धर्म के लोग नमाज इत्यादि करते हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बेसिक शिक्षा अधिकारी ने तिरंगा रैली को दिखाई झंडी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** विकासखण्ड सिरकोनी के सेहमलपुर कंपोजिट विद्यालय में हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया इसका मुख्य नेतृत्व बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल व सहनेतृत्व खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह ने किया। कंपोजिट विद्यालय सेमलपुर सिरकोनी के प्रधानाचार्य रईस खान ने सबसे पहले सभी अतिथियों का स्वागत किया और उसके बाद हर घर तिरंगा रैली के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू किया गया जिसमें सबसे पहले मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू किया गया रिचा सिंह सरस्वती वंदना और छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया और अध्यापकों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर विशिष्ट अधिकारी को सम्मान व स्वागत किया गया बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्यालय के शैक्षणिक एवं भौतिक परिवेश स्वच्छता व कायाकल्प बच्चों के सु अनुशासन हेतु सभी की प्रशंसा की और बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अब्दुल कलाम को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया और अंत में विद्यालय प्रांगण स्थित शहीद सती राम यादव की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम हेतु दिशा निर्देश प्रदान किया और अंत में हर घर तिरंगा रैली के रूप में सभी अध्यापक और अध्यापिकाएं हाथों में झंडा लिए हुए गांव-गांव हर घर तिरंगा रैली निकली गई और खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश कुमार सिंह के द्वारा सभी अध्यापक अध्यापिकाओं को 15 अगस्त के दिन अपने स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम करने के लिए कहा इस अवसर पर रिचा सिंह, अब्दुल कलाम ,रईस खान, अविनाश यादव ,और तमाम अनुदेशक शिक्षामित्र परिचारक रसोईया आंगनबाड़ी एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### नए अधिवक्ताओं की पंजीकरण प्रक्रिया नए तरीके से होगी: अनुराग पांडेय उपाध्यक्ष, बार काउंसिल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मछलीशहर।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय ने बताया की प्रदेश में नए अधिवक्ता पंजीकरण के आवेदन की प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है आवेदन पत्र की सम्पूर्ण प्रक्रिया अब लगभग 3 - 4 माह में पूर्ण होगी, सर्वप्रथम आवेदन पत्र प्राप्त होने पर 45 दिन के अंदर सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन की प्रक्रिया व मुकद्दमों के सम्बन्ध में पुलिस सत्यापन आख्या प्राप्त होगी। यदि किसी थाने से आख्या 45 दिन के अंदर प्रस्तुत नहीं होती है, तो पंजीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी, इसके बाद सम्बन्धित पत्रावली पंजीकरण समिति को भेजी जाएगी। इसके बाद समिति साक्षात्कार हेतु उक्त आवेदक को बुलाएगी। साक्षात्कार में असफल होने पर 3 माह के अंदर दोबारा साक्षात्कार लिया जाएगा। सफल अच्यर्थियों को 2 वर्ष के लिए अस्थाई पंजीकरण प्रदान किया जाएगा तथा उक्त अवधि में ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद स्थाई प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### बीबी बच्चों की हत्या करने वाले आरोपी को मिली उम्र कैद

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश शारिक सिद्दीकी ने मीरगंज थाना क्षेत्र के लासा गांव में पत्नी व दो बच्चों की आप क्या करने वाले पति संदीप कोहार को आजीवन कारावास व ?50,000 अर्थदंड की सजा सुनाया।घटना की रिपोर्ट लासा गांव के चौकीदार रामखेलावन ने थाने पर दर्ज कराया था।19 जुलाई 2017 को करीब 10-00 बजे दिन घरेलू विवाद को लेकर संदीप कोहार ने अपनी पत्नी लक्ष्मीना व तीन वर्षीय बेटे कन्हैया व 2 वर्षीय बेटी रिमझिम की कुल्हाड़ी व कैंची से मारकर घायल कर दिया। रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर पास पड़ोस के लोग आए तो तीनों खून से लथपथ थे। एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। दोनों बच्चों ने जिला चिकित्सालय में दम तोड़ दिया तथा लक्ष्मण की बीएचयू में मृत्यु हो गई। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। सरकारी वकील लाल बहादुर पाल ने गवाहों को परीक्षित कराया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस एवं समस्त साक्ष्यों का परिशीलन करने के बाद संदीप को हत्या के जुर्म में दोषी पाते हुए दंडित किया।

### स्कूल वैन की टक्कर से साइकिल सवार बालक की मौत

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** देहात कोतवाली क्षेत्र के बीरमउवा नई बस्ती के पास सोमवार की सुबह घर के समीप साइकिल चला रहा बालक स्कूल वैन की टक्कर से गिरकर घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर ले जाया गया। वहां से उसे बीएचयू रेफर किया गया। बीएचयू ले जाते समय रास्ते में बालक की मौत हो गई। बीरमउवा नई बस्ती निवासी रूपेश विश्वकर्मा की किराना की दुकान है। सोमवार की सुबह दुकान के सामने उनका आठ वर्षीय पुत्र साइकिल चला रहा था। इस दौरान स्कूली वैन की टक्कर से वह गिरकर घायल हो गया। परिजन बालक को उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बालक की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे बीएचयू रेफर कर दिया। बीएचयू ले जाते समय रास्ते में बालक की मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर आ गए और सूचना पुलिस को दी। पिता रूपेश ने तहरीर देकर बताया कि तेज रफ्तार स्कूल वैन की टक्कर से साइकिल चला रहा उनका पुत्र घायल हो गया। उपचार के लिए बीएचयू ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देहात कोतवाल अजय सेठ ने बताया कि हादसे में बालक की मौत हो गई। स्कूल वैन का पता लगा लिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## अमरिया-मझोला मार्ग को प्रादेशिक राजमार्ग बनाने दियूनीडाम पुल के पुर्ननिर्माण हेतु किया केन्द्रीय मंत्री से आग्रह

* रोजाना हजारों लोग करते हैं इस मार्ग से यात्रा, लम्बे समय से चली आ रही मांग: कपिल अग्रवाल



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल ने अमरिया तहसील के निवासियों की बहुत लम्बे समय से चली आ रही समस्या को पीलीभीत के नवनिर्वाचित सांसद और केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के सन्मुख उठाया हैं। पीलीभीत सांसद को सम्बोधित पत्र के माध्यम से कपिल अग्रवाल ने केन्द्रीय मंत्री और पीलीभीत सांसद को अवगत कराया है कि मझोला नगर को तहसील मुख्यालय अमरिया से जोड़ने वाले एक मात्र मुख्य मार्ग की लम्बाई लगभग 18 किलोमीटर है जो कि सिंगल रोड है और जिस पर डियूनीडाम पर करीब 100 वर्ष पुराना पुल बना हुआ है जिसके जीवन काल की अवधि काफी पहले ही निकल चुकी है और उस पर से वर्तमान में भारी वाहनों का भी आना जाना बंद है ढ्ढ उक्त मार्ग चूँकि जनपद के एक महत्वपूर्व सीमांत नगर को दूसरे से जोड़ता है जो कि तहसील मुख्यालय भी है अतः इसका महत्त्व स्वयं में ही काफी बढ़ जाता है ढ्ढ पीलीभीत सांसद को अवगत कराते हुए कहा गया है कि इस मार्ग की स्थिति काफी बदहाल है और रात्रि में इस पर चार पहिया वाहन से आना जाना बड़ा जोखिम भरा होता है ढ्ढ इस मार्ग से इस तहसील से करीब सौ गाँव के हजारों लोग नित्य निकलते हैं जिनको कि उक्त कारणों से बहुत असुविधा होती है ढ्ढ चूँकि उक्त सेतु के उपयोग की अवधि भी निकल चुकी है इस कारण इस पर आने जाने में भी किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है ढ्ढ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने पीलीभीत सांसद से आग्रह किया है कि उक्त मार्ग इसके उपरोक्तानुसार वर्णित महत्त्व को ध्यान में रखते हुए प्रादेशिक राजमार्ग घोषित करवाकर इसका डबल लेन चौडीकरण करवाने और इस पर बने उक्त सेतु का पुनर्निर्माण करवाने हेतु सम्बंधित विभाग को निर्देशित करने की कृपा करें जिससे इस पूरे क्षेत्र को लोग लाभान्वित हो सकें लोगों की समस्या को पीलीभीत सांसद के समक्ष पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल द्वारा पहुंचा दिया गया है उम्मीद यह ही है कि दशकों से चली आ रही इस समस्या का अब हल हो सकेगा।

## जनप्रतिनिधियों ने नव चयनित सहायक शोध अधिकारियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा 1036 नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के लोकभवन, लखनऊ से सजीव प्रसारण किया गया।

सजीव प्रसारण जनपद स्तर पर देखा एवं सुना गया। इसके उपरान्त गॉधी सभागार, कलेक्ट्रेट एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के स्वास्थ्य विभाग में नवचयनित दो सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) अनिल कुमार एवं पियूष कुमार सिंह को माननीय जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ0 दलजीत कौर एवं विधायक बरखेडा स्वामी प्रवक्तानन्द जी के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक कुमार शर्मा द्वारा दोनों नवनियुक्त सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी गई एवं अपने कार्यो को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वाहन करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी के0के0सिंह, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी अशोक कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## मधुबाला सिंह का शिक्षाशास्त्र में पीएचडी उपाधि के लिए चयन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शिक्षाशास्त्र विषय मे शोध साक्षात्कार हुआ, जिसमें शोधार्थी मधुबाला सिंह को शिक्षाशास्त्र में पीएचडी उपाधि प्रदान किए जाने के लिए अनुमोदन किया गया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक सभागार में मंगलवार को शिक्षाशास्त्र में विषय में पीएचडी की शोधार्थी मधुबाला सिंह का साक्षात्कार विशेषज्ञो ने किया। मधुबाला सिंह समता पीजी कॉलेज का सादात गाजीपुर के शिक्षाशास्त्र विषय में शोध कर रही थी , उन्होंने अपना शोध शिक्षाशास्त्र के एसोसिएट प्रो . डॉ राजदेव यादव के निर्देशन में पूरा किया । उनका शोध कार्य आधुनिक भारत में स्त्री शिक्षा का विकासात्मक अध्ययन उत्तर प्रदेश के विशेष संदर्भ में था। जिस पर उन्होंने पूरे प्रदेश में जाकर स्त्रियों के शिक्षा पर शोध कार्य किया और शिक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डाला । साक्षात्कार के लिए बीएचयू वाराणसी के बाह्य परीक्षक के रूप में प्रोफेसर प्रेमशंकर राम थे ।उन्होंने साक्षात्कार लेकर उन्हें शोध उपाधि प्रदान किए जाने के लिए अनुमोदन किया और शोध उपाधि के योग्य बताया। मधुबाला सिंह की उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री एवं उनके जेठ डॉ निलेश कुमार सिंह मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज की प्रवक्ता व जेठानी डॉ अर्चना सिंह, पति रत्नेश कुमार सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह परिवार के लिए गौरव की बात है।

## ईओ ने एमआरएफ सेंटर एवं वार्डों में हो रहे निर्माण कार्य एवं साफ-सफाई का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



गौराबादशाहपुर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी शशिकांत तिवारी ने एम आर एफ सेंटर एवं वार्डों में हो रहे निर्माण कार्य एवं साफ- सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर के ईओ शशिकांत तिवारी ने नगर पंचायत की वार्ड गौरा दक्षिण, गौरा उत्तरी, बमैला, बंजारेपुर दक्षिण में पहुंचकर हो रहे निर्माण कार्य एवं सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण में ईओ ने विद्यालयों में शौचायलयों की एवं कैंपस में साफ-सफाई व्यवस्था को देखा। ईओ ने सफाई सुपरवाइजर को नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी परिषदीय विद्यालयों में एवं उनकी शौचायलयों की साफ- सफाई की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए निर्देश दिया। तथा वार्डों में हो रहे निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द कंप्लीट करने का निर्देश ठेकेदारों को दिया। एम आर एफ सेंटर में होने वाले कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। ईओ शशिकांत तिवारी ने लिपिक हरेंद्र बिंद को निर्देश देते हुए कहा कि नगर पंचायत के किसी भी वार्ड में इंटरलॉकिंग मार्ग, सड़क या पक्की नाली पर यदि कोई भी व्यक्ति अपने गाय भैंस बांधता है तो उसको एक बार नगर पंचायत के तरफ से नोटिस दिया जाए। नोटिस देने के बावजूद भी ना मानने पर नगर पंचायत उचित कार्यवाही करेगी। विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से कहा कि विद्यालयों में किसी प्रकार की कोई शिकायत रहे तो व्हाट्सएप ग्रूप पर या सीधा उन्हें कॉल करके अवगत कराएं। त्वरित उक्त शिकायत का निराकरण होगा।

> नगर पंचायत के इंटरलॉकिंग, पक्की नाली या सड़क पर बंधे मिले पशु तो नोटिस देने के बाद होगी कार्यवाही
> -ईओ

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक गंभीर

**जन एक्सप्रेस/ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज-हलिया मार्ग पर स्थित महोगढ़ी गांव के पास रविवार की रात नौ बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को पीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरो ने ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। जहां डॉक्टर ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक को उपचार के बाद प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल रेफर कर दिया। जहां युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के पटेहरा गांव निवासी अंबुज कुमार (20) पुत्र मंगला प्रसाद गांव के अपने साथी आनंद (18) पुत्र अवधेश तथा विपिन उर्फ गोलू (22) पुत्र कलेक्टर के साथ रविवार को देर शाम को बाइक से ड्रमंडगंज बाजार गए थे। रात करीब नौ बजे ड्रमंडगंज बाजार से सामान खरीदकर तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर आ रहे थे। रास्ते में महोगढ़ी गांव के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी।

# नवाब सिंह पर रेप की कोशिश के आरोप की स्टोरी में छेद भी कम नहीं

## नवाब की गिरफ्तारी से गरमाई राजनीति, बयान दर बयान जारी

जन एक्सप्रेस | कन्नौज

कभी अखिलेश यादव और डिंपल के सबसे खास रहे नवाब सिंह यादव अब जेल में है। नाबालिग लड़की से रेप की कोशिश में गिरफ्तारी के बाद सोमवार को कोर्ट ने उन्हें 14 अगस्त तक के लिए जेल भेज दिया।

नवाब पर 15 साल की लड़की के कपड़े उतारने, रेप की कोशिश करने का आरोप है।

लड़की अपनी बुआ के साथ आरोपी के डिग्री कॉलेज गई थी। पुलिस ने आरोपी को उसके कॉलेज से गिरफ्तार किया था।

जिस वक्त पुलिस की रेड चल रही थी उस वक्त का वीडियो भी सामने आया है।

इसमें पीड़िता की बुआ नवाब सिंह के साथ बैठी हुई नजर आई। जेल जाते वक्त नवाब ने कहा- ये पुलिस और कुछ पूंजीपतियों की साजिश है। भाजपा के कई नेताओं ने घेरा तो सपा ने नवाब से किनारा कर लिया।





### आरोप लगाने वाली नाबालिग कौन है?

पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब पर रेप की कोशिश का आरोप लगाने वाली नाबालिग लड़की के बारे में गांव वालों का कहना है कि नाबालिग पीड़िता न तो गांव में पैदा हुई, न ही यहां पढ़ाई की। एक महीने से वह बुआ के साथ यहां आती-जाती दिखती थी। गांव में पिछले कुछ सालों से पीड़िता के बाबा और दादी ही रहते हैं। वह भी पश्चिम यूपी के एक जिले में नौकरी करते थे। दादी को ब्रेस्ट कैंसर होने के बाद दोनों गांव आ गए। अब परिवार साल दो साल में कभी कभार आता-जाता है। घटना के वक्त के वायरल वीडियो की बात करें तो नवाब की गिरफ्तारी के तुरंत बाद 2.04 मिनट का वीडियो सामने आया। इसमें नाबालिग लड़की के पीछे कुछ लोग वीडियो बनाते चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो पुलिस ने ही बनवाया है। सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के मुताबिक महिला के आरोप के बाद गिरफ्तारी से पहले ऐसी वीडियो रिकार्डिंग जरूरी है। वीडियो में 8वें सेकेंड में लड़की से पहला सवाल पूछा जाता है- कहां पर थी, किस कमरे में थी? लड़की जवाब देती है- वह सामने वाले कमरे में बताई। पुलिस को लोकेशन ट्रेस करने में थोड़ी दिक्कत हुई। 1.51 बजे पुलिस मौके पर पहुंची। पीआरबी ने पूरी घटना की जानकारी नजदीकी थाने के एसएचओ को दी। 5 से 7 मिनट के अंदर कन्नौज कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंची। टीम का नेतृत्व स्वयम एसपी अमित कुमार आनंद कर रहे थे इस टाइमिंग को लेकर एसपी से सवाल पूछा। उन्होंने जवाब दिया-बयान के आधार पर केस दर्ज किया गया है। बाकी जांच का विषय है। एसपी के जवाब के बाद भी यह 3 सवाल हैं...

### नवाब की गिरफ्तारी पर राजनीति में क्या-क्या ?

- कन्नौज में सपा के दूसरे गुट को हो सकता है फायदा कन्नौज के सपा नेता या कार्यकर्ता खुलकर कैमरे के सामने नहीं आ रहे हैं, लेकिन दबी जुबान में कन्नौज के दूसरे गुट पर आरोप लगा रहे हैं। दरअसल, कन्नौज से सपा के एक ब्राह्मण नेता, जिन्हें 2012 में नवाब सिंह यादव पार्टी में लेकर आए थे, उन्हें सीधा फायदा होता दिख रहा है।
- बताया जाता है कि 2007 में वह बसपा से तिर्वा विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं। 2017 में कन्नौज नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद का भी चुनाव लड़ा था। 2017 में जब अखिलेश और नवाब के बीच दूरियां बढ़ी तो यह ब्राह्मण नेता अखिलेश के करीब आने लगे लेकिन, 2024 लोकसभा चुनाव में नवाब एक बार फिर अखिलेश यादव से जुड़ गए। हालांकि, जो आत्मीयता पहले थी, वह अभी भी नहीं थी।
- इस बीच पीडीए का प्रदर्शन भी चुनाव में बेहतर होने की वजह से यूपी सहित देश में अखिलेश का ग्राफ तेजी बढ़ता चला गया। कन्नौज के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक कहते हैं- पता चला कि सपा नेता ने एक युवती को नौकरी दिलाने के नाम पर रेप का प्रयास किया। सपा का मूलमंत्र बन गया है, जितना बड़ा अपराधी उतना बड़ा समाजवादी। अयोध्या के बाद कन्नौज में इस तरह की घटना होने से अब तो इस पार्टी का नाम बलात्कारी पार्टी होना चाहिए। इस तरह की घटना का सामने आना समाजवादी पार्टी का चरित्र उजागर कर रही है। जो भी आरोपी पकड़े गए हैं वो समाजवादी पार्टी के नेता के साथ-साथ अखिलेश के भी करीबी रहे हैं। भाजपा की सरकार है। निश्चित रूप से आरोपियों पर कार्रवाई होगी।

### राहुल-अखिलेश की रैली के दौरान मंच पर दिखे

कन्नौज में सपा पार्टी से जुड़े एक नेता ने बताया- मई 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल-अखिलेश यादव की संयुक्त रैली हुई थी। तब नवाब मंच पर पहुंच गए हालांकि, वहां अखिलेश कुछ नहीं बोले, लेकिन बाद में नाराज हुए। 24 साल में नवाब स्थानीय सपा कार्यकर्ताओं के लिए इतना बड़ा नाम बन चुके थे कि सीधे कोई उनका विरोध नहीं कर सकता था।

### 3 सवाल हैं

- सवाल नंबर 1- यूपी 112 लोकेशन बेस्ड सर्विस है, तो लोकेशन ट्रेस करने में क्यों दिक्कत आई?
- सवाल नंबर 2- नवाब सिंह के साथ बैठी महिला ने अगर पीड़िता से फोन कर पुलिस को बुलाने को कहा तो खुद नवाब सिंह के पास क्यों बैठी रही?
- सवाल नंबर 3- पुलिस की वीडियो ग्राफी में तीन किरदार हैं- पीड़िता, पीड़िता की बुआ और नवाब सिंह। उनके अलावा कोई नहीं दिख रहा है। इतने बड़े कॉलेज में कोई चौकीदार भी नहीं था?

### सपा ने कहा- आरोपी पार्टी का सदस्य भी नहीं

सपा जिलाध्यक्ष मोहम्मद कलीम खान ने इस मामले में लेटर जारी किया है। उन्होंने लिखा- नवाब सिंह यादव सपा का नेता नहीं है। इसलिए उसका नाम पार्टी से न जोड़ा जाए। वह 5 साल से पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त था। हालांकि अखिलेश यादव ने 25 जुलाई को नवाब सिंह यादव की मां की मौत पर दुख जताया था। उन्होंने लेटर भी लिखा था।

### सपा नेता का सवाल 15 साल की लड़की किस नौकरी की तलाश में थी?

सपा नेता जूही सिंह ने कहा- रेप की कोशिश का आरोप सपा के एक पुराने नेता पर है। मैंने अभी-अभी एसपी की बाइट सुनी है। लड़की 15 साल की थी, तो वह किस तरह की नौकरी की तलाश में थी? अगर लड़की के साथ छेड़छाड़ हुई है, तो लड़की को न्याय मिलना चाहिए।

हम नार्को टेस्ट और डीएनए टेस्ट की मांग करते हैं। हम यह भी मांग करते हैं कि किसी पर भी आरोप लगाने से पहले ठोस सबूत होने चाहिए और अगर कोई साजिश है, तो इस साजिश में शामिल लोगों को भी सजा मिलनी चाहिए। न्याय सभी के साथ होना चाहिए।

### पूर्व सांसद बोले- सपा सरकार में मिनी मुख्यमंत्री था नवाब सिंह यादव

कन्नौज के पूर्व भाजपा सांसद सुब्रत पाठक ने कहा- एक नाबालिग को अपने कॉलेज में बुलाकर और उसके साथ रेप का प्रयास करना, खुद आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े जाना, ये बहुत ही शर्मनाक है। ये घटना सपा के चरित्र को दिखाती है। ये सपा नेता डिंपल यादव के प्रतिनिधि रहे हैं। अखिलेश का भी ये बहुत करीबी है। बड़े नेताओं से करीबी के कारण इसे मिनी मुख्यमंत्री भी कहा जाता था। अयोध्या के बाद ये सपा का दूसरा मामला है।

सपा के लोग क्या इसीलिए स्कूल-कॉलेज बना रहे हैं कि वहां जाकर ये काम कर सकें। अभी सरकार नहीं है तो ये हाल है। सरकार आ गई तो किसी भी घर की बहू-बेटी सुरक्षित नहीं बचेगी। पूर्व में जो सपा के संस्थापक थे, वो कहते थे लड़के हैं-लड़कों से गलती हो अब अध्यक्ष कह रहे हैं कि बुजुर्गों से गलती हो जाती है, लेकिन गलती तो तभी होती है न, जब गलती करने के लिए कहा जाता है। सपा को अब बलात्कारी पार्टी कहा जाएगा।

### भाजपा ने कहा- पहले अयोध्या, अब कन्नौज, यही सपा का असली चरित्र

भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा- आरोपी नवाब सिंह यादव सपा का छुटभैया नेता नहीं, बल्कि डिंपल यादव का सांसद प्रतिनिधि भी रहा है। सपा लड़के हैं लड़कों से गलतियां हो जाती हैं की नीति के तहत ऐसे अपराधों पर हमेशा पर्दा डालती रही। पहले अयोध्या का मोइद खान और अब कन्नौज का नवाब यादव, यही सपा का असली चरित्र है।

### मंत्री राजभर बोले- किसी को बख्शा नहीं जाएगा

मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा- यह बहुत दुर्भाण्यपूर्ण घटना है। राज्य में कानून का राज है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उचित कार्रवाई की जाएगी। सपा नेता कथित अयोध्या गैंगरेप की घटना के आरोपियों का डीएनए टेस्ट कराने की मांग कर रहे थे। उन्हें यहां भी डीएनए टेस्ट कराना चाहिए।

### नौकरी देने के बहाने से नाबालिग और उसकी बुआ को बुलाया

पुलिस ने बताया कि आरोपी नवाब सिंह यादव का चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय के नाम से कॉलेज है। रविवार शाम को वह कॉलेज में था। उसने नौकरी देने के नाम पर नाबालिग और उसकी बुआ को कॉलेज बुलाया। देर रात तक दोनों को कॉलेज में बैठाए रखा। कॉलेज में ही उसने बच्ची से जबरदस्ती की। तभी बुआ कमरे में आ गई। बुआ के कहने पर नाबालिग ने पुलिस को 112 पर फोन कर दिया। थोड़ी देर बाद पुलिस पहुंच गई और आरोपी को कमरे से पकड़ लिया। कन्नौज के एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया- रात में तिर्वा थाने की पुलिस के पास किसी बच्ची का फोन आया। उसने बताया कि जबरन उसके कपड़े उतारे गए हैं। रेप की कोशिश की गई। इस सूचना पर पुलिस मौके पर चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय पहुंची। वहां से आरोपी को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा। मामले की जांच की जा रही है।

### नाबालिग ने ही दी पुलिस को एप्लिकेशन

इस मामले में नाबालिग ने ही एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, रात 1:30 बजे 112 नंबर पर कॉल आई कि लड़की से गलत काम करने का प्रयास किया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची तो बच्ची के आधे शरीर पर कपड़े नहीं थे। जबकि सपा नेता बेड पर लेटा था। बताया जा रहा है कि नाबालिग की बुआ 5 मिनट के लिए टॉयलेट गई थी, जब वापस आई तो देखा लड़की का टॉप उतरा हुआ था।

### ब्लॉक प्रमुख रहा है नवाब सिंह

नवाब सिंह यादव कन्नौज के पीएसएम पीजी कॉलेज का छात्र संघ अध्यक्ष रह चुका है। अखिलेश के कन्नौज से सांसद बनने के बाद नवाब सिंह ने सपा जॉइन कर ली। नवाब सिंह समाजवादी लोहिया वाहिनी का जिलाध्यक्ष भी रहा है। वह कन्नौज का ब्लॉक प्रमुख भी रह चुका है। नवाब सिंह की गिरफ्तारी को समर्थकों ने साजिश बताया है। उनका कहना है कि यह साजिश है। पीड़िता की मां पहले समाजवादी पार्टी में थी। वह अब भाजपा में शामिल हो चुकी है। तभी वो फंसा रही है। कोर्ट के बाहर नवाब सिंह के समर्थकों की भीड़ लगी हुई है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

### लखनऊ से लौटी थी पीड़िता और उसकी बुआ

पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि 11 अगस्त को पीड़िता अपनी बुआ के साथ लखनऊ आई थी। वहां से वो लोग तिर्वा वापस गए। फिर वहां से ऑटो में सवार होकर नवाब सिंह यादव के कॉलेज चौधरी चंदन सिंह महाविद्यालय पहुंचे।

## बिल्हौर एसडीएम और एसीपी ने इंटर कॉलेज पहुंचकर बच्चों और अभिभावकों से बात की

**हिजाब/नक़ाब की बात बुधवार को भी होगी**

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर इंटर कॉलेज में लगभग 20 दिनों से कक्षा 12 में पढ़ने वाली छात्राएं हिजाब/ नकाब पहनकर आ रही थी पहले एक छात्रा ने पहना फिर तीन बच्चियों ने पहना फिर शिक्षिका के मना करने पर वह भिड़ गई पिछले दिनों शिक्षकों की शक्ति के चलते अभिभावकों को बुला लिया गया वहीं पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुजीत कुमार यादव ने अभिभावकों व छात्राओं से बात की और कहा की ड्रेस कोड में ही स्कूल के अंदर आना पड़ेगा आप गेट के अंदर घुसने से पहले आप स्कूल की ड्रेस कोड में ही आए। इसके बाद में ड्रेस कोड में ही विद्यालय के अंदर प्रवेश करें रोज नए-नए अफवाहों का बाजार गर्म हो रहा था खबरों के माध्यम से कानपुर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने संज्ञान लेकर एसडीएम रश्मि लांबा और एसीपी अजय त्रिवेदी को मंगलवार को भेज कर वहीं पर प्रबंधक प्रभाकर श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य कार्यवाहक सुरजीत कुमार यादव, अभिभावकों और छात्रों के साथ बैठकर एक-एक कर बात की इसके बाद में आम सहमति बनी कि बच्चे स्कूल गेट के अंदर प्रवेश करने से पहले दूसरा गेट पड़ता है इस बीच में ड्रेस कोड के हिसाब से ड्रेस पहन लें फिर विद्यालय में प्रवेश करें। मुस्लिम महिलाओं ने बताया कि हम अपनी बच्चियों को पढ़ाने आए हैं यहां पर नेता नगरी नहीं करने आए हैं हमारे बच्चों का साल बेकार होगा हम दूसरे विद्यालय में कहां जाएंगे हमारी बच्चियों को किसी ने वरगला दिया है हम लोग इसके पक्षधर नहीं है। हमारे बच्चे स्कूल ड्रेस में ही शिक्षा ग्रहण करने आएंगे। अधिकारियों ने बताया कि सहमति बन गई है एक छात्रा जो आज नहीं आई है कल उसको बुलवाया गया है उनसे भी बात कर समस्या का हल पूर्ण रूप से निकला जाएगा।

## एसडीएम और बीईओ ने खेतों में चलकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरौली जाने के रास्ते को देखा

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के बरौली ग्राम सभा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जाने वाले रास्ते में जल भराव और झाड़ियां जमने की वजह से बरसात में बच्चों को दिक्कतो का सामना करना पड़ता है जिसको लेकर उप जिलाधिकारी रश्मि लंबा और खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह और ग्रामीणों ने लगभग 200 मीटर की दूरी खेतों की मेड़ों और पगडंडियों से होकर स्कूल पहुंचकर वहां बच्चों से आने-जाने की दिक्कतों के बारे में पूछा भोजन व्यवस्था और पढ़ाई के बारे में भी बच्चों से पूछताछ की वहां पर मौजूद ग्रामीणों को भी समझाया जिनके खेत थे बच्चे आप सबके ही आते हैं आप सभी थोड़ा-थोड़ा सहयोग कर देंगे तो अच्छा रास्ता बनवा दिया जाएगा बच्चों को किसी भी मौसम में आने में दिक्कत नहीं होगी वहीं पर दूर से शिक्षक अपनी मोटरसाइकिल आदि लेकर के भी



स्कूल तक आ सकेंगे अभी वह दूर ही खड़ी कर देते हैं वहां से पैदल उनको जाना होता है स्कूल की स्थिति और बच्चों से बात करने के बाद में दोनों अधिकारी पैदल खेतों से होते हुए हर खेत के बारे में ग्रामीणों से पूछते हुए अपनी कार तक पहुंचे वहां पर पहुंच कर बताया कि जल्द इसका रास्ता ढूंढ लिया जाएगा ग्रामीणों से सामंजस बैठालकर चौपाल में निर्णय लिया जाएगा।

## बिल्हौर सीएचसी जाने वाली सड़क कटने लगी परित्यक्ता खैराबाद में चिकित्सालय के पास

**चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते सड़क के ऊपर से गुजर रहा है पानी**

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर कस्बे से रेलवे लाइन के किनारे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाली सड़क ककवन रोड रेलवे फाटक से लगभग 700 मी सड़क रेलवे लाइन के किनारे किनारे बनी है अस्पताल पहुंचने से पहले ही परित्यक्ता बिल्डिंग खैराबाद नेत्र चिकित्सालय की है वहां पर खेतों की तरफ से आने वाला पानी सड़क के ऊपर से गुजर रहा है बहाव अधिक होने की वजह से सड़क टूटना शुरू हो गई है जल्द इसमें कोई मजबूत उपाय न किया गया तो अस्पताल जाने वाली एंबुलेंस, गाड़ियां दर्जनों गांव से आने वाली गर्भवती महिलाएं बैट्री रिक्शा से आती है मोटरसाइकिल चार पहिया वाहन निकलना बंद हो जाएंगे वहीं पर ग्राम सभा इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है जबकि इस सड़क के किनारे-किनारे से पहले नालानुमा बनी हुआ है लेकिन मकान सड़क किनारे बनने पर उन लोगों ने नाली और नाले को पाट दिया है जिससे पानी का आगे का बहाव रुक गया है जब यह नहीं खोला जाएगा किसी समय भी यह जब रास्ता बंद हो जाएगा तो अस्पताल लोग बहुत दूरी तय करके ही पहुंच पाएंगे जिस का ककवन रोड से आने वाले मरीजों को फाटक क्रास करके जीटी रोड घूम कर जाना पड़ेगा।

## डीएम के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चलाया अभियान

**खराब सामान बेचने वाले दुकानदार को दिया नोटिस**

जन एक्सप्रेस | हमीरपुर

स्वतन्त्रता दिवस एवं रक्षाबन्धन के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन,द्वारा अधोहस्ताक्षरी के निर्देशन एवं नेतृत्व में सचल दल गठित कर अभियान चलाया गया।

उक्त कार्यवाही में जनपद के अन्तर्गत सुमेरपुर क्षेत्र से नेहा स्वीट सेंटर से एक पनीर तथा एक बूंदी लड्डू एवं घंटा वाले स्वीट सेन्टर से एक बूंदी लड्डू एवं रामबाबू गुप्ता स्वीट सेंटर से एक मावा का नमूना सहित कुल चार नमूनें संग्रहीत कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया।

जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उक्त कार्यवाही के दौरान नेहा स्वीट सेंटर में फफूंद लगे हुये बूंदी के लड्डू, बर्फी एवं मेवा लड्डू की मात्रा लगभग बीस किलोग्राम को नष्ट कराया गया तथा उक्त खाद्य कारोबारकर्ता को साफ सफाई के निर्देश देते हुए सुधार नोटिस दिया गया। सचल दल में श्री गिरीश वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं राम सूरत यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ गौरी शंकर सम्मिलित रहे। यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

### गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं पर पदार्थ का ही विक्रय करें, डॉ. गौरी शंकर

सहायक आयुक्त खाद्य डा.गौरी शंकर ने समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील कि, गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं पेय पदार्थों का ही विक्रय करें, प्रतिष्ठान में ढक्कनदार डस्टबिन रखें, प्रतिष्ठान में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें, प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों का निर्माण व विक्रय करते समय हेड कैप, एप्रेन का प्रयोग अवश्य करें, मिठाई विक्रय से सम्बन्धित खाद्य कारोबारकर्ता प्रतिष्ठान पर मिठाई का निर्माण किये जाने वाले खाद्य तेल,घी अन्य खाद्य तेल का उल्लेख अवश्य करें, तथा प्रतिष्ठान में खाद्य पंजीकरण व लाइसेंस एवं रेट लिस्ट दर्शनीय स्थान पर चस्पा करें। खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पाये जाने पर विभाग द्वारा कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## सहायक शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा मांगों का ज्ञापन



जन एक्सप्रेस | उन्नाव

जनपद के सहायक शिक्षकों ने 13 अगस्त, को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ये शिक्षक उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बेनिफिट्स एक्ट 1961 के तहत अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं। ज्ञापन में उन्होंने अपने पूर्व के शिक्षामित्र कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की अपील की है।शिक्षकों का कहना है कि वे पहले शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे और सहायक अध्यापक बनने से पहले उन्होंने डायट पर 30 दिवसीय प्रशिक्षण भी पूरा किया था। 28 मार्च 2005 से पहले उन्होंने उन्नाव जनपद के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षामित्र के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। शिक्षामित्र के पद पर किए गए कार्यों के अनुभव के आधार पर उन्हें 68500, 69000, और अन्य भर्तियों के तहत सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्ति मिली थी।ज्ञापन में उन्होंने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश, जिसमें संजय सिंह बनाम राज्य सरकार का उल्लेख है, का हवाला दिया। इस आदेश में कहा गया है कि तदर्थ शिक्षक यदि आयोग द्वारा निर्धारित सामान्य भर्ती प्रक्रिया में चयनित होता है, तो उसकी नियुक्ति तिथि नई नियुक्ति के बजाय तदर्थ नियुक्ति मानी जाएगी, जिससे उसे पुरानी पेंशन का लाभ मिल सके।पेंशन नियमावली 1961 के नियम 3(8) के तहत यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि कोई अस्थाई कर्मी उसी विभाग में नियमित होता है या दूसरा पद ग्रहण करता है, तो पुरानी पेंशन के लिए उसकी अस्थाई सेवा को नियमित सेवा में जोड़ा जाएगा। इसी तरह के आदेश शीला देवी बनाम हिमाचल प्रदेश केस में भी दिए गए हैं।

शिक्षकों ने निवेदन किया है कि चूंकि उनकी नियुक्ति 28 मार्च 2005 के पहले शिक्षामित्र के पद पर हुई थी और विज्ञापन भी इसी तारीख से पहले जारी हुए थे, इसलिए उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए।

उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से अनुरोध किया कि विकल्प पत्र भरवाने की प्रक्रिया को तत्काल शुरू किया जाए।

आज इस ज्ञापन को सौंपने वाले शिक्षकों में गंगा बक्श, बीरेंद्र सिंह, राजेश दीक्षित, संतोष कुमार, पवन कुमार, रामेन्द्र द्विवेदी, योगेश कुमार, शोभनाथ, स्नेह कुमार सिंह, अनिल कुमार, रजय पाल यादव, अजय सिंह, श्री राम, संजय सिंह, और अरुण कुमार सहित अन्य कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## बम बम भोले के जयकारों के साथ भक्तों ने किया जलाभिषेक

जन एक्सप्रेस | रवींद्र कुमार भारतवंशी

हमीरपुर। कस्बा सरीला में स्थित प्राचीन श्री शल्लेश्वर मंदिर में सोमवार के सुबह 4:00 बजे से ही सैकड़ो भक्तों ने मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक कर अपने श्रद्धा भाव अर्पण किये। पवित्र सावन माह के चौथे सोमवार को बसरिया गांव में पहुंचकर सैकड़ो भक्तों ने बेतवा नदी का जल लेकर पैदल चलकर श्री शल्लेश्वर धाम सरीला पहुंचे। विभिन्न गांव में कांवरियों के लिए जलपान, फलाहार



व्यवस्था की गई थी। बम बम भोले के जयकारों के साथ मंदिर पहुंचकर सभी कांवरियों ने गंगाजल, दूध, बेल पत्र से भोले शंकर का जलाभिषेक किया। दोपहर 1:00 बजे के बाद मंदिर में भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शिव महापुराण कथा का आरम्भ होता है, जिसको सैकड़ो भक्त सुनने के लिए मंदिर आते हैं। शिव महापुराण शास्त्री कथावाचिका आराध्या दीदी ने भक्तों को शिव की महिमा के बारे में विस्तार से बताया। कथा उपरान्त सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

## ककवन ब्लॉक प्रमुख पुत्र की अगुवाई में महारानी अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि मनाई गई

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन ब्लॉक प्रमुख पुत्र की अगुवाई में मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि पर ब्लॉक ककवन के ग्राम कोठीपुरवा में समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया। उन्होंने कहा महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी अँधेरे में प्रकाश-किरण के समान थीं, जिसे अँधेरा बार-बार ग्रसने की चेष्टा करता रहा लेकिन अपने उत्कृष्ट विचारों एवं नैतिक आचरण के चलते ही समाज में उन्हें देवी का दर्जा मिला। समाज सेवा के प्रति उनका अटूट समर्पण हमें समाज के हित में काम आने के लिए हमेशा प्रेरित करता रहता है।



आत्म प्रतिष्ठा के मोह को त्याग कर वह मरते दम तक न्याय करने का प्रयत्न करती रहीं। जब चारों ओर शासन और व्यवस्था के नाम पर घोर अत्याचार हो रहे थे। प्रजाजन-साधारण गृहस्थ, किसान मजदूर-अत्यन्त हीन अवस्था में सिसक रहे थे तब उनका एकमात्र सहारा धर्म, अन्धविश्वासों, भय त्रासों और रूढ़ियों की जकड़ में कसा जा रहा था। न्याय में न शक्ति रही थी, न विश्वास। ऐसे काल की उन विकट परिस्थितियों में अहिल्याबाई ने जो कुछ भी किया वह चिरस्मरणीय है। आज के समय में भी अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर ऐसी ही नारी शक्ति की जरूरत है जो समाज को सशक्त कर सके। इस दौरान शीलू पाल, राजकुमार पाल, सुमित, ओम जी, रईस, राहुल यादव सौरभ पाल, खुशी लाल पाल, अंकित पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# कोलकाता में डॉक्टर की हत्या के मामले की जांच सीबीआई के हवाले

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा, 5 दिन हो गए, पुलिस ने कुछ नहीं किया, ऐसे तो सबूत मिटाए जा सकते हैं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार (13 अगस्त) को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस की जांच सीबीआई को सौंप दी है। राज्य सरकार कल सुबह 10 बजे तक सीबीआई को केस डायरी और दूसरे रिकॉर्ड ट्रांसफर करेगी। चीफ जस्टिस टी एस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने केंद्रीय एजेंसी को मामले की जांच सौंपते हुए केवी राजेंद्रन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि दुर्लभ मामलों में निष्पक्ष और सही जांच के लिए यह जरूरी है। हाईकोर्ट ने कहा कि हमने पुलिस को जांच के लिए समय दिया होता, लेकिन मामला अजीब है। घटना के 5 दिनों के बाद भी पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंची है। इस बात की पूरी संभावना है कि सबूत मिटा दिए जाएंगे। इसलिए हमें लगता है कि मामला तुरंत सीबीआई को ट्रांसफर किया जाना चाहिए।




### प्रिंसिपल ने इस्तीफा क्यों दिया, यह समझना मुश्किल: कोर्ट

हाईकोर्ट ने घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ संदीप कुमार घोष के इस्तीफे और दूसरी कॉलेज में उनकी नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन और तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप कुमार घोष सक्रिय नहीं थे। प्रिंसिपल ने अपना इस्तीफा दे दिया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनके इस्तीफे पर क्या आदेश जारी किए गए थे। बल्कि इस्तीफे के 12 घंटे के भीतर 12 अगस्त को उन्हें एनएमसी, कोलकाता का प्रिंसिपल बना दिया गया। यह समझना मुश्किल है कि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया और दूसरे मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल बनाने की क्या जल्दी थी।

### हाईकोर्ट बोला, प्रिंसिपल को छुट्टी पर भेजो या हम ऑर्डर पास करें

हाईकोर्ट ने डॉ संदीप कुमार घोष को छुट्टी पर जाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने बंगाल सरकार से कहा कि उनको लंबी छुट्टी पर भेजिए। ऐसा नहीं हुआ तो हमें ऑर्डर पास करना होगा। उन्हें कहीं काम करने की जरूरत नहीं है। उनको कहिए घर पर रहें। कोर्ट ने सरकार से यह भी पूछा कि पुलिस ने डॉ संदीप घोष से अब तक पूछताछ क्यों नहीं की है। हाईकोर्ट ने कहा कि जांच में कुछ मिसिंग है। जब डॉ. संदीप घोष ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दिया था, तो उन्हें इस्तीफे के तुरंत बाद दूसरे मेडिकल कॉलेज में कैसे नियुक्त किया जा सकता है? उनसे सबसे पहले पूछताछ होनी चाहिए थी, जबकि ऐसा नहीं हुआ।

### प्रिंसिपल ने कहा था, ट्रेनी डॉक्टर मेरी बेटी की तरह

डॉ संदीप घोष ने सोमवार (12 अगस्त) को यह कहते हुए इस्तीफा दिया था कि ट्रेनी डॉक्टर मेरी बेटी की तरह थी। एक पेरेंट के रूप में, मैं इस्तीफा दे रहा हूं। हालांकि, 12 घंटे भीतर राज्य सरकार ने उन्हें कलकत्ता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का प्रिंसिपल नियुक्त कर दिया। इसके लेकर डॉक्टर्स काफी नाराज हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। इनमें एक याचिका ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता की शामिल है, जिसमें उन्होंने अपनी बेटी की मौत की जांच कोर्ट की निगरानी में कराने की मांग की थी।

### हाईकोर्ट ने चिकित्सकों से हड़ताल समाप्त करने की अपील की

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 31 साल की महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से हड़ताल समाप्त करने की अपील की है। कोर्ट ने कहा कि वे एक पवित्र पेशे से जुड़े हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हत्या इतनी वीभत्स थी कि चिकित्सकों और प्रशिक्षुओं का गुस्सा वाजिब है। उनकी पीड़ा जाहिर करना भी ठीक है। बता दें कि पूरे पश्चिम बंगाल में जूनियर डॉक्टर और प्रशिक्षुओं ने घटना के विरोध में मंगलवार को भी काम बंद रखा। वे अस्पताल के कर्मचारियों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग कर रहे हैं। राज्य सरकार को आंदोलनकारी चिकित्सकों से बातचीत करनी चाहिए।

### कोर्ट रूम क्या हुआ

- **विकास रंजन भट्टाचार्य (डॉक्टर के पेरेंट्स के वकील):** हमें पहले बताया गया कि वह (पीड़ित) बीमार थी। फिर कहा गया कि उसने आत्महत्या कर ली। पेरेंट्स को अस्पताल बुलाया गया। उन्हें तीन घंटे तक बैठाए रखा गया। पुलिस ने उन्हें मामला सेटल करने को कहा। सीएम का कहना है कि कुछ दिनों बाद सीबीआई को मामला सौंपेंगे। तब तक तो सबूत ही मिटा दिए जाएंगे।
- **चीफ जस्टिस शिवगणनम:** अगर यह सच है कि किसी ने माता-पिता को यह बताया कि यह बीमार थी और फिर आत्महत्या की, तो कहीं न कहीं चूक हुई है।
- **विकास रंजन भट्टाचार्य (डॉक्टर के पेरेंट्स के वकील):** यह रिकॉर्ड में है कि पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज किया है।
- **राज्य सरकार:** ऐसे सभी मामले अननेचुरल डेथ के रूप में दर्ज किए जाते हैं।
- **कोर्ट:** पीड़ित सिस्टम का हिस्सा थी। उसके प्रति कुछ संवेदना दिखाना चाहिए थी। उन्होंने अपना जीवन सिस्टम के लिए काम करते हुए बिताया। अगर यह सच है कि उनके पेरेंट्स को अस्पताल में इंतजार कराया गया और गुमराह किया गया तो प्रशासन उनके साथ खिलवाड़ कर रहा है। आप मृतक के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं कर सकते।
- **कोर्ट:** प्रिंसिपल ने नैतिक जिम्मेदारी के कारण पद छोड़ दिया था। सरकार ने 12 घंटे के भीतर उन्हें दूसरी नियुक्ति पत्र का रिवॉर्ड दिया। फिर आशंका है कि जांच में समय बर्बाद होने पर कुछ गलत हो जाएगा।
- **विकास रंजन भट्टाचार्य (डॉक्टर के पेरेंट्स के वकील):** उन्हें केस डायरी देने के लिए कहिए। ऐसा पहले भी हो चुका है। मौजूदा सीपी पहले भी जांच में गड़बड़ी कर चुके हैं। दोपहर 2 बजे केस डायरी लाई जाए।
- **राज्य सरकार:** हम कल एक रिपोर्ट दिखाएंगे।
- **कोर्ट:** हम आपको समय देंगे लेकिन आप यह कैसे सुनिश्चित करेंगे कि इस बीच कुछ भी गलत नहीं होगा?
- **राज्य सरकार:** एसीपी-। देखरेख कर रहे हैं।
- **विकास रंजन भट्टाचार्य (डॉक्टर के पेरेंट्स के वकील):** फिर उनका ट्रांसफर हो जाएगा।
- **कोर्ट:** प्रिंसिपल काम नहीं करेंगे। उन्हें लंबी छुट्टी पर जाने दिया जाए। नहीं तो हम ऑर्डर देंगे।
- **कोर्ट:** प्रिंसिपल ने बयान दिया?
- **राज्य:** नहीं। हम ले लेंगे।
- **कोर्ट:** ये क्या है? उनका बयान सबसे पहले होना चाहिए। वे कानून से ऊपर नहीं हैं। यह कैसे हो गया। आप उन्हें क्यों बचा रहे हैं? उन्हें सच बोलने दीजिए। यहां कुछ चूक हुई है।

### पश्चिम बंगाल सरकार से सवाल

कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल सरकार से सवाल किया कि महिला चिकित्सक मामले में शुरुआत में ही हत्या का मुकदमा क्यों नहीं दर्ज किया गया। इसकी जांच अप्राकृतिक मौत वाले एंगल से क्यों शुरू की गई। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने ममता बनर्जी सरकार की तरफ से पेश वकील से यह सवाल तब पूछा, जब उन्होंने दावा किया कि अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है, क्योंकि हत्या की तत्काल कोई शिकायत नहीं मिली थी। न्यायमूर्ति शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक का शव सड़क किनारे नहीं मिला था। अस्पताल के अधीक्षक या प्राचार्य शिकायत दर्ज करा सकते थे।

# भारत-यूएस संबंधों को बनाने में एच1 बी वीजा रहा अहम

## जयशंकर बोले, मुश्किल होने जा रहे हालात



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के संबंधों को आकार देने में अमेरिका में मौजूद भारतीय मूल के लोगों की अहम भूमिका है। जयशंकर ने ये भी कहा कि दुनिया के मौजूदा हालात को देखते हुए अगले पांच साल का उनका पूर्वानुमान भयावह है। विदेश मंत्री ने कहा कि आने वाले समय में पूरी दुनिया में अस्थिरता बढ़ सकती है।

### 'आने वाला समय होगा चुनौतीपूर्ण'

दुनिया की भू-राजनीतिक परिस्थितियों और दुनिया भर में बढ़ रहे तनाव पर भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि हम एक मुश्किल समय से गुजर रहे हैं और अगले पांच वर्षों की बात करें तो आने वाला समय और भी मुश्किल हो सकता है। पश्चिम एशिया, यूक्रेन, दक्षिण पूर्व एशिया और पूर्वी एशिया में जो हो रहा है और कोरोना के बाद जो हालात हैं और दुनिया के सामने जो आर्थिक संकट है, पर्यावरण का मुद्दा है तो आने वाला समय काफी चुनौतीपूर्ण होगा। हर घर तिरंगा अभियान के तहत विदेश मंत्री जयशंकर ने आज अपने आधिकारिक आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

### भारतीय प्रवासी समुदाय की अमेरिका के साथ संबंधों में अहम भूमिका

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि शीत युद्ध की समाप्ति के साथ ही एच1बी वीजा ने भारत-अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई है। जयशंकर ने अपनी बात को समझाते हुए कहा कि जब पंडित नेहरू पहली बार अमेरिका दौरे पर गए थे तो उस वक्त अमेरिका में तीन हजार भारतीय मूल के लोग थे, जब इंदिरा गांधी पहली बार अमेरिका गईं तो वहां 30 हजार भारतीय मूल के लोग थे, जब राजीव गांधी गए तो अमेरिका में तीन लाख भारतीय मूल के लोग थे और जब नरेंद्र मोदी गए तो यह संख्या बढ़कर 33 लाख से ज्यादा हो चुकी है। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों ने अपनी मेहनत, स्किल और प्रतिभा के दम पर अमेरिकी समाज में अपनी जगह बनाई है। लोग किसी भी देश के प्रतिनिधि होते हैं।

### 'भारतीय समुदाय ने भारत की छवि को बेहतर किया'

जयशंकर ने कहा कि जब अमेरिका में लोग भारतीय प्रवासी समुदाय को देखते हैं, जो बहुत अच्छा कर रहे हैं, तो लोग कहीं न कहीं उन्हें देखकर भारत के बारे में अपने विचार बनाते हैं। यही वजह है कि भारतीय प्रवासी समुदाय हमारे लिए बेहद अहम रहा है। जब से भारत और अमेरिका के संबंधों में सुधार देखा गया है, उसमें भू-राजनीतिक परिस्थितियों और शीत युद्ध की भूमिका रही है, लेकिन साथ ही भारतीय प्रवासी समुदाय ने भी दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने में उतनी ही सकारात्मक भूमिका निभाई है। एच-1बी वीजा एक गैर-प्रवासी वीजा है। एच1बी वीजा आमतौर पर उन लोगों को दिया जाता है जो अमेरिका में काम करने के लिए जाते हैं। अमेरिकी कंपनियां दुनियाभर से कुशल कर्मचारियों को नौकरी देने के लिए एच1बी वीजा का सबसे ज्यादा इस्तेमाल करती हैं और एच1बी वीजा के तहत सबसे ज्यादा भारतीय लोग ही अमेरिका जाते हैं। जयशंकर ने ये भी कहा कि भारत और अमेरिका के बीच डिजिटल कनेक्ट स्थापित करने में भी भारतीय प्रवासी समुदाय की अहम भूमिका हो सकती है। अमेरिका में आगामी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर जयशंकर ने कहा कि अमेरिकी जनता जो भी फैसला देगी, हमें विश्वास है कि हम अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ मिलकर काम करेंगे, फिर चाहे वो कोई भी हो।

# जेल से बाहर आएंगे आसाराम

## पहली बार मिली सात दिन की पैरोल, इलाज कराने जाएंगे महाराष्ट्र

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



नाबालिग से ज्यादती के मामले में ताउम्र कारावास की सजा काट रहे आसाराम को पहली बार सात दिन की पैरोल मिल गई है। बताया जा रहा है कि पैरोल की अवधि में आसाराम महाराष्ट्र के माधोबाग में इलाज करवाएंगे। इस दौरान वे पुलिस कस्टडी में ही रहेंगे। आसाराम ने इलाज के लिए पैरोल एप्लिकेशन लगा रखी थी, लेकिन हर बार खारिज हुई। इससे पहले आसाराम को जोधपुर स्थित निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज के लिए पुलिस कस्टडी में अनुमति दी गई थी। वहां आसाराम ने पुणे के डॉक्टर्स की देखरेख में इलाज करवाया था। इसके बाद वापस तबीयत बिगड़ने पर जोधपुर एम्स में भर्ती हुए। आसाराम की ओर से वापस पैरोल एप्लिकेशन लगाई गई, जिसे स्वीकार करते हुए इलाज के लिए 7 दिन की पैरोल के आदेश हुए हैं। इससे पहले भी आसाराम बीमारी को लेकर पैरोल की मांग कर चुके हैं, लेकिन बात नहीं बनी थी। आसाराम की ओर से 20 जून को 20 दिन की पैरोल कोर्ट से मांगी गई थी, लेकिन तब पैरोल कमेटी ने इससे इनकार कर दिया था। 85 वर्षीय आसाराम बापू 2013 से जोधपुर जेल में बंद हैं। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आसाराम को जोधपुर पुलिस ने वर्ष 2013 में इंदौर से गिरफ्तार किया था। आरोप था कि आसाराम ने अपने आश्रम में ही एक किशोरी छात्रा का यौन उत्पीड़न किया था। इस मामले में पांच साल की लंबी सुनवाई के बाद 25 अप्रैल 2018 में कोर्ट ने आसाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# लुटती जाए द्रौपदी

## (कोलकाता कांड विशेष)

चीरहरण को देख कर, दरबारी सब मौन।
प्रश्न करे अँधराज पर, विदुर बने वो कौन।।
राम राज के नाम पर, कैसे हुए सुधार।
घर-घर दु:शासन खड़े, रावण है हर द्वार।।
कदम-कदम पर हैं खड़े, लपलप करे सियार।
जाये तो जाये कहाँ, हर बेटी लाचार।।
बची कहाँ है आजकल, लाज-धर्म की डोर।
पल-पल लुटती बेटियां, कैसा कलयुग घोर।।
वक्त बदलता दे रहा, कैसे- कैसे घाव।
माली बाग़ उजाड़ते, मांझी खोये नाव।।
घर-घर में रावण हुए, चौराहे पर कंस।
बहू-बेटियां झेलती, नित शैतानी दंश।।
वही खड़ी है द्रौपदी, और बढ़ी है पीर।
दरबारी सब मूक है, कौन बचाये चीर।।
लुटती जाए द्रौपदी,जगह-जगह पर आज।
दुश्शासन नित बढ़ रहे, दिखे नहीं ब्रजराज।।
छुपकर बैठे भेड़िये, लगा रहे हैं दाँव।
बच पाए कैसे सखी, अब भेड़ों का गाँव।।
नहीं सुरक्षित बेटियां, होती रोज शिकार।
घर-गलियां बाज़ार हो, या संसद का द्वार।।
सजा कड़ी यूं दीजिये, काँप उठे शैतान।
न्याय पीड़िता को मिले, ऐसे रचो विधान।।
लुटती जाए द्रौपदी, बैठे हैं सब मौन।
चीर बचाने चक्रधर, बन आए कौन।।

- डॉ. सत्यवान सौरभ

# ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे मोहम्मद यूनुस, अल्पसंख्यक छात्रों से की मुलाकात

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश के आंदोलनकारी हिन्दू और अल्पसंख्यक छात्रों ने मंगलवार को अंतरिम प्रशासक मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। यह मुलाकात ढाकेश्वरी मंदिर में हुई। इस दौरान उन आठ सूत्रीय मांगों पर चर्चा की गई, जिसके लिए उन्होंने अल्टीमेटम दिया था। यूनुस ने उनकी मांगों पर गौर करने और अल्पसंख्यकों पर हमले रोकने के लिए जरूरी उपायों का भरोसा दिया है। यूनुस ऐसे समय मंदिर पहुंचे हैं, जब बांग्लादेश में हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे हैं। यूनुस ने ढाकेश्वरी मंदिर में कहा कि देश को संकट से बाहर निकालना होगा। हमें एकजुट होना होगा। यह समय बंटने का नहीं, बल्कि साथ रहने क है। सभी को धैर्य और संयम का पालन करना होगा। हम ऐसा बांग्लादेश बनाना चाहते हैं, जो एक परिवार जैसे रहे।

# स्वतंत्रता दिवस के लिए महिला पंचायत प्रतिनिधियों को न्योता, लखपति दीदियों का होगा सम्मान

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

78वां स्वतंत्रता दिवस पंचायती राज संस्थानों से जुड़ी महिलाओं के लिए भी बेहद खास होने वाला है। दरअसल, पंचायती राज मंत्रालय का कहना है कि 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली के लाल किले में होने वाले समारोह में देश भर के पंचायती राज संस्थानों से जुड़ीं 400 महिलाएं भी शामिल होंगीं। इन सभी को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### लखपति दीदियों-ड्रोन दीदियों का भी होगा सम्मान

उधर, ग्रामीण विकास मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए 45 'लखपति दीदियों' और 30 'ड्रोन दीदियों' को भी आमंत्रित किया गया है। बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सभी को सम्मानित किया जाएगा। आपको बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार ने 'नमो ड्रोन दीदी' और 'लखपति दीदी' जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को शुरू किया है। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन की खरीद पर सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसके अलावा लखपति दीदी स्वयं सहायता समूह की सदस्य होती हैं, जिनकी सालाना कमाई एक लाख से अधिक होती है।



### आज मिलेगा सम्मान

पंचायती राज की महिला प्रतिनिधियों को बुधवार को केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बताया गया है कि बुधवार को एक राष्ट्रीय कार्यशाला का भी आयोजना किया जाएगा। इस आयोजन को किरन बेदी, पुडुचेरी के पूर्व राज्यपाल संबोधित करेंगे। कार्यशाला के दौरान महिला प्रतिनिधियों की उभरती भूमिका पर जोर दिया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान अलग अलग भाषाओं वाले ई-ग्राम स्वराज पोर्टल की भी शुरुआत की जाएगी। इस पोर्टल में भारत की 22 भाषाओं को शामिल किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से अलग अलग भाषा बोलने वाले समुदायों के बीच पहुंच बनाई जाएगी।

# युद्ध क्षेत्र की चुनौतियों को समझने के लिए सामूहिक दृष्टिकोण की जरूरत: पूर्व सेना प्रमुख मनोज पांडे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने आज चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन में युद्ध क्षेत्र में सफलताएं- जीत के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि युद्ध क्षेत्र की चुनौतियों को समझने और उन्हें कुशलता से पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण का उपयोग करने के लिए सामूहिक दृष्टिकोण की जरूरत है। जानकारी के मुताबिक ये कार्यक्रम पश्चिमी कमान ने सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस), नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया था। वहीं पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि सेना को और अधिक अनुकूलनीय बनने का प्रयास करना चाहिए और अधिकारियों से आग्रह किया कि वे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में गहन अध्ययन करें और नई पीढ़ी की युद्ध चुनौतियों के अनुकूल होने के लिए नवाचार करें।



### सैनिकों को सशक्त बनाने के लिए सत्र का हो रहा आयोजन

इस सत्रों का आयोजन इस बात की समझ बनाने के लिए किया गया था कि कैसे उभरती प्रौद्योगिकियों को आत्मसात किया जा सकता है और एकीकृत किया जा सकता है ताकि सैनिकों को सशक्त बनाया जा सके, उनके प्रदर्शन को बढ़ाया जा सके और सेना की परिचालन क्षमता को समग्र रूप से बढ़ाया जा सके। पहले दो सत्रों में चल रहे वैश्विक संघर्षों को आकार देने वाले प्रौद्योगिकी कारकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### कई तकनीकी मुद्दों पर वक्ताओं ने दी जानकारी

रक्षा बलों को प्रभावित करने वाले कई तकनीकी मुद्दों पर प्रमुख वक्ताओं की तरफ से जानकारी दी गई, जिनमें से प्रमुख संघर्षों के बड़े हिस्से का ग्रे जोन में जाना और विकल्प के रूप में उपलब्ध अनुकूली रणनीतियां थीं। बता दें कि कुछ सत्र कई संगठनों, इकाइयों, मानव संसाधन प्रबंधन, प्रशिक्षण, रणनीति और विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के त्वरित अवशोषण की सुविधा के लिए पेश किए जाने वाले परिवर्तनों को समझने के लिए समर्पित थे। इस दौरान संपूर्ण राष्ट्र दृष्टिकोण और स्वदेशी विनिर्माण और अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला गया, ताकि सेना के लिए सैन्य रसद समेत वर्तमान और भविष्य की युद्धक्षेत्र आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकियों को अपनाया जा सके।

# केरल के कोच्चि में एनआईए की छापेमारी, संदिग्ध नक्सलियों के खिलाफ हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आज केरल के कोच्चि में कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी नक्सलवाद से जुड़े कुछ कथित संदिग्धों के ठिकानों पर हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनआईए ने माओवादी नेता मुरलीधरन कन्नमपल्ली के ठिकानों पर छापेमारी की। छापा मारने वाली एनआईए टीम में आठ अधिकारी शामिल रहे। माओवादी नेता साल 2019 में पुणे की यरवदा जेल से रिहा हुआ था। वह साल 1976 में हुए कायन्ना पुलिस स्टेशन हमले में भी आरोपी है। करीब 40 वर्षों तक फरार रहने के बाद महाराष्ट्र की आतंकरोधी पुलिस ने साल 2015 में मुरलीधरन को गिरफ्तार किया था। मुरलीधरन पूर्व आईएफएस अधिकारी कन्नमपल्ली करुणाकरन मेनन के बेटा है।

# अगर मुझे वोट नहीं दोगे तो खातों से लड़की बहिन के पैसे वापस ले लूंगा, विधायक राणा की फिसली जुबान



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के अमरावती जिले के बडनेरा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक रवि राणा ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि अगर वे आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें वोट नहीं देंगी तो वे लड़की बहिन योजना के जरिए महिलाओं को दिए गए पैसे वापस ले लेंगे। महायुति सरकार के सहयोगी राणा ने सोमवार को अमरावती में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान यह टिप्पणी की। जब विपक्षी दलों ने इसे लेकर उन पर निशानाा साधना शुरू किया तो उन्होंने दावा किया कि उन्होंने यह टिप्पणी मजाक में की थी। एकनाथ शिंदे सरकार की प्रमुख मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के तहत राज्य की पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह दिए जाते हैं। राणा ने कहा कि चुनाव के बाद मैं इस राशि को 1,500 रुपये से बढ़ाकर 3,000 रुपये (प्रति माह) करने की कोशिश करूंगा। मैं आपका भाई हूं, लेकिन अगर आपने अभी अपना आशीर्वाद नहीं दिया, तो मैं आपके बैंक खातों से 1,500 रुपये वापस ले लूंगा।

### विपक्ष ने साधा निशाना

इस पर राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने पूछा कि इस योजना के तहत वितरित की गई राशि राणा की है? या फिर यह राशि मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्रियों की है? अब यह साबित हो गया है कि इस योजना की घोषणा चुनावों को ध्यान में रखकर की गई थी। एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि अगर महिलाओं को इस तरह से धमकाया जाता है तो ऐसा करें और फिर देखें कि मैं क्या करती हूं।

### बाद में देनी पड़ी सफाई

इसका जवाब देते हुए राणा ने कहा कि मैंने जो कहा वह मजाक था। जब मैंने यह कहा तो महिलाएं हंस पड़ीं। विपक्षी नेताओं ने इस पर बेवजह हंगामा किया। राज्य सरकार 17 अगस्त को लड़की बहन योजना की पहली दो किस्तें (जुलाई और अगस्त) लाभार्थियों के खातों में जमा करने वाली है।

### इस साल अक्तूबर या नवंबर में हो सकते हैं चुनाव

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव इस साल अक्तूबर या नवंबर में हो सकते हैं। रवि राणा की पत्नी, पूर्व सांसद नवनीत राणा ने इस साल अमरावती संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)